खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मुरादाबाद, गुरुवार 20 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की पेज 2



वनडे रैंकिंग में मिचेल ने ली रोहित की जगह खेल टाइम्स




सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व सम्पादकीय



भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार पेज 12

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने लिखा खुला पत्र

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

■ कहा: कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही



इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने खुला पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया है कि पहले सेना, फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक खतरनाक चलन बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया, उसे गद्दारी तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ राजनीतिक नाराजगी है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है। जब विपक्षी पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह राजनीतिक अवसरवाद है। टीएन शेषन और एन. गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग को बेहद मजबूत और निष्पक्ष संस्था बनाया है, इसलिए आज उस पर बेबुनियाद हमले लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक हैं।

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं: भागवत

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं बल्कि एक सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है। आरएसएस चीफ सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे।



पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश): दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन द्वारा पीएम मोदी का स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश: मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

**पडेरू।** आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली गांव के घने जंगलों में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि भीषण मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मृत माओवादियों की पहचान जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता उर्फ ज्योति, सुरेश, गणेश, वासु, अनीता और शम्मी के रूप में हुई है। मृतक माओवादी जोगा राव उर्फ टेक शंकर दक्षिण क्षेत्रीय समिति का सदस्य और आंध्र-ओडिशा सीमा प्रभारी भी था। एक अन्य मृतक सुरेश माओवादी संचार दल का प्रमुख था, जबकि अनीता जगरकोंडा समिति सदस्य एवं क्षेत्र समिति सदस्य थी। इन सभी मृतक माओवादियों पर इनाम घोषित थे।

### हाईकोर्ट ने उप्र सरकार पर लगाया 15 हजार का हर्जाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 11 वर्षों से विचाराधीन एक जनहित याचिका के मामले में विभागीय उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह मामला मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग करवाने का है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश जयंत सिंह तोमर की याचिका पर दिया है। वहीं, आदेश के बावजूद एनएचएआई और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी जवाब न देने पर भी नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने पहले भी पूछा था कि कि क्या मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग की वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जा सकती है, लेकिन इस बार भी राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने सरकार से निर्देश लेकर जानकारी देने की बात कही।

### राजस्थान में शीतलहर,16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा कई शहरों में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे है। मंगलवार रात 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

# संसद कोर्ट के फैसले नहीं पलट सकती: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान रद्द किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया और कहा कि यह कानून शक्तियों के बंटवारे एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुन: लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों को समाप्त नहीं किया गया। एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए, शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम

■ चार महीने में नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन बनाने का आदेश

आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश, जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती। पीठ ने केंद्र सरकार को चार महीने के अंदर राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग स्थापित करने का भी निर्देश दिया। इसने आगे स्पष्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवम्बर-दिसम्बर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे, ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रैप-3-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।



# अल-फलाह विवि के कुलाधिपति 13 दिन की ईडी हिरासत में

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।

ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है। ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने के -शेष पृष्ठ दो पर




■ 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित करने का मामला

### दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही एनआईए ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डा. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गई थी। पूछताछ में डा. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है। इस बीच, एनआईए की व्यापक आतंकवाद- रोधी जांच से पता चला है कि डा. उमर नबी कथित रूप से अतिरिक्त आत्मघाती हमलावरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसने कम से कम 11 व्यक्तियों को प्रेरक वीडियो वितरित किया था, जिनमें से सात कश्मीर से तथा अन्य उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक से थे।

# अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की रिमांड पर भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद एनआईए की टीम ने आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार गैंगस्टर को एनआईए मुख्यालय लाया गया।

अनमोल बिश्नोई दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। वहीं सलमान खान पर फायरिंग जैसे कई मामलों में वांछित भी है। एनआईए ने कोर्ट से अनमोल की 15 दिनों की कस्टडी मांगी थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने उसे पकड़ लिया। बिश्नोई गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर उसके गुर्गों का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और जमीनी गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी।



■ अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को एनआईए ने किया गिरफ्तार

# एनडीए ने नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना, पटना में शपथग्रहण समारोह आज

**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए गुरुवार (आज) का दिन तय किया गया है।

एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। जेडीयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बैठक के बाद कहा कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होगा। एनडीए नेता का चयन हो चुका है। सभी एनडीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना है। इसी क्रम में आरएलएम की नेता स्नेहलता ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे।



# मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की।

उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

■ 9 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर

किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फॉर्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फॉर्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है।

# एसआईआर में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवम्बर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फार्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक बीएलओ ने आत्महत्या की धमकी दी है। मंगलवार को तमिलनाडु के तंजावुर में एक आंगनवाड़ी सेविका ने जान देने की कोशिश की।

■ चुनाव आयोग की दिसम्बर तक डेडलाइन
■ दबाव से परेशान बीएलओ, राजस्थान-मप्र और केरल में तीन सुसाइड कर चुके



### SIR कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

**सवाई माधोपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मृतक बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर भी किसी से बातचीत नहीं कर रहा था और मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत के कुछ ही मिनट बाद हरिओम को सीने में तेज दर्द उठा और वह गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और भाइयों ने बहरावंडा खुर्द चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार ने होमगार्ड भर्ती का किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने यूपी में होमगार्ड विभाग में भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओं को मौका दिया है। प्रदेश में 41,424 होमगाड्र्स की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 दिसम्बर 2025 आखिरी तारीख है आवेदन करने का। सभी 75 जिलों के लिए होमगाड्र्स की भर्ती होनी है, सबसे अधिक कानपुर में 1947 और सबसे कम भदोही में कुल 43 ही पद हैं। भर्ती के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया है और योग्यता बारहवीं। सभी 75 जिलों को मिलाकर कुल 41,424 पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसमें न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बारहवीं हैं और 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, इसमें राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के हिसाब से अलग-अलग वर्गों में छूट भी है। महिला आरक्षण इस भर्ती में भी है, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 17 दिसम्बर 2025 तक चलेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी का अनुकरणीय और गतिशील नेतृत्व, जिसमें उन्होंने अपार राजनीतिक साहस दिखाया, सदैव प्रेरणादाई रहेगा। जन सेवा के लिए उनके अटूट संकल्प और समर्पण ने भारत की प्रगति यात्रा पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान कोटि-कोटि नमन का पात्र है।

# धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे दानाजीवी मीडिया हाउसः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ मीडिया संस्थानों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ये राजनीतिक स्वार्थ में डूबे 'दानाजीवी मीडिया हाउस' हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है। यादव ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि भाजपा और उसके समर्थक



■ हमारे महाकाव्यों की कथाओं को तोड़मरोड़ रहे

परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं। उनका आरोप है कि जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे 'परिवार' शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है, और परिवारों की एकजुटता ही समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके 'अपरिवारवादी' समर्थक चाहते हैं कि लोग परिवारों से अलग-थलग पड़ जाएं, ताकि उन्हें भय और भ्रम के सहारे नियंत्रित किया जा सके।

### भाजपा 'पर्यवेक्षक' नहीं, 'पर्चीवेक्षक' भेजती है

**लखनऊ।** बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं।

### एलओसी पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में बुधवार की सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संदिग्ध हलचल के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एलओसी के पास हलचल देखने के बाद सेना ने कमलकोट इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही संदिग्ध हलचल का पता चला, संदिग्ध घुसपैठियों को रोकने के लिए कुछ गोलियां चलाई गईं। अभी भी तलाशी अभियान चल रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि सर्दी शुरू होने और ऊपरी इलाकों में बर्फ जमने से पहले घुसपैठिए अंदर आने की कोशिश कर सकते हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गत आठ नवम्बर को एलओसी पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

# बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप हों कार्यक्रम

लखनऊ/नई दिल्ली।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप होने चाहिए।

उन्होंने महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार और झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी तथा पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के उत्पीड़न पर पार्टी को देशव्यापी संघर्ष तेज करना होगा। सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार पर विपक्षियों को कमजोर करने, एजेंसियों का दुरुपयोग करने और देश को जातिवादी-धार्मिक तनाव की



■ महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार व झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक में बोली मायावती

ओर धकेलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर हमले और उसे कमजोर करने के प्रयास बेहद चिताजनक हैं। उन्होंने चेताया कि यदि आरक्षण को बचाने की लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा गया, तो बहुजन वर्ग के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव की चुनौती बढ़ती जा रही है, इसलिए बाबा साहेब के मार्गदर्शन और कांशीराम जी के सामाजिक परिवर्तन मिशन को आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने आगामी चुनावों में बसपा को और अधिक मजबूती के साथ उतरने के निर्देश दिए तथा कहा कि पार्टी को मतदाता सूची के चल रहे विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि बहुजन मतदाताओं का नाम किसी भी स्थिति में हटने न पाए। उन्होंने सभी राज्यों की इकाइयों से अपील की कि वे छह दिसम्बर 2025 के महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशनरी उत्साह से काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम किसी भी तरह से दिखावटी या अवसरवादी नहीं बल्कि पार्टी की परम्पराओं के अनुरूप अनुशासित, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक होने चाहिए।

## यूपी के तीन जिलों में 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार

# मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन में होगा विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने



■ मुख्यमंत्री ने विकास कार्ययोजना की समीक्षा की

■ मंडलायुक्तों ने सीएम को बताई कार्ययोजना

मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है।

इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे।

### उप्र में नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजना मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ए परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों के अनुसार कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# एटीएस ने मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में मांगी जानकरी

प्रयागराज, वार्ता

■ दिल्ली धमाकों के बाद सरकार ने लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के प्रंयागराज में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी है।

एटीएस प्रयागराज यूनिट ने दिल्ली कार विस्फोट के बाद जोन के सभी जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को भेजा पत्र, पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी। सूचना में मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम, पिता का नाम, पता मोबाइल नंबर के साथ जानकारी मांगी गई है। प्रयागराज के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि प्रयागराज जिले की मदरसों की सूचना एटीएस को दे दी है, सूचना मिलने के बाद एटीएस ने अपने स्तर पर मदरसों की जांच भी शुरू कर दी है। प्रयागराज जिले में कुल 206 मदरसे संचालित हो रहे हैं।

इसमें से 43 मदरसे अनुदानित हैं। अनुदानित मदरसों में 620 शिक्षक कार्यरत हैं और 11378 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि जिले में मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 169 है। मान्यता प्राप्त मदरसों में 854 शिक्षक और 14551 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कई मदरसों में छात्रों के साथ छात्राएं भी दीनी तालीम हासिल कर रही हैं।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85186.47
निफ्टी 26052.65

सोना रु. 125010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 165000
प्रति किलो



# पहली बार 85 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता

आईटी कंपनियों के नेतृत्व में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 142.60 अंक की बढ़त में 26,052.65 अंक पर बंद हुआ। इसका रिकॉर्ड बंद स्तर 29 अक्टूबर को 26,053.90 अंक रहा था। आईटी सेक्टर की कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही। कनाडा के कैलगेरी में कार्यालय खोलने की घोषणा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सेंसेक्स में सवा चार फीसदी से अधिक चढ़े। मंगलवार



को शेयर पुनर्खरीद के विवरण साझा करने के बाद इंफोसिस का शेयर भी पौने चार फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर पौने तीन प्रतिशत से अधिक और मारुति सुजुकी का सवा फीसदी से ज्यादा टूट गया। मझोली कंपनियों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। एनएसई में आईटी के बाद सार्वजनिक बैंकों के समूह में सबसे अधिक तेजी रही। स्वास्थ्य, रियलिटी, तेल एवं गैस और मीडिया समूहों के सूचकांक लुढ़क गए।

# चार दिन बाद फिर सोने ने मारी छलांग, चांदी की कीमतें भी बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेजी आई है। शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और खरीदारी जोरों पर है। लगातार चौथों दिन गिरावट के बाद सर्राफा बाजार में सोने की चमक फ़िर बढ़ी है। बुधवार को बाजार खुलने के साथ सोना 1280 रुपये प्रति ग्राम की बढ़ा है। आज चांदी के भाव में भी 3000 रुपये प्रति किलो उछाल आया है। सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम उछलकर 1,25,010 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को इसका भाव 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम था। राजधानी लखनऊ में सोने के कीमत की करें तो आज वहां 24 कैरेट सोने की कीमत 1280 रुपये के तेजी के बाद 1,25,140 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मेरठ में आज इसका भाव 1,25,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में बुधवार को बड़ी तेजी आई। बाजार खुलने के साथ चांदी 3000 रुपये प्रति किलो बढ़ी है, जिसके बाद इसका भाव 1,65,000 रुपये प्रति किलो हो गया। मंगलवार को इसकी कीमत 1,62,000 रुपये प्रति किलो थी। वाराणसी सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री रवि सर्राफ ने बताया कि वेडिंग सीजन की शुरुआत हो गई है।

### फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद में नहीं होगी तोड़फोड़: हाईकार्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर स्थित नूरी जामा मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार की ओर से दिए गए इस आश्वासन के बाद सुनाया कि मस्जिद के जिस हिस्से को सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया जाना आवश्यक था, उसे पहले ही ढहा दिया गया है और अब आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मस्जिद प्रबंधन द्वारा जमीन के सीमांकन से संबंधित आवेदन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की द्वैतीय पीठ ने की। मस्जिद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर हटाने की कोशिश कर रही है, जबकि मस्जिद का निर्माण वर्ष 1839 में हुआ था और यह ऐतिहासिक संरचना है।

# संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश करने वाले अपना खुद का नुकसान करेंगे: आलोक

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गैर भाजपा सरकारों वाले राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले खुद अपना नुकसान करेंगे।

आलोक कुमार ने बातचीत में संघ को भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा संगठन बताया है और कहा है कि संघ पर पहले भी कुछ सरकारों ने पाबंदी लगाने के कदम उठाए थे, या उसे दबाने की कोशिश की गई थी, लेकिन व्यापक जनभावनाओं के समक्ष उन्हें अपने कदम वापस लेने पड़े। संघ के पंजीकरण को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर कुमार ने कहा कि संगठन का स्वरूप क्या हो, यह निर्णय उसका है। उसके वर्तमान स्वरूप से किसी कानून का उल्लंघन नहीं होता। उल्लेखनीय है कि कुमार एक विधिवेत्ता भी हैं। कर्नाटक में कथित तौर पर संघ की गतिविधियों को लक्षित कर सार्वजनिक सभा आदि को लेकर हाल में लगाए गए कुछ विवादास्पद प्रतिबंधों और उस पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफाई से जुड़े मुद्दों पर विहिप नेता ने कहा कि संघ पर प्रतिबंध लगाना उसके कार्यों में रोक-टोक पैदा करना, उन्हीं लोगों के हित में नहीं है, जो ऐसा कर रहे हैं। कुमार ने कांग्रेस और कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा कि संघ पर जो भी प्रतिबंध लगाते हैं, या कोई रोक-टोक करते हैं, वे काल के प्रभाव में नष्ट हो जाते हैं, संघ को लेकर अगर कर्नाटक (सरकार) कोई ऐसा प्रयत्न करेगी, तो उसका परिणाम भी यही होगा।

उन्होंने कर्नाटक के मुद्दे को गंभीर बताया और कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद जवाहर लाल नेहरु सरकार ने संघ को प्रतिबंधित किया था, उस समय जनता के प्यार एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प ने पूरे देश में उसके खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया, जिसके कारण संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**संसद कोर्ट...** किया कि 2021 अधिनियम से पहले हुई नियुक्तियां एमबीए-4 और एमबीए-5 निर्णयों द्वारा शासित होंगी। उच्चतम न्यायालय ने इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के सदस्य 62 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे तथा अध्यक्ष 65 वर्ष की आयु तक सेवा में रहेंगे। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के सदस्यों और अध्यक्ष के लिए भी यही आयु मानदंड लागू होगा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 अधिनियम के कुछ प्रावधान, जैसे कि चार साल का कार्यकाल, न्यूनतम आयु 50 वर्ष की आवश्यकता और खोज-सह-चयन समिति के कामकाज में बदलाव, स्थापित न्यायिक जनादेश के विपरीत हैं और इसलिए संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य हैं।

**अल-फलाह....** लिए प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षणिक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुए थे उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षणिक राजस्व घोषित किया गया था। ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि सभी बड़े वित्तीय फैसलों को सिद्दीकी ने ही मंजूरी प्रदान की थी। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 14 दिन की हिरासत अनावश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हिरासत में लेना तो इसे सात दिनों तक सीमित करना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना। हालांकि, ईडी के 14 दिनों का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 13 दिनों की ईडी हिरासत को मंजूरी प्रदान की और निर्देश दिया कि सिद्दीकी को एक दिसम्बर को अदालत में पेश किया जाए। सारी कार्यवाही तड़के ही पूरी हो गई, जिससे अधिकारियों द्वारा इस मामले में दिखाई गई तत्परता और महत्व का पता चलता है। अब जांच पूरी तरह से धन के लेन-देन का पता लगाने और सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली शैक्षिक गतिविधियों के पीछे की कथित साजशि को उजागर करने पर केंद्रित होगी, जिसे ईडी फर्जी शैक्षिक गतिविधियां बता रहा है।

# नए आविष्कारों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होना चाहिए : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों से कहा है कि उन्हें आविष्कार करते समय इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि समाज पर इसका कितना सकारात्मक प्रभाव होगा और इसकी उपयोगिता क्या होगी।



श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईटी बहु-विषई शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल- जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं की दिशा में सक्षम बना रहा है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से हमेशा सीखते रहने, अनुसंधान जारी रखने और नवोत्पाद के उपाय तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनमें नई तकनीक विकसित करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह याद रखने को कहा कि सच्ची प्रगति का पैमाना केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज के लिए उसकी सकारात्मक उपयोगिता है। चाहे वे स्थाई ऊर्जा प्रणालियां विकसित करें, सुलभ तकनीक निर्मित करें या ग्रामीण क्षेत्र और अत्यंत वंचित समुदायों के लिए जीवन उपयोगी समाधान विकसित करें, उनके विचारों और कार्यों से सामाजिक असमानताओं में कमी आनी चाहिए और लोगों के जीवन में नई आशा का संचार होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए स्टार्ट-अप केंद्र से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। संस्थान में बनाए गए इनक्यूबेशन सेंटर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अफजलगढ़ में किशोर ने किशोरी की इज्जत लूटी

## पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ में किशोर ने किशोरी का अपहरण कर उसकी इज्जत लूट ली। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाने में ग्राम भागीजोत निवासी एक ग्रामीण ने तहरीर दी थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 14 नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे घर से राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए गई थी। मगर वह कॉलेज नहीं पहुंची। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर ले गया है। वादी ने अपनी पुत्री के द्वारा एक मोबाइल नंबर पर बात करने का भी उल्लेख किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 333 धारा 137 (2) बीएनएस ने पंजीकृत किया था। पुलिस ने 17 नवंबर को किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी के बयान के आधार पर इस अभियोग में बलात्कार की धारा 65 (1) बीएनएस एवं धारा 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि कर दी। पुलिस ने आज आरोपी किशोर को भी पकड़ लिया है।

गौरतलब है कि वर्तमान में इस तरह की घटनाएं काफी ज्यादा बढ़ गई है। किशोरों एवं किशोरियों के द्वारा मोबाइल पर अश्लील फिल्में देखी जाती है। जिसके बाद इनके कदम बहक जाते है और किशोर इस तरह के खतरनाक कदम उठा लेते है। जिसकी वजह से उन्हें बाद में पछताना पड़ता है। साथ ही जिन किशोरियों एवं युवतियों के साथ इस तरह की घटनाएं होती है, उन्हें भी पूरी उम्र विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति के लिए अभिभावक भी कम जिम्मेदार नहीं है। लापरवाह अभिभावक अपने बच्चों पर नजर नहीं रखते है। वह यह नहीं देखते है कि उनके बच्चे मोबाइल पर किस से बात कर रहे है और उसका किस तरह से इस्तेमाल कर रहे है। जब कोई शर्मनाक घटना उनके साथ हो जाती है, तो फिर पछताना पड़ता है और समाज का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर घटनाओं में आपसी सहमति होती है और मामले का खुलासा होने पर इसे तूल दे दिया जाता है। जनपद में इस तरह की घटनाएं सबसे ज्यादा हो रही है।

# लकड़ी से लदे ट्रैक्टर टिपलर की डंपर से जोरदार टक्कर

## दोनों वाहनों के चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में सुबह नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा हो गया। मानियावाला बाईपास पर यूकेलिप्टस की लकड़ी से लदे एक ट्रैक्टर टिपलर और एक डंपर के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों वाहनों के चालक मामूली रूप से घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम मेघपुर से यूकेलिप्टस की लकड़ी लादकर जसपुर उत्तराखंड जा रहे ट्रैक्टर ट्रिपलर की टक्कर काशीपुर उत्तराखंड जा रहे खाली डंपर से हुई। ट्रैक्टर चालक बसंत सिंह पुत्र रामचरण सिंह निवासी ग्राम बिरला फार्म, थाना अफजलगढ़ और डंपर चालक मुस्तकीम अहमद पुत्र नसीब अहमद निवासी ग्राम निवासी मुजा. हिद पट्टी, भागूवाला, थाना मंडावली, बिजनौर को मामूली चोटे आई। नेशनल हाईवे पर सुबह की सैर कर रहे मौहम्मद सलीम, मौहम्मद रियाज, और कौशल कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल की और दौड़े। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पीआरवी 2455 के हेड कांस्टेबल परवेज अली और हेड कांस्टेबल रूपेंद्र कुमार ने कासमपुर गढ़ी चौकी को सूचित किया। चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर बिखरी लड़कियों को हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

एसआई प्रमोद कुमार सिंह ने बताया की तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एक नजर

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति द्वारा एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना करने के उपरांत छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कु. संध्या, कु. छवि वर्मा एवं मनु वर्मा ने विभिन्न गीतों पर गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कु. ईशा, कु, आंचल, कु. मोहिनी तथा कु. राधिका अद्भुत समन्वय तथा ऊर्जा के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कु. छवि वर्मा, कु. तान्या, कु. मनु वर्मा, कु. काजल, कु. हिमानी आदि के एकल नृत्यों को भी दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। सबसे खास आकर्षण रहे अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मौहम्मद साजिद अंसारी जिन्होंने एक बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया और अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उपस्थित छात्र-छात्राओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. उदिता राजपूत तथा कु. श्रद्धा वत्स ने संयुक्त रूप से किया।

## नूरपुर में हर्ष अरेस्ट

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने ग्राम गौहावर हल्लू निवासी हर्ष पुत्र अशोक कुमार को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। ग्राम के ही निवासी हेमंत कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह ने हर्ष, तरूण, सत्यम व राजीव के विरूद्ध 22 अक्टूबर को जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एसआईआर अभियान की समीक्षा



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी कार्यालय पर एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष साहनपुर खुर्शीद मंसूरी ने सभासदों के साथ अभियान की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी सभासद अपने-अपने वार्डों में चल रहे एसआईआर अभियान में जनता और बीएलओ का पूरा सहयोग कर रहे हैं। साहनपुर के बुद्धिजीवी एवं पढ़े-लिखे युवा भी सक्रिय रूप से जनता का सहयोग कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने सभी का हार्दिक धन्यवाद किया। साथ ही खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि हमारी टीम के साथी भी अपने-अपने गांवों और नजीबाबाद शहर में एसआईआर अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## बाब मेकओवर पार्लर का उद्घाटन



**नगीना।** कर्नाटक के बेंगलुरु से कोर्स करके आई शायना ने नगीना की महिलाओं को पार्लर की सौगात दी है। चैरिटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष यासमीन निशात अंजुम ने शायना के बाब मेक ओवर पार्लर का फीता काटकर उद्घाटन किया। पार्लर संचालिका शायना शराफत ने बताया कि महिलाओं को नवीन व आधुनिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से पार्लर खोला गया है। पार्लर में स्किन ट्रीटमेंट, हेयर ट्रीटमेंट, ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, एचडी मेकअप, लगभग सभी प्रकार के मेकअप के अलावा मेहंदी और नेल आर्ट जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगीं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को उपरोक्त सभी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं संतोषजनक व उचित दामों पर उपलब्ध होंगीं। उन्होंने स्थानीय महिलाओं से ब्यूटी पार्लर पर पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। उद्घाटन से पूर्व शायना ने बतौर मुख्य अतिथि यासमीन निशात अंजुम का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर यासमीन, निशात अंजुम, शायना, आलिया, अलीजा, शहनाज, फरजाना, रिहाना सहित दर्जनों महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में पार्लर संचालिका शायना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सीओ ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**नगीना।** कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम उनके कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चतुर्वेदी ने देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता किसी भी राष्ट्र की प्रगति और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति और नागरिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# झालू में विद्युत समाधान मेगा कैंप सफल

## उपभोक्ताओं की भीड़, मौके पर ही बिल सुधार और जमा



**विशेष संवाददाता शाह टाइम्स**

**बिजनौर।** झालू नगर के बिजली घर पर आयोजित विद्युत समाधान मेगा कैंप ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी। कैंप शुरू होते ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोग अपने बिजली बिलों में हुई त्रुटियों को दुरुस्त कराने और सुधरे हुए बिल मौके पर ही जमा करने पहुंचे।

कैंप में उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद, जूनियर इंजीयिर सुदेश कुमार सहित विभाग की टीम पूरी तत्परता से मौजूद रही। अधिकारियों ने प्रत्येक उपभोक्ता की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और तत्काल समाधान कराकर संतुष्ट किया।

शिविर में बड़ी संख्या में बिलों का संशोधन किया गया। साथ ही उपभोक्ताओं को भुगतान से संबंधित जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। लोगों ने कहा कि ऐसे कैंप से न सिर्फ समय की बचत होती है बल्कि बिल से संबंधित परेशानियाँ भी तुरंत दूर हो जाती हैं। विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए भविष्य में भी ऐसे समाधान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### उपभोक्ता की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता



**बिजनौर।** उपखंड अधिकारी द्वितीय, बिजनौर अरविंद कुमार बिंद ने कहा कि विद्युत समाधान मेगा कैंप का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को तुरंत और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी उपभोक्ता बिल, कनेक्शन या किसी अन्य समस्या को लेकर परेशान न हो। इस कैंप में हमने हर उपभोक्ता की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही समाधान देने का प्रयास किया। हमारा लक्ष्य है कि विभाग और उपभोक्ता के बीच विश्वास बढ़े तथा लोगों को घर-घर भटकने की आवश्यकता न पड़े। भविष्य में भी ऐसे समाधान शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे सभी उपभोक्ताओं को बेहतर, तत्पर और सुविधाजनक सेवा मिल सके।

# एसडीएम से कादराबाद में आधार केंद्र खुलवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आधार केन्द्र न होने से गांव कादराबाद, विजय नगर सहित बारह भूतपुर्व सैनिक कालोनियों के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रमीणों ने भूतपर्व सैनिक कॉलोनी के मुख्य केंद्र कादराबाद में सरकारी तौर पर आधार केंद्र खुलवाने की एसडीएम से मांग की है।

गांव कादराबाद निवासी ग्रामीण जयपाल, नीरज, देव, नीतू, राहुल, प्रदीप सिरोही, संजीव कुमार, आजाद सिंह आदि का कहना है कि एक तरफ बीएलओ आदि के माध्यम से एसआई आर के फार्म घर घर भेज कर शीघ्र प्रक्रिया को पूर्ण कराने की जुगत में है। वहीं लोग आधार कार्ड में कोई संशोधन आदि कराने के लिये कोई सरकारी सेंटर न होने से परेशान हैं। ग्रामीणों को हफ्तों अफजलगढ़ पोस्ट ऑफिस व बैंक आदि में खुले केंद्रों पर चक्कर काटने पड़ते हैं, जिसके बाद भी कोई नतीजा हाथ नहीं लगता है। आवागमन व निजी सेंटर पर कार्य कराने में जहां आर्थिक क्षति होती है, वहीं समय की बर्बादी भी होती है। ग्रामीण वर्षों से कादरबाद में आधार केंद्र खुलवाने की मांग कर रहे है, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान कैलाश चंद ने बताया कि पंचायत घर के लिए इस संबंध में संबंधित अधिकारियों ने बात की थी, किन्तु अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। बीडीओ मनवीर सिंह ने कहा कि उच्चाधिकारियों को अवगत करा कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

# विवेक कप हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ



## चांदपुर हॉकी सोसाइटी के प्रयासों की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** द्वितीय विवेक कप नॉर्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट का आज हिंदू इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, मौहम्मद अतहर अजान ग्रुप एवं विवेक कर्णवाल प्रबंधक आधारशिला स्कूल आदि मौजूद रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक ने चांदपुर स्पोर्ट्स सोसाइटीज चांदपुर के तत्वावधान में बाबू कैलाश चंद मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल द्वितीय विवेक कप के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने हॉकी के 100 साल पूरे होने पर हॉकी के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मौहम्मद अतहर पूर्व हॉकी खिलाड़ी चांदपुर एवं विवेक कर्णवाल द्वारा अपने चांदपुर हॉकी सोसाइटी के खिलाडियों द्वारा हॉकी के प्रयासों की सराहना की और चांदपुर में हॉकी को आगे ले जाने के लिए सहयोग करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन इरफान मिर्जा द्वारा किया गया। टूर्नामेंट के विशिष्ट अतिथि गोविन्द मित्तल, अनिरुद्ध, शक्ति मित्तल प्रबंधक हेजलमून स्कूल एवं हनी तोमर रहे।

पहला मैच बिजनौर व गोंडा के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूट आउट द्वारा 3-0 से बिजनौर विजय रहा। दूसरा मैच मिलक अकादमी ने बुलंदशहर को 1-0 और मुरादाबाद ने गाजियाबाद को 2-0 से हराया। चांदपुर सोसाइटी के कोच कमलेश कुमार यादव, अध्यक्ष गजेंद्र कुमार, सचिव अफजल फारूकी, कोषाध्यक्ष रऊफ अहमद, मीडिया प्रभारी विकास गोयल, शैलेन्द्र लोहिया, नफीस अहमद, नदीम जकी, रफीउल जमा, इमरान, जुबैर, मेहर आलम, कौशिक चन्द्र, निर्मल चौहान, राहुल बंसल, मनिंदर लोहिया, ललित, तरुण, प्रिंस, रोशन और सभी खिलाड़ी इत्यादि रहे। इस मौके पर एमएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुमताज अहमद, प्रिंसिपल हाजी मौहम्मद ताहिर, समाजसेवी नफीस अहमद और सरदार इकबाल सिंह के परिवार के सदस्य आदि भी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन

## आरबीडी महिला महाविद्यालय ने सर्वाधिक 78 मेडल जीते, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के 31वें तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर के संयोजन में नेहरू स्टेडियम बिजनौर में हर्ष और उल्लास के साथ हुआ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरेंद्र मलिक सांसद मुजफ्फरनगर, कुंवरानी रुचि वीरा, सांसद मुरादाबाद एवं सचिव आरबीडी महिला महाविद्यालय, श्रीमती स्वाति वीरा महाजन सचिव केपीएसआईसी, बिजनौर एवं सचिव रेडियो संदेश 89.6, प्रवीण गुप्ता, मनोनीत सदस्य, प्रबंध समिति, आरबीडी महिला महाविद्यालय, वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के सदस्य खुशनूद खां के द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान, बैज एवं कैप लगाकर किया गया।

मुख्य संयोजिका प्रो. पारुल त्यागी ने स्वागत वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। समापन समारोह में सर्वप्रथम विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने सुसज्जित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा मंच के सामने से गुजरते हुए मुख्य अतिथि समेत समस्त गणमान्य अतिथियों ने सैल्यूट देते हुए अभिवादन किया। इसके बाद सामूहिक पीटी का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आरबीडी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ ही अन्य संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

आयोजन के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि हरेंद्र मलिक ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को जानने और समझने का अवसर मिलता है। श्री मलिक ने आगे कहा कि प्रतिभागियों का उत्साह और समर्पण देखकर यह स्पष्ट होता है कि भविष्य में हमारे देश के लिए यह आशा की किरणें हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कुंवरानी रूचि वीरा जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए और समाज के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति की सराहना की।

इसी क्रम में महिला एवं पुरुष शिक्षकों की 100 x 4 रिले रेस का आयोजन किया गया जिसमें आदर्श विद्या निकेतन शाहबाजपुर की शिक्षिकाएं कविता, निशि, ममता, रूपाली प्रथम, केपीएस बिजनौर की खुशी थापा, प्रीति, रजनी रानी, अंजू ने द्वितीय, आरबीडी की कल्पना, मीनू, रुकैया, शीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में कुंवर सत्य वीरा इंजीन्यरिंग कॉलेज के अपूर्व वर्मा, एजाज उल हक, गजेन्द्र कुमार, रजत कुमार प्रथम, आरजेपी इंटर कालेज के विनीत कुमार, अजय, जय प्रकाश, नरेंद्र सिंह ने द्वितीय तथा डीडीपीएस के आरपी सिंह, मौहम्मद आतिफ, अतुल आशीष, आदित्य राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तत्पश्चात पांच हजार मीटर सीनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में वीरा कॉलेज के अमन ने प्रथम, शाह आलम ने द्वितीय तथा आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में चक्का फेंक स्पर्धा में जूनियर बालक वर्ग में चिंटू ने प्रथम, निशांक ने द्वितीय तथा कमलजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में रिचा ने प्रथम, शकीरा ने द्वितीय तथा अलीशा ने तृतीय स्थान, सीनियर बालक वर्ग में यश कुमार ने प्रथम, राज सिंह ने द्वितीय तथा आयुष कुमार ने तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में उर्वशी ने प्रथम, इल्मा ने द्वितीय तथा अमृता रानी ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालक वर्ग में प्रियांश ने प्रथम, मोहम्मद शेरबाज ने द्वितीय स्थान तथा रीगल कुमार ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में निशा ने प्रथम, छवि ठाकुर ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ऊंची कूद प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में सुफियान ने प्रथम, जय सिन्हा द्वितीय, जूनियर बालिका वर्ग में प्रिया ने प्रथम, इरम परवीन ने द्वितीय तथा जिया ने तृतीय, सीनियर बालक वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम, कलीम अहमद ने द्वितीय तथा सागर ने तृतीय, सीनियर बालिका वर्ग में जैनब ने प्रथम, गुलनाज ने द्वितीय तथा कनक ने तृतीय, सुपर सीनियर बालक वर्ग में ऋषभ चौधरी ने प्रथम, निशांत धीमान ने द्वितीय तथा अनंत कार्तिक ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में तारूशी ने प्रथम, रोहिणी ने द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद विभिन्न श्रेणियों में सर्वोत्कृष्ट प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। जूनियर बालिका वर्ग में केपीएस बिजनौर की ऋचा एवं प्रियंका, सीनियर बालिका वर्ग में केपीएस बिजनौर की प्राची सैनी, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में आरबीडी बिजनौर की ज्योति रानी एवं पायल ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त सीनियर बालक वर्ग में आरजेपी इंटर कॉलेज के पीयूष राज एवं आदर्श विद्या निकेतन शाहबाजपुर के मयंक कुमार ने एवं सुपर सीनियर बालक वर्ग में वीर डिग्री कॉलेज के आकाश कुमार ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में जूनियर बालक वर्ग श्रेणी आदर्श विद्या निकेतन, शाहबाजपुर ने सर्वाधिक 58 मेडल प्राप्त कर जूनियर बालक वर्ग में रिकॉर्ड स्थापित किया। सीनियर बालक वर्ग श्रेणी में आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में सर्वाधिक 55 मेडल प्राप्त किए, सुपर सीनियर बालक वर्ग में वीर डिग्री कॉलेज बिजनौर ने 77 मेडल प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। इसके अलावा सुपर सीनियर बालिका वर्ग में आरबीडी महिला महाविद्यालय ने सर्वाधिक 78 मेडल प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त जूनियर बालिका वर्ग में केपीएस में 52 मेडल सीनियर बालिका वर्ग में केपीएस ने 37 मेडल प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया।

आयोजन के अंत में मंचस्थ अतिथियों द्वारा वीरा चौरिटेबल सोसायटी की सभी संस्थाओं के सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरबीडी बिजनौर की मनतशा परवीन, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर के शिवम कुमार, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के मनी गुप्ता को स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। केपीएस की दिव्यांशी, प्रेमा सत्य वीरा इंटर कॉलेज की अफ्शा परवीन, आदर्श विद्या निकेतन इंटर कालेज शाहबाजपुर की अंशिका ठाकुर, वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी की श्वेता, गोमती कन्या इंटर कॉलेज की आयुशी सिंह, आरजेपी इंटर कॉलेज के अमन, डीडीपीएस बिजनौर की आयशा को इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

अंत में मुख्य संयोजिका प्रो. पारुल त्यागी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में आरजेपी इंटर कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन बिशन लाल, डीडीपीएस, बिजनौर के प्राचार्य राजीव थॉमस, केपीएसआईसी, बिजनौर की प्राचार्या डा. संगीता गुप्ता, आदर्श बाल विद्या निकेतन, बिजनौर के प्राचार्य गिरी राज, वीरा इंटर कॉलेज, धर्मनगरी, बिजनौर के प्राचार्य वाजिद हुसैन, प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज, मंडावर की प्राचार्या श्रीमति संजू शर्मा, गोमती कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर की प्राचार्या श्रीमती ज्योति बाला, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य अमित बंसल, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव एवं वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के समस्त महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, राशिद हुसैन पूर्व जिलाध्यक्ष सपा, ज्योति कुमार अग्रवाल, सीए, डा. गजेन्द्र शर्मा, डा. महमूद, मुरादाबाद, डा. आदित्य चौधरी, सुभाष सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख, चौधरी जिया उल्लाह, मुरादाबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सारिका, श्रीमती मुमताज, मनोज यादव, गयूर आसिफ ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संयोजक रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अन्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वकीलों ने जजी चौक पर लगाया जाम

## हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव पर जानलेवा हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जजी चौक पर जाम लगाकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने जाम स्थल पर पहुंचकर हमलावरों की गिरफ्तारी शीघ्र करने का आश्वासन दिया, जिस पर अधिवक्ताओं ने पुलिस को 24 घंटे का समय देते हुए एक घंटे बाद जाम खोला।






उल्लेखनीय है कि जिला बार के संयुक्त सचिव अंकुर गौर व उनके परिजनों पर 16 नवंबर को जानलेवा हमला किया गया था। कोतवाली शहर पुलिस ने इस मामले में उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज न करके मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया और मुलजिमान की गिरफ्तारी भी नहीं की, जिससे अधिवक्ताओं में तीव्र रोष है। आज सुबह जजी खुलते ही अधिवक्ताओं में तीव्र रोष है।

आज सुबह जजी खुलते ही अधिवक्ता जिला बार हॉल में इकट्ठा हो गए, जहां अध्यक्ष यशपाल सिंह की अध्यक्षता एवं सचिव विशाल अग्रवाल के संचालन में मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने जिला बार के संयुक्त सचिव अंकुर गौर व उसके परिजनों पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमलावरों को गिरफ्तार न करने पर पुलिस के प्रति तीव्र आक्रोश व्यक्त किया तथा जजी परिसर में कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया, इसके बाद आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए जजी चौराहे पर पहुंचे और जाम लगा दिया। धरनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह एवं कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी पहुंचे और आक्रोशित अधिवक्ताओं को शांत किया तथा गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का समय मांगा। अधिवक्ताओं ने अल्टीमेटम दिया कि अगर 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की, तो चक्का जाम किया जाएगा।

जाम लगाने वाले अधिवक्ताओं में जिला बार अध्यक्ष यशपाल सिंह, सचिव विशाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एकके बबली, निरंकार सिंह, निपेंद्र, आशीष तोमर, मनोज सेठी, अनिल चौधरी, सौरभ लवली, सचिन, संजीव चौधरी, अशोक पाल, अंकित चौधरी, अंबिका राणा, अतुल सिंह, रजनीश आर्य, मुदित गुप्ता, रोहित सिंह, जीशान, फहीम, करतार सिंह, आलोक गोविल सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### अफजलगढ़ में संजय का निधन



**बिजनौर।** अफजलगढ़ के मौहल्ला मंझौली निवासी पत्रकार संजय चौहान का आज शाम निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में मातम छा गया। साथ ही साथी पत्रकारों में भी शोक की लहर दौड़ गई। 'शाह टाइम्स' परिवार भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करता है। संजय चौहान का 'शाह टाइम्स' परिवार से भी नाता रहा है।

### फतेहपुर जमाल में कैरियर गाइडेंस मेला



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर जमाल के मॉडल बालिका इंटर कॉलेज में आज सुबह 10 बजे से कैरियर गाइडेंस मेले की शुरुआत हुई। इस मेले का उद्घाटन थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने पसंदीदा करियर को चुनते हुए अलग-अलग स्टॉल लगाए। मेले में छात्राओं ने पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, बैंकिंग और सुरक्षा से जुड़े कई मॉडल तैयार किए। इन मॉडल्स ने न सिर्फ बच्चों की रचनात्मकता को दर्शाया, बल्कि उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में भी प्रेरित किया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे मेले बच्चों के भविष्य को दिशा देते हैं और उन्हें अपने पसंद के करियर की ओर प्रेरित करते हैं। मॉडल बालिका इंटर कॉलेज का यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ और उन्हें करियर को लेकर नई दिशा मिली। प्रधानाचार्य अजय सिंह कौशल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की और शिक्षिकाओं के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौहम्मद यामीन, अनिल कुमार प्रेमी, सत्येंद्र, श्रीमती रोहिणी तिवारी, ग्राम प्रधान मौहम्मद उमर, मौहम्मद रफी, मौहम्मद नसीम आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फायर स्टेशन का निरीक्षण



**नजीबाबाद।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा फायर स्टेशन नजीबाबाद पहुंच कर अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ व पुलिस अधीक्षक बिजनौर के आद.ेशानुसार अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान डॉ. राजीव कुमार पांडे ने समस्त कर्मचारियों से मैस के खाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सभी कर्मचारियों के द्वारा खाना उत्तम होना बताया गया। साथ ही कर्मचारियों से सामूहिक / व्यक्तिगत, आवास से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किसी भी कर्मचारी ने कोई भी समस्या नहीं बताई। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद कनही सिंह जादौन भी उपस्थित रहे। बाचरूम ड्यूटी की जांच की गई तथा फायर स्टेशन पर अग्निकांड जीव रक्षा कार्यों के रिस्पांस टाइम के विषय में जानकारी ली गई तथा सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए। डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर के द्वारा कर्मचारियों को हमेशा सतर्क रहने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश दिए तथा अपने स्वास्थ्य, खेलकूद, योग करने के लिए कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। निरीक्षण के दौरान फायर स्टेशन की तैयारी कार्य क्षमता का मूल्यांकन करना था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अग्निकांड /जीव रक्षा के समय प्रभाबी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा मौहल्ला पठानपुरा स्थिति नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में इन्दिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर इन्दिरा गांधी की देश के लिए कुर्बानी को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश को मजबूती प्रदान की और देश के लिए बलिदान दिया, जिससे देश को मजबूती मिली है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नईमुल अख्तर, नगर सचिव शराफत चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डा. सलीम सैफी, मंडल अध्यक्ष डा. इकबाल खान, डा. शमीम अनवर, जफर आलम आदि मौजूद रहे।

### जन जागृति यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**किरतपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में धामपुर गुरुद्वारा कमेटी की ओर से जिला स्तरीय जन जागृति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा जिले के विभिन्न कस्बों से होती हुई पुनः धामपुर पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में भारी संख्या में पंजाबी समाज के लोग शामिल हुए। धामपुर सिंह सभा गुरुद्वारा के अध्यक्ष एडवोकेट अमरजीत सिंह तथा सचिव गुरु चरण सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा धामपुर से प्रस्थान कर स्योहारा, राजा का ताजपुर, ढीकली, नूरपुर, अहिरपीरा, खासपुरा, हल्दौर, बिजनौर होते हुए नगर किरतपुर पहुंची। किरतपुर में श्री गुरु सिंह सभा नगर कमेटी द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। किरतपुर से आगे यात्रा नजीबाबाद व नगीना होते हुए पुनः धामपुर पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से मदन लाल अरोड़ा, श्याम तनेजा, सतीश मेहरा, मनोज अरोड़ा, कस्तूरी लाल कालरा, जुगल कालरा, दीपक सोड्डी, नरेश कालरा, विपिन अरोड़ा, राजीव खन्ना, दिव्यम अरोड़ा, सन्नी अरोड़ा, मुकेश अरोड़ा, जसप्रीत सिंह संधू उर्फ बॉबी, तनेजा सहित पंजाबी समाज की अनेक महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मक्का हादसा बहुत तकलीफ देने वाला

**नजीबाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने सऊदी अरब के शहर मक्का में मदीना जाते हुए बस के दर्दनाक हादसे में मारे गए करीब 45 यात्रियों की मौत पर अफसोस जताया है। उन्होंने इस हादसे पर गहरे रंज व गम का इजहार करते हुए कहा कि यह हादसा बहुत ही तकलीफ देने वाला है। उन्होंने इस हादसे में मारे गये सभी लोगों को अल्लाह से जन्नतुल फिरदौस में जगह देने व उनके परिवारों को सबरे जमील अता फरमाने की दुआ की।

# बिहार की तरह चुनाव के बाद रोएगा विपक्ष

## एसआईआर को लेकर गंभीरता नहीं दे रही दिखाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्तमान में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार बिल्कुल भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहे है। जिससे साफ जाहिर है कि चुनाव में उन्हें इससे नुकसान उठाना पड़ सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वर्तमान में चार नवम्बर से प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। जो चार दिसम्बर तक चलेगी। 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं के सत्यापन का काम चल रहा है। इसमें सभी स्तरों पर लापरवाही सामने आ आ रही है। कई जगह बीएलओ के द्वारा लापरवाही एवं मनमानी की जा रही है। उन्हें घर-घर जा कर मतदाताओं का सत्यापन करना है और प्रक्रिया पूरी करनी है। मगर शिकायतें आ रही है कि वह घर-घर न जाकर किसी नेता एवं प्रभावशाली व्यक्ति के पास बैठ कर खानापूर्ति कर रहे है। इसका नतीजा यह होगा कि ईमानदारी के साथ सत्यापन नहीं हो पाएगा और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में हजारों मतदाताओं के नाम कट भी सकते है। ऐसे नेताओं के द्वारा अपने प्रभाव व रसूख का इस्तेमाल कर विरोधियों के वोट कटवाए जा सकते है। जिस तरह से बिहार में हुआ है, वो यहां भी दोहराया जा सकता है।

दूसरी तरफ जागरूक मतदाता तो इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर है। वह अपने वोट को लेकर पूरी तरह से निगरानी कर रहे है। लेकिन दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा समाज (पीडीए) के ज्यादातर मतदाता इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। उनके पास न तो इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए वक्त है और न ही जरूरी कागजात है। ज्यादातर मतदाताओं को एसआईआर के बारे में पता ही नहीं है। उन्हें जागरूक करने एवं उनका काम कराने की जिम्मेदारी बीएलओ एवं जनप्रतिनिधियों की है। मगर वह अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे है। सत्ता पक्ष की मनमानी पर नजर रखने एवं उस पर अंकुश लगाने के लिए विपक्ष भी मजबूती के साथ सामने नहीं खड़ा है। विपक्ष में कई राजनीतिक दल है। अगर इसके वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार ईमानदारी के साथ इस प्रक्रिया में मतदाताओं का सहयोग करते, तो उन्हें चुनाव में इसका जरूर फायदा होता। लेकिन विपक्ष के नेता सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रहे है। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में तो सपा के संभावित प्रत्याशी व उनकी टीम के सदस्य सक्रिय दिखाई दे रहे है। मगर कांग्रेस बसपा एवं आसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता ठंडे पड़े हुए है। वह न तो मतदाताओं का सहयोग कर रहे है और न ही बीएलओ पर नजर रख रहे है। ऐसा लगता है कि बिहार विधानसभा का अप्रत्याशित चुनाव परिणाम आने के बाद इनके नेताओं ने चुनाव न लड़ने का इरादा बना लिया है। वैसे भी इन राजनीतिक दलों का संगठन भी बेहद कमजोर है और इनके उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि हराने के लिए ही चुनाव लड़ते है। सूत्रों का कहना है कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे, उन्हें आगे चल कर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## जमीनी विवाद में मारपीट

**नहटौर।** देर सांय ग्राम पालीजट में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें देवेन्द्र कुमार घायल हो गया। पुलिस ने घायल देवेन्द्र को सीएचसी में भर्ती कराया गया। देवेन्द्र कुमार ने दूसरे पक्ष के लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना हैं कि घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## छात्रा की बरामदगी को धरना जारी

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में नौवीं कक्षा की छात्रा के लापता होने का मामला लगातार तनाव बढ़ा रहा है। छात्रा को खोजे जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों और परिजनों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। 15 नवंबर से लापता छात्रा का अब तक कोई सुराग न मिलने पर दर्जनों महिलाएं और पुरुष बुधवार को फिर कोतवाली पहुंचे और जोरदार नारेबाजी की। भारतीय महिला महा शक्ति स्वराज के बैनर तले प्रदर्शनकारी थाना परिसर में दरी बिछाकर बैठ गए और छात्रा की जल्द बरामदगी की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती के कारण पांच दिन बीत जाने के बाद भी छात्रा का पता नहीं लगाया जा सका है।

## महिलाओं को किया जागरूक



**रेहड़।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने गांव वादीगढ़ में महिलाओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें पंपलेट देकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक सोनू कुमार ने बढ़ते महिला अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से कहा कि घर से बाहर आते जाते समय डरने की जरूरत नहीं है यदि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना हो तो उसका डटकर मुकाबला करें और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें या हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके घटना की सूचना दें। पुलिस सहायता के लिए तुरंत मौके पर पहुंचेगी। उप निरीक्षक सोनू कुमार ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। महिला आरक्षी पूजा रानी द्वारा हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान महिला आरक्षी पूजा रानी सहित मिशन शक्ति की पूरी टीम मौजूद रहीं।

# विशाल जन जागृति यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से निकाली गई जागृति यात्रा का रात्रि लगभग 8.30 बजे नगीना की गुरु प्यारी संगत द्वारा कोतवाली रोड पर रेलवे फाटक के पास भव्य स्वागत किया गया।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वे शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित जन जागृति यात्रा धामपुर से 19 नवंबर को सुबह 7 बजे से शुरु होकर पूरे जिले से होते हुए नजीबाबाद होकर शाम लगभग 8:30 बजे के करीब नगीना से निकली। नगीना की संगत द्वारा इस यात्रा का स्वागत करने के लिए बिजनौर फाटक के पास सरदार गिंदा सिंह की दुकान के पास बड़े प्रबंध किए गए, जहां यात्रा में शामिल संगत को चाय प्रसाद आदि बरताया गया। विशाल जन जागृति यात्रा में जनपद के विभिन्न नगरों और गांवों से बड़ी संख्या में गुरमुख



परिवारों ने भाग लिया। यह यात्रा 'हिंदी की चादर' गुरु तेग बहादुर जी और उनके अनुयायियों भाई मती दास, भाई सती दास, भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित थी। इस यात्रा में भाजपा नेताओं, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, पंजाबी समाज, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्त्री सत्संग सभा और हजारों की संख्या में संगत के सदस्यों ने सहभागिता की। चित्तौड़गढ़ चौकी स्थित रेलवे फाटक के पास आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सरदार हरमीत सिंह, बलविंदर सिंह, एडवोकेट हरदयाल सिंह सोढ़ी, रोहित रवि, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, रणजीत सिंह, सरदार जगजीत सिंह, कुलजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, नंदलाल सिंह, अनिल कुमार थापन, जसप्रीत सिंह, जगप्रीत सिंह, मनमीत सिंह, हरमीत सिंह राजन, भूपेंद्र सिंह ट्रांसपोर्ट वाले, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, गुरमुख सिंह प्रधान, हैप्पी, परमिंदर कौर, रणदीप कौर, अमन सिंह, संदीप सिंह, सरदार रविन्द्र सिंह, हरप्रीत सिंह धामपुर वाले, दलजीत कौर, गुरप्रीत कौर दलजीत कौर, कलवंत कौर, हरप्रीत कौर, सतबीर कौर, मनप्रीत सिंह, प्रति मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## विधायक मनोज पारस ने बस स्टेशन पर किया नई कैंटीन का उद्घाटन



**नगीना।** नगर के बस स्टेशन पर नई कैंटीन शुरू हो गई है। विधायक मनोज पारस ने फीता काट कर कैंटीन का उद्घाटन किया। विधायक ने कैंटीन संच.ालक जयप्रकाश चंदेल को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके नए कारोबार में सफलता और समृद्धि की कामना की। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, अधिवक्ता और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संचालक जयप्रकाश चंदेल ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। विधायक ने कहा कि बस स्टेशन पर अब यात्रियों के भोजन और जलपान की बेहतरीन और समुचित व्यवस्थाएं हो गई हैं। उन्होंने यात्रियों और नागरिकों से बस स्टेशन की साफ सफाई का ध्यान रखने की अपील की और कहा कि नगीना बस स्टेशन यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए सहयोग दें। इस अवसर पर उनके साथ शिवकुमार गोस्वामी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नगीना काजी सुहैल इकबाल, शमशाद रशीद माहिगीर राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा सपा, भूरे सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी एससी एसटी प्रकोष्ठ, मास्टर धर्मवीर सिंह (गुरुजी), उस्मान कुरैशी, शफीक अहमद भट्टे वाले, अनीस अहमद उर्फ माइकल भाई, मास्टर किशनपाल सिंह, रमेश सिंह, मास्टर जसराम सिंह, हबीब अहमद, सलीम अहमद बिश्नोई, एमडी आबिद, टेकचंद सिंह पूर्व ग्राम प्रधान अल्हैदातपुर, मौ. आसिफ आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती लक्ष्मी देवी अग्रवाल पत्नी श्री चन्द्र कैलाश अग्रवाल मौहल्ला बाजार चौक** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री नृपेन्द्र वर्मा पुत्र श्री कोमल प्रसाद वर्मा** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: बाजार चौक नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

वाद सं. 1191/2023

**सन्दीप कुमार भारद्वाज बनाम देवराज सिंह आदि**

**बनाम**

1-देवराज सिंह पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण सिंह निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, कस्बा व परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

2- राजवर्धन पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण सिंह निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, कस्बा व परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**-प्रतिवादी**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा/ वसीयत/ बैनामा/ दान पत्र कैंसिलेशन के सम्बन्ध में के दायर की है। लिहाजा आपको हुकम होता है कि बतारीख 23-12-2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमुर अहम मुता.लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और कोई शख्स हो, जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 23.12.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना (बिजनौर)**

## एकता पदयात्रा निकाली



**नजीबाबाद।** राजकीय क्रीडा स्थल से एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। एकता पदयात्रा रेलवे स्टेशन, बाजार कल्लूगंज, चौक बाजार आदि मुख्य मार्गो से निकाली गई। एकता पदयात्रा का समापन कोटद्वार रोड निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पहुंच कर किया गया। नजीबाबाद विधानसभा में आयोजित एकता पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो एवं पदयात्रा के जिला संयोजक दिनेश सैनी रहे। साथ में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल विधानसभा संयोजक, जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, विधानसभा संयोजक पदयात्रा बलराज त्यागी, जिला मंत्री राजन टंडन गोल्डी, ईशम सिंह, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रे, भूपेंद्र राजपूत, राजकुमार प्रजापति, सचिन देशवाल, शिवम चौहान, जुगनेश कुमार, पूर्व जिला मंत्री ओमकार सिंह, विक्रम सिंह खोबे, एड.बृजराज सिंह देशवाल, बिट्टू भटनागर, संजय सैनी, गायत्री निराला, अंकित राजपूत, आशीष राजपूत, अभिषेक यादव, हिमांशु उर्फ, ललित पाल नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा आदि भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षाविद् राजीव शर्मा दानी सम्मानित



**बिजनौर।** ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा, वृक्षारोपण एवं पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र की अलख जगाने वाले राजीव शर्मा दानी को कोतवाली ब्लॉक के जूनियर विद्यालय करौंदा चौधर की संकुल मासिक मीटिंग में मेडल एवं माला पहनाकर नोडल अधिकारी लोकेश कुमार तथा शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। दानी ने शिक्षकों को क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त करने के उपाय पर विस्तृत चर्चा करते हुए वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गुफरान व उसकी पत्नी यासमीन मेरे साथ व मेरी पत्नी शमशीदा खातून के साथ बुरा व्यवहार करते है। मेरा पुत्र बुरी संगत में बैठता है तथा मेरे व मेरी पत्नी के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता है। जिससे मैंने अपने पुत्र गुफरान व उसकी पत्नी यासमीन से संबंध विच्छेद कर लिया है तथा मैंने अपने पुत्र गुफरान व उसकी पत्नी यासमीन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**-इरफान अहमद पुत्र श्री जमीरूद्दीन निवासी ग्राम नंगली लाडन, बगदार अंसार, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का विरोध

## नाराज नागरिकों ने विद्युत अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बिजली विभाग द्वारा घरों पर लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर से अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने को लेकर मीटर लगाने पहुंची टीम को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। वही लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर न लगाये जाने के विरोध मे ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कोटरा में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का स्थानीय नागरिकों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा बिलों में अनियमितता की आशंका भी बनी रहेगी। नाराज मौहल्लेवासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने और पहले उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। लोगों ने कहा कि जब तक विभाग पारदर्शी जानकारी नहीं देगा और उपभोक्ताओं की सहमति नहीं लेगा, तब तक मौहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य स्वीकार्य नहीं होगा। इस दौरान निजाम अहमद, नईम अहमद, इमरान मिर्जा, जाहिद मिर्जा, शानू मिर्जा, शहजाद, जुनैद, सभासद सुमामा, नासिर, जावेद अल्वी सहित आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध रकम बैंक खाते में आने से हड़कंप

## खाताधारक डा. एनपी सिंह ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ऑनलाइन ठगी के मामलों के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक अंजान संस्था ने धामपुर निवासी हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह के बैंक खाते में करीब एक लाख रुपये की संदिग्ध धनराशि भेज दी। खास बात यह है कि यह रकम लगभग एक वर्ष तक खाते में पड़ी रही, जिसकी जानकारी स्वयं डॉक्टर को भी नहीं थी। मामला तब सामने आया जब उन्होंने हाल ही में अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाया।

डॉ. एन.पी. सिंह ने बताया कि उनका बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, मंडी शाखा में है। बैंक स्टेटमेंट की जांच करते समय उनके खाते में रांची, झारखंड स्थित रहमानी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी नामक संस्था द्वारा भेजी गई धनराशि दर्ज मिली। संस्था ने 28 अगस्त 2024 को तीन अलग-अलग किस्तों में 40 हजार, 30 हजार और 29 हजार रुपये सहित कुल 99 हजार रुपये नेफ्ट द्वारा ट्रांसफर किए थे। डॉ. सिंह का कहना है कि उनका इस संस्था से कोई संबंध नहीं है, न ही उनके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का इस रकम के संबंध में कोई फोन आया। उन्होंने आशंका जताई कि यह कोई साजिश, गलत ट्रांजैक्शन या फिर किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर जांच की मांग की। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। अब यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह गलती से हुआ ट्रांसफर है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा।

# रजत पदक विजेता तरूण का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** समीपवर्ती गांव चमरौला निवासी तरुण कुमार ने एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 110 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीतकर न सिर्फ अपने गांव क्षेत्र का बल्कि जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

तरुण कुमार के रजत पदक लेकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया। सुबह से ही शहर की गलियां उत्सुकता से भरी थी और बच्चों के हाथों में तिरंगे, युवाओं की आँखों में चमक और बुजुर्गों के चेहरे पर गर्व था। जैसे ही तरुण का काफिला शहर में प्रवेश करता है, ढोल-नगाड़ों की थाप से हवा गूंज उठती है। बता दे कि तरुण कुमार आज सिर्फ एक एथलीट नहीं बल्कि वे एक प्रेरणा हैं, जज्बा हैं और युवा भारत की नई तस्वीर हैं। उनकी घर वापसी ने बिजनौर को सिर्फ खुश नहीं बल्कि भावुक भी कर दिया। चौधरी सुभाष सिंह ने भी तरुण कुमार को अपनी शुभकामनाएं दी है।

# ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने को प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद बिजनौर के विकासखण्ड सभागार अल्हैपुर धामपुर पर आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर।

प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा फैमिली आईडी एवं इसके लाभ तथा बनाने के तरीके को समझाया गया। जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## एसआईआर में ग्राम प्रधान एवं सचिव करें सहयोग : एसडीएम

**धामपुर।** एमडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने एसआईआर में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों से सहयोग करने अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांव में जाकर एसआईआर का कार्य पूर्ण रूप से कर लें और जो शिक्षित युवा है। उनका भी सहयोग प्रदान करें। एसआईआर का डाटा पूर्ण नहीं होगा तो देश की नागरिकता भी खत्म हो सकती है। मतदाता इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए अपना एसआईआर का डाटा पूर्ण कर लें और दूसरों को भी सहयोग प्रदान करें, ताकि कोई छूट न जाए।

# किसानों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई को दिया ज्ञापन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मंडावली थाना प्रभारी से मिलकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में नेशनल हाईवे पर ओवरलोड वाहनों के चलने पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया कि ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, जिसके चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, जाकिर अंसारी, डॉ. अशरफ, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# धामपुर में निकाली जन जागृति यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिन्द की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी की 350वी शहीदी शताब्दी को समर्पित विशाल जनजागृति यात्रा का पंज प्यारों की अगुवाई में बोलह सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष के साथ धामपुर से शुभारम्भ बाबा फोजा सिंह, ज्ञानी रघुवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शुभारम्भ से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में सरबत के भले की अरदास की गईं। पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुबाणी कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को फूलों से सुसज्जित वाहन में शोभायमान किया गया। इस यात्रा में गुरु का नगाड़ा, बाबा अजीत सिंह गतका दल, माता सुंदरी दल कीर्तनी जत्था आदि शामिल रहे। यात्रा में गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह एडवोकेट, सेकरेट्री गुरुचरण सिंह, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, संचालक कमलजीत सिंह नूर, महासचिव सुरेंदर सिंह हुड्डा, गुरदीप रोमी, गुरचरण मोहन, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, परवेंदर सिंह, हरभजन सिंह अमन, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सामाजिक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

शोभा यात्रा का नगीना चौराहा पर डा. एनपी सिंह के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर महंत राहुल अग्रवाल के द्वारा स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने यात्रा में शामिल सभी का प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया।

इस दौरान ठाकुर अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, जावेद, रविंद्र कुमार पप्पू, अरमान अली, आसिफ अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। वहीं रानी बाग चौकी के पास पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सातवें सलूजा मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान समसी, नगर अध्यक्ष सपा सलूजा, मनीष गर्ग, अमित गुप्ता, शिवेंद्र अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बैंक प्रबंधक न होने से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के मुख्य व व्यस्तम क्षेत्र बस स्टैंड के निकट स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) में बीते लगभग 15 दिनों से शाखा प्रबंधक न होने के कारण उपभोक्ताओं एवं स्थानीय व्यापारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में प्रबंधक के अभाव में दैनिक कार्यों में देरी हो रही है, जिससे व्यापारिक लेन-देन तथा आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

स्थानीय व्यापारियों उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा, सचिन, मोबीन कपिल आदि का कहना है कि बैंक के उच्चाधिकारियों से कई बार संपर्क करने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने बताया कि बैंक प्रबंधन की उदासीनता के कारण नकदी जमा, निकासी, खाते संबंधी समस्याओं तथा दस्तावेज सत्यापन जैसे कार्य लंबित पड़े हैं। व्यापार मंडल एवं स्थानीय व्यापारियों ने बैंक प्रशासन से तत्काल प्रभाव से स्थायी शाखा प्रबंधक की नियुक्ति करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलेगा।

व्यापारियों ने कहा कि नगर की व्यस्त बैंक शाखा होने के बावजूद प्रबंधक का लगातार अनुपस्थित रहना बैंक प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे तुरंत सुधारा जाना आवश्यक है।

# मारपीट व लूटपाट के मामले में पुलिस के कार्रवाई न करने पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के मोहल्ला पहाड़वाला में एक महिला के साथ दबंगई दिखाते हुए चार लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से मौहल्ले में रोष व्याप्त है।

पीड़िता ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रिंकू, हिमांशु, गोलू और छोटू नामक युवक तीन अक्टूबर को जबरन उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी चांदी की चेन भी छीन ली। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां विमला देवी और भाई को भी आरोपियों ने नहीं छोड़ा और उनकी पिटाई कर दी। महिला का कहना है कि उसने घटना की तहरीर थाने में देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने विभागीय उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत करने की चेतावनी देते हुए जल्द न्याय की मांग की है।

घटना के बाद से परिजनों में दहशत का माहौल है। महिला ने पुलिस से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नौजवानों को बुराइयों से बचने की जरूरत : खालिद



**करौंदा चौधर में जलसे का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर में जलसे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुराइयों से बचने का आह्वान किया गया।

ग्राम करौंदा चौधर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया तालीमुल कुरआन में आयोजित इस्लाहे मुआशरह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरठ से आए मौलाना मुफ्ती खालिद ने कहा कि समाज के नौजवानों को बुराइयों से बचने की बेहद जरूरत है।

आजकल नौजवान जुए की लत में पड़ रहे हैं। नशाखोरी की ओर भी युवा जा रहे हैं। उन्हें इन बुराइयों को छोड़कर देश तथा समाज को आगे ले जाने के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ तिलावते कुरान व इम्तियाज अजहर बिजनौरी द्वारा नात ए पाक के द्वारा किया गया। जलसे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जलसे में कक्षा में प्रथम आए बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में फायजा अनम, सिदरा परवीन, हाफिज मौहम्मद, अल फैज, मौहम्मद अजमल, मौहम्मद अल्तमस आदि शामिल रहे।

जलसे की अध्यक्षता कारी अब्दुल हलीम ने तथा निजामत मुफ्ती सुफियान ने की। जलसे में मुफ्ती अख्लाक कासमी जसपुरी का भी बयान हुआ।

कारी नाजिम कासमी, मौहम्मद नौशाद, मौहम्मद आरिफ कासमी, शाहिद अहमद, इरशाद, सलीम, अंजार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### इंदिरा गांधी की जयंती पर दिखाई एकजुटता




**धामपुर।** ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष जसराम सिंह ने किया। नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने संचालन संभालते हुए इंदिरा गांधी के संघर्ष, उनके नेतृत्व और भारत को मजबूत बनाने में दिए योगदान पर प्रकाश डाला। जिला सचिव व धामपुर नगर प्रभारी वसी उर रहमान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की रक्षा, एकता और विकास के लिए जो कदम उठाए, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में उदयराज सिंह, लोकेन्द्र चौहान, योगेंद्र कुमार, नईम अहमद, नायब अहमद, कार्तिक चौहान, वसीम रजा (नगर उपाध्यक्ष), मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इंदिरा गांधी के आदर्शों और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

### स्योहारा में सचल न्यायालय 21 को

**धामपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में ग्राम न्यायालय धामपुर द्वारा 21 नवंबर को स्योहारा नगर पालिका परिषद परिसर में सचल न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा। ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी प्रद्युम्न कुमार मिल ने बताया कि मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करना है, ताकि आम जनता को न्याय उनके नजदीक उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस सचल न्यायालय में पक्षकार अपने वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर करवा सकते हैं। मोबाइल कोर्ट में दोनों पक्षों की सहमति होने पर वाद तुरंत निपटाया जाएगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। न्यायिक अधिकारी ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि जिनके वाद ग्राम न्यायालय में लंबित हैं, वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर सुलह-समझौते के माध्यम से अपने मामलों का निस्तारण अवश्य कराए। मोबाइल कोर्ट के आयोजन को लेकर न्यायालय प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह जानकारी युवा अधिवक्ता सुमित सिसोदिया ने दी।

### तय रूट पर चलाएं ई-रिक्शा : थानाध्यक्ष



**कोतवाली देहात।** कस्बे में लगने वाले जाम को दृष्टिगत रखते हुए थाने में ई रिक्शा चालकों की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर ने कहा कि कस्बे में जाम की स्थिति को देखते हुए सभी रिक्शा चालक तय रूट पर ही अपनी ई रिक्शा चलाएं। कोई भी ई-रिक्शा चालक गलत दिशा से अपनी रिक्शा को ने लेकर जाए। कई बार आगे निकलने की होड़ में ई रिक्शा पलट जाती है, जिससे दुर्घटना घटित हो जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए ई-रिक्शा चलाएं। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष इमरान कुरैशी, परवेज शेख, रईस अहमद, अशरफ, अकरम, सुनील, इलियास, गुफरान,कस्बा इंचार्ज अनिल राणा मुकम्मल आदि मौजूद रहे।

### बधाई मांगने वाले नकली किन्नर की पिटाई

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी में एक युवक किन्नर बनकर बधाई मांग रहा था। सूचना पर क्षेत्र के किन्नरों ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की। असली किन्नरों ने बताया कि युवक पिछले कई दिनों से नकली किन्नर बन कर क्षेत्र में घूम कर बधाई मांग रहा था। आगे से ऐसा न करने की हिदायत देकर युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।


## एक नजर

### पूर्व पीएम का जन्मदिन मनाया



**शेरकोट।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता फुरकान महमूद के नेतृत्व मे नगर के कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके के सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुरकान महमूद ने कहा कि वह भारत की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री है। उनके नेतृत्व में 'हरित क्रांति' और 'बैंकों का राष्ट्रीयकरण' जैसी महत्वपूर्ण आर्थिक नीतियां लागू हुई। उन्हें पश्चिमी मीडिया द्वारा 'आयरन लेडी' का दर्जा दिया गया था और उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो को विस्तारपूर्वक बताया। वही कांग्रेस उपाध्यक्ष नाजिम जबी ने लोगों को कांग्रेस द्वारा किये गये कार्यो को गिनाते हुए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के फार्मो के भरने के लिए विस्तार पूर्वक समझाया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष हाफिज सददन, निजाम, नाजिम जबी अंसारी, फुरकान महमूद अंसारी, निजामुद्दीन, नौशाद अहमद, वसीम अहमद, राजेन्द्र सिंह चौहान, शाहिद बादशाह, नईम अहमद, महफूज, इसरार अहमद, मुस्तफा कुरैशी, नईम अहमद, मुन्ना भाई, डा. इकबाल, नफीस अहमद सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज सददन व संचालन गुंजन मित्तल ने किया।

### एम.फार्मा द्वितीय वर्ष में मुस्कान प्रथम



**बिजनौर।** ए.के.टी.यू. द्वारा एम. फार्मा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा मुस्कान ने 8.46 SGPA सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, फरहीन ने 8.15 SGPA द्वितीय एवं सुगम राजपूत ने 08.15 SGPA तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्ग दर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनों का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता डा. विवेक वर्मा, सीमा त्यागी, दीपिका पाल मौ. खालिद दीपक कुमार, शहीर अहमद, नीरज चौहान, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### सपा नेता बब्बन राईन का निधन



**शेरकोट।** मौहल्ला कायस्थान निवासी सपा के पूर्व जिला अल्पसंख्यक सभा के वरिष्ठ नेता बब्बन राईन (58 वर्ष) काफी समय से शुगर से पीड़ित चल रहे थे। जिनका मेरठ सहित अन्य चिकित्सकों के यहाँ उपचार चल रहा है। वर्तमान में वह अपनी बहन के यहां स्योहारा में रहकर अपना उपचार कर रहे थे। देर रात्रि उनका इंतकाल हो जाने से सपा कार्यकर्ताओं मे शोक की लहर दौड़ गयी। बताया जाता है। मरहूम बब्बन राईन बचपन से ही समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम के नेतृत्व में सपा के हित में कार्य करते आये है। उनके इंतकाल का पता चलते ही शेख कमरुल इस्लाम व उनके परिवार को बहुत बड़ा धक्का लगा है। मरहूम बब्बन राईन का दफिना दोपहर स्योहारा में कर दिया गया है। उनके जनाजे में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, शेख कमरुल इस्लाम, पूर्व विधायक नईम उल हसन, नजीब उल हसन, अरशद पैगाम, जिया अहमद सेटू, अदनान राईन, नजरुल इस्लाम, शेख नईम, भोले कुरैशी, शेख शुएब, तसलीम अहमद, शेख ईस्मईल, शमीम अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### उत्तम शुगर मिल ने भेजा गन्ना भुगतान

**नांगल सोती।** स्थानीय उत्तम शुगर मिल बरकतपुर ने इस पराई सत्र में 10 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 17 करोड़ 94 लाख 82 हजार किसानों की सम्बन्धित समिति में भेज दिया है। जल्द ही भुगतान किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगा। इसके साथ मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने किसानों से गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई की अपील भी है। साथ ही किसान मिल में ताजा साफ सुथरा गन्ना ही लाए, ताकि मिल और किसान हित सुरक्षित रहे।

### भैंस चोरी का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा



**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव तुराबनगर नगर निवासी सुनील कुमार की करीब 10 दिन पूर्व चोरों ने भैंस चोरी कर ली थी। पुलिस इसी मामले में जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। आज सुबह नूरपुर मार्ग पर आंकू चौकी के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। पुलिस का दावा है कि एक ऑटो को रोकने का इशारा किया गया तो ऑटो चालक नहीं रुका और बूढ़पुर की ओर जाने लगा। पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार किया गया और अस्पताल में भर्ती कराया। उसने अपना नाम गुल्लू उर्फ शाहबाज पुत्र मुर्तजा निवासी गांव गावड़ी पनियाला थाना नूरपुर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने गांव के दो साथियों के साथ भैंस चोरी की थी। भैंस चोरी करने के बाद काट कर उसका मांस भेज दिया गया था। वह क्षेत्र में पशु क्षेत्र चुराकर कटान के बाद मांस की सप्लाई करने का काम करते हैं। वह खंडसाल क्षेत्र में अपने दो साथियों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई भैंस के बचने के 12000 रुपए एक तमंचा, 315 बोर का कारतूस, पशु कटान के उपकरण व घटना में प्रयुक्त आटो बरामद किया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सांसद ने किया संत रविदास को नमन

**नजीबाबाद।** नगीना लोकसभा के सांसद चंदशेखर आजाद ने ग्राम राजपुर नवादा में आयोजित 'संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सत्संग' में सम्मिलित होकर गुरु महाराज के चरणों में नमन किया। सांसद ने संत समाज को प्रणाम कर प्यारी संगत से आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद ने कहा कि गुरु रविदास के उपदेश हमें समानता, सेवा व मानवता के मार्ग पर दृढ़ता के चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि हम सब एकजुट रहें, नशे से पूरी तरह दूर रहें और अपने बच्चों को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ायें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा रजत कुमार, अशोक कुमार, डॉ. मकसूद चौधरी, ललित कुमार, प्रशांत महासागर, नितीश चौधरी, भीमसेन हल्दिया, अबरार, फहीम अंसारी, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजन गौतम, विवेक सेन, रोहित सागर आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता के बाद हरिहर पदयात्रा रद्द

कैलादेवी धाम व आसपास का क्षेत्र पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, महंत श्रृषिराजगिरि ने मोबाइल का स्पीकर ऑन कर यात्रियों को सुनाई डीएम से वार्ता, कैलादेवी मंदिर के एक किमी की हुई परिक्रमा





सम्भल- केलादेवी में मुख्य मार्ग पर अवरोधक लगाने पर पुलिस कर्मियों से विरोध करते महंत श्रृषिराजगिरि व कैलादेवी में पुलिस बल के साथ तैनात एएसपी।

### 0जिले भर में पहले से लागू है निषेद्याज्ञा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी की पहल और पदायात्रा आयोजक से फोन पर वार्ता के बाद हरिहर पदयात्रा को रद्द कर दिया गया। जबकि संतों और महंत ने कैलादेवी मंदिर परकोटे की परिक्रमा की।

बुधवार को कैलादेवी मंदिर से हरिहर पदयात्रा निकाले जाने को लेकर सुबह से ही गहमा-गहमी बनी हुई थी। जिले भर में निषेद्याज्ञा लागू होने और किसी भी पदयात्रा की अनुमति न होने से शहर और पदयात्रा निकाले जाने वाले मार्गो पर पुलिस का पहरा सख्त कर दिया गया था। जबकि कई थानों की फोर्स को लगाकर निगरानी की जा रही थी। इसके अलावा ड्रौन कैमरों से भी निगाह रखी जा रही थी। पुलिस ने कैलादेवी मंदिर के आसपास पुलिस छावनी बना दिया था जबकि मुख्य मार्ग को अवरोध क खड़े कर बंद कर दिया था। कैलादेवी मंदिर के महंत श्रृषिराज गिरि यात्रा निकाले जाने को लेकर सभी को एकजुट करने में लगे हुए थे लेकिन पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर था। आश्रम पर एएसपी सहित तमाम पुलिस अधिकारी तथा कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी पहुंच गई थी। नगर और पदयात्रा मार्ग पर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। लेकिन पदयात्रा में शामिल होने को लोग मंदिर पर एकत्र होना शुरू हो गये थे। दोपहर बाद जिलाधिकारी की कॉल महंत श्रृषि राजगिरी के मोबाइल पर आई तो उन्होंने स्पीकर ऑन कर सभी संतो तथा लोगों के सामने बात की। हालांकि पदयात्रा का विरोध भी होने लगा थो शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली ने इसे नई परम्परा बताकर विरोध प्रकट कर इस पर रोक लगाने की मांग की थी और पदयात्रा का आयोजन कर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं भाईचारा व माहौल को खराब करने का आरोप लगाया था। पदयात्रा निकालने को लेकर किसी तरह की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। जबकि जिले भर में निषेद्याज्ञा भी लागू है। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहां की आप सभी संतो से अनुरोध है कि कानून व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, साथ ही यह परिक्रमा रद्द कर कैलादेवी परकोटे की परिक्रमा ही कर लें। इसके बाद आश्रम के महंत श्रृषि राज गिरी ने हरिहर पदयात्रा को रद्द कर दिया और कैला देवी परकोटे की एक किलोमीटर की परिक्रमा निकाली। इसे पूर्व नगर की शाही जामा मस्जिद और उसके आसपास को पूरी तरह से बैरिकेटिंग लगा दी गई थी। जबकि ड्रौन कैमरे से भी निगाह रखी जा रही थी। जामा मस्जिद और उसके आसपास क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। साथ सी सी टी वी कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी। पदयात्रा रद्द होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक के के विशनोई भी इसे लेकर निगाह रखे रहे और अधीनस्थों को निर्देश देने के साथ पल-पल की अपडेट लेते रहे।

# सरिया सीधा करते हाइटेंशन लाइन के करंट से राजमिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कोतवाली गुन्नौर के गांव कुहेरा नगलिया निवासी राज मिस्त्री रामकुंवर पुत्र मंसूरी (55) जयपाल के खेत में कन्हुआ- सिरौरा काजी के जंगल में देवताओं का छोटा मंदिर बना रहा था। तभी अचानक निर्माण कार्य के समय सरिया की जरूरत पड़ी तो राज मिस्त्री ने ऊपर हाई टेंशन लाइन का ध्यान न देते हुए सरिया सीध ी करने लगा। जिससे जयपाल की 13 वर्षीय बेटी पिंकी कुमारी एवं 11 वर्षीय बेटा राहुल यादव एवं सबसे छोटा बेटा पुष्पेंद्र यादव तीनों बच्चों सहित राजमिस्त्री बुरी तरह से झुलस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे। लोगों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को गुन्नौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने राज मिस्त्री रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीनों बच्चों का गुन्नौर सीएचसी में इलाज चल रहा है। तीनों बच्चों की हालात समान बताई जा रही है। डाक्टर ने बताया कि बच्चों की कुछ देर बाद छुटटी कर घर भेज दिया जाएगा। मृतक राजमिस्त्री के परिजनों ने पोस्टमार्टम करने के लिए मना कर दिया। और शव को अपने घर ले गये।

## महंत श्रृषिराजगिरि ने हटाया बैरिकैटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिना अनुमति हरिहर पदयात्रा निकाले जाने के आहवान पर पुलिस पहले ही सर्तक हो गयी थी। आला अधिकरियों के निर्देश पर पुलिस ने कैलादेवी मंदिर जाने वाले मार्ग के आसपास अवरोधक खड़े कर दिए थे जिससे भीड़ आगे नहीं बढ़ सके। अवरोधक की जानकारी मिलने पर मंदिर के महंत श्रृषिराजगिरि वहां पहुंच गए। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हे रोकने का प्रयास किया लेकिन महंत श्रीषिरागिरि ने अवरोधक लगाने का विरोध किया और पुलिस पर सवाल खड़े कर दिये।महंत श्रीषिरा गिरि ने अवरोधक का हटा दिया और पदयात्रा के लिए निकल पड़े। इससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में लेकिन डीएम से वार्ता के बाद मान गए।

## ज़रूरत पड़ी तो छह दिसम्बर को फिर दोहराएंगे: श्रृषिराजगिरि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी की काल के बाद हरिहर पदयात्रा कार्यक्रम दोपहर बाद रद्द कर दिया गया। पदयात्रा रद्द होने के बाद महंत श्रृषिराजगिरि ने बताया की जरूरत पड़ी तो आगामी 6 दिसंबर को फिर दोहराएंगे तथा अगले वर्ष भी यह प्रक्रिया जारी रखेंगे।

# जन सामान्य पर नहीं पड़ा पदयात्रा का असर

### 0सामान्य दिनों की तरह खुला बाज़ार उमड़ी रही खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

**सम्भल।** हरिहर पदयात्रा निकालकर भले ही राजनीति अथवा माहौल को गरमाने का प्रयास किया गया हो, लेकिन पदयात्रा का जन समाान्य पर कोई असर नहीं पड़ा। शहर भर में बाज़ार सामान्य दिनों की तरह खुले और खरीदारों की भी भीड़ उमड़ी रही।

विगत वर्ष 19 नवम्बर को शाही जामा मस्जिद में सभी के साथ प्रवेश की अनुमति देने के सिविल जज सी. डि. सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में वाद दायर किया गया था। उसी दिन देर सांय वकील कमिश्नर ने मौका मुआयना कर लिया था। लेकिन 24 नवम्बर 24 को दूसरी बार सुबह-सवेरे मौका मुआयना करने के दौरान भ्रांति फैलने से हिंसा भड़क गयी थभ। जिससे माहौल गरमा गया था जबकि आगजनी और पथराव व गोलीबारी में पांच की जान चली गई थी। दावा दायर होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर दावे के पक्षकार महंत श्रीृषिराजगिरि ने कैलादेवी मंदिर से 22 किमी की हरिहर पदयात्रा का एलान कर दिया थ। हरिह पदयात्रा निकालने जाने को हालांकि प्रशासन की ओर से कोई अनुमति नहीं दी गई थी। लेकन आयोजक पदयात्रा निकाले जाने को लेकर अडिग बने हुए थे। पदयात्रा निकाले जाने से भले ही राजनीति अथवा माहौल गरमाया हो, लेकिन शहर व आसपास क्षेत्रों में इसका कोई असर दिखायी नहीं दिया। शहर के मुख्य बाज़ार में हर छोटी-बड़ी दुकानों को पूर्व की तरह खोला गया। इसके साथ बाज़ार में खरीददारों की भीड़ भी कम नहीं रही। बल्कि अन्य दिनों की तरह खरीदारों की भीड़ बाज़ार में खरीदारी करते देखी गयी। इनमें महिला खरीददारों की भीड़ सबसे अधिक रही जबकि दुकानदारों पर भी पदयात्रा को लेकर कोई असर दिखायी नहीं दिया। दुकानदार भी सुबह से ही अपनी-अपनी दुकानें व प्रतिष्ठानों को खोलने पहुंच गए थे। सांय को भी बाज़ार सामान्य दिनों की तरह अपने समय पर बंद हुआ।

## विश्व शौचालय दिवस पर चला विशेष अभियान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व शौचालय दिवस पर नगर भर में अभियान चलाकर शौचालयों की विशेष साफ-सफाई की और लोगों को जागरूक किया। नगर पालिका परिषद के ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि वर्ल्ड टॉयलेट डे पर नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा अपने शौचालयों पर साफ सफाई कराते हुए वहां को स्वच्छ साफ हाइजीन एक्सेसिबल सुलभ आदि का ख्याल रखते हुए साफ सफाई कराकर उन लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा क्लीन टॉयलेट कैम्पेन चलाकर। लोगों को जागरूक किया गया। शौचालय को साफ सफाई कराकर शौचालय के महत्व भी बताया गया

## एसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के खिरनी स्थित निर्माणाधीन पुलिस चौकी का एसपी ने बुधवार को निरीक्षण किया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को थाना क्षेत्र के खिरनी स्थित निर्माणाधीन पुलिस चौकी का जायजा लेते हुए निर्माण संबंधित कार्य को देखा तथा मानक अनुसार समयबद्ध निर्माण करने के आवश्यक निर्देश दिए।

# खाद विपणन अधिकारी के कार्यालय पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। विपणन अधिकारी वार्ता के लिए मौके पर पहुंचे।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में बहजोई जिला खाद विपणन अधिकारी कार्यालय के सामने किसान धरने पर बैठ गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि सरकारी धान और बाजार खरीद में माफियाओं का तौल किया जा रहा है। मूल किसान सरकारी खरीद से काफी दूर है। चकबंदी विभाग भी सत्यापन करने में संवेदनहीन बना हुआ है। जिला महासचिव शिशुपाल सिंह यादव ने कहा कि पवांसा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के पास धान और बाजार खरीद का प्रभार है, लेकिन वह किसानों की 10 फीसदी भी तौल नहीं कर रहे हैं। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे जिला खाद विपणन अधिकारी संजीव राय ने किसानों की समस्याओं का आश्वासन दिया।

## अयोध्या काशी मथुरा जैसी है सम्भल की भूमि

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित ऐतिहासिक, आध्यात्मिक चर्चा कार्यक्रम में सम्भल की पावन पवित्र भूमि को भगवान श्री कल्कि अवतार स्थली होने के कारण अयोध्या मथुरा काशी के समान पूजनीय और महत्वपूर्ण बताया गया। जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार त्रेता युग में भगवान श्री राम के अवतार होने के कारण अयोध्या और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण के अवतार होने के कारण मथुरा की प्रसिद्दि है ठीक उसी प्रकार वर्तमान कलयुग में भगवान कल्कि विष्णु की अवतार स्थली होने के कारण सम्भल की भूमि पूजनीय और महत्वपूर्ण है। उन्होंने अयोध्या मथुरा काशी के समान सम्भल की भूमि को पावन पवित्र प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संभल पर महाप्रलय का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

## छह माह पूर्व लापता बालक तमिलनाडू से बरामद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** छह माह से लापता चल रहे बच्चे को तमिलनाडु से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डासर से करीब छह महीने पहले जगसरन पुत्र गंगाराम ने तहरीर देकर अपने बच्चे के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश के लिए टीम गठित की थी। क्राइम इंस्पेक्टर संजीव गिरी ने बताया बच्चे के पिता की तहरीर के आधार पर 05.05.2025 को मुकदमा दर्ज किया था। असमोली पुलिस टीम लगातार सुराग जुटाने में लगी थी। अथक प्रयासों के बाद असमोली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी और बच्चा तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु से बरामद कर लिया गया। बच्चे की बरामदगी में क्राइम इंस्पेक्टर संजीव गिरी और हेडकांस्टेबल योगेश तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बरामद हुए बच्चे को सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढ़ते जलस्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

## हसीना बेगम में दो दर्जन रोगियों ने उठाया नेत्र शिविर का लाभ

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बुधवार को नगर के चन्दौसी मार्ग लोनिवि निरीक्षण भवन के सामने स्थित हसीना बेगम हॉस्पिटल मे नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे करीब दो दर्जन मरीजों ने पहुंचकर नेत्र शिविर का लाभ उठाया। अनेक मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन किए गए और आयुषमान योजना का लाभ दिया गया। मोतियाबिन्द के मरीजों ने कैम्प का लाभ लिया। डा. गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि आंखो के रोगियों के लिए ईलाज स्टार्ट किया गया है। 12 से 15 ऑपरेशन है सबको सुविधा दी जा रही है कोई शुल्क नहीं हैं बिना किसी इंजेक्शन और चीरे के ऑपरेशन है। हमने बहुत एडवांस मशीन मनाई है। डा. कुमार सम्भव है जो मरीजों को देखेंगे। डा. तनुज ने बताया कि सप्ताह मे एक बार कैम्प का आयोजन होगा और हर दिन भी बैठकर मरीज देखे जा रहे हैं। ऑपरेशन के बाद कोई सावधानी बरतने की कोई जरूरत नहीं है बस आंखो को टच नहीं करना है, पानी नहीं लगाना है कपड़ा नहीं लगाना है। पढ़ सकते हैं मोबाईल और टीवी भी देख सकते हैं। कम्पयूटर भी चला सकते हैं।

# जूनियर हाई स्कूल भवानीपुर में धूमधाम से मनाई लक्ष्मीबाई जयंती

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में रंगोली बनाकर एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिवस मनाया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बागपत निवासी, मोटिवेशनल स्पीकर श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी ने छात्र-छात्राओं के समक्ष देशभक्ति की प्रेरणा देती एक कविता प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई बचपन से ही घुड़सवारी, तलवारबाजी और निशानेबाजी में कुशल थीं। अपने पति की मृत्यु के बाद, ब्रिटिश सरकार ने उनके दत्तक पुत्र को उत्तराधिकारी मानने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्होंने झांसी की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने कालपी से ग्वालियर तक तात्या टोपे के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी। 18 जून, 1858 को ग्वालियर के पास कोटा की सराय में हुई लड़ाई में वे वीरगति को प्राप्त हुईं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक तृषा लोधी, नोडल शिक्षक सेवाराम सिंह, सीमा चौधारी , श्यामभवी मिश्रा, मामराज, देववती, अनीता रानी, मनीष जोशी,रेखा, शिवानी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। अधयक्षता ग्राम प्रधाान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी ने एवं संचालन अतुल कुमार शर्मा ने किय

## उमरा ज़ायरीन की मौत पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सऊदी अरब में उमराह तीर्थ यात्रियों को ले जा रही एक बस की डीजल टैंकर से टक्कर के बाद बस में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 42 भारतीय तीर्थ यात्रियों की मौत हो गयी। यह घटना सोमवार 17 नवंबर तड़के मक्का से मदीना जाते समय हुई। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के के गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव के बबराला स्थित कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गई। सपा नेता अमित यादव ने बस हादसे में भारतीय तीर्थ यात्रियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 42 लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इदरीसी ने सरकार से मृतकों के परिवारों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने का आग्रह किया। शोक सभा में देवेन्द्र यादव, सुमित, शशिकांत, राजा यादव, शमीम अहमद आदि रहे। सभी ने मृतकों को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# वोटर की गुहार हुज़ूर अभी में ज़िंदा हूं

### 0बिना पुष्टि किए जाने का वोट काटे जाने का आरोप

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



**सिरसी।** एसआइआर चलाकर मतदाताओं की पुष्टि की जा रही है लेकिन मतदाता सूचियों में अनेक तरह की कमियां सामने आने के बाद जिंदा वोटरों के नाम भी गायब मिल रहे है। जिससे एसआईआर फार्म भरने में दिक्कतों का सामना हो रहा है। एक बुजुग महिला मतदाता ने उसका नाम काटे जाने का आरोप लगाया है। जबकि मतदाता सूची में नाम अंकित होने के बावजूद चुनाव आयाग की वेबसाइट पर परिणाम शून्य आ रहा है।

मौहल्ला चौधरियान निवासी जर्रार हुसैन की लगभग 120 वर्षीय पत्नी शफीक फात्मा की ओर से उप जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा गया है कि मेरा नाम 2003 की सूचा तथा वर्तमान सूची के भाग सं. 71 में क्रम संख्या 626 पर अंकित है। लेकिन उनका एस आई आर फार्म नहीं पहुंचने पर परिजनों द्वारा मालूम किए जाने पर बतया गया कि उन्हे मृत अंकित कर दिया गया है। दिलचस्त बात यह है कि वयोवृद्ध महिला सरकारी पेंनशनर भी है फिर भी मृत दर्शाया जाना बीएलओ सहित सम्बंधित कर्मचारियों की काय प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। महिला वोटर ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए एसआइआर फार्म उपलब्ध कराने की मांग की है। इतना ही नहीं शहर और ग्रामीण अंचलों में भी मतदाता सूचियों पर काफी त्रृटियां सामने आ रही हैं। कहीं नाम और आयु गलत है तो कहीं वल्दियत में गड़बड़ी मिल रही है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर मतदाताओं के 2003 की सूची से नाम गायब मिल रहे है। इसे लोगों को एसआईआर फार्म भरने में भी काफी दुशवारियों का सामना हो रहा है।

## उप्र खादी ग्रामोद्योग देगा 10 लाख तक का वित्तीय लोन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उ.प्र. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में निवास करने वाले बेरोजगार युवक/युवतियों को अधिकतम 10.00 लाख तक का वित्तीय श्रृण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है। इसके तहत 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी द्वारा वहन किया जाएगा

# जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग नफरती बीज बोना करें बंद: किछोछवी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



**सम्भल।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्ल्ड सूफी फोरम के चेयरमैन सय्यद मुहम्मद अशरफ किछौछवी ने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री विधायक रघुराज सिंह के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिम्मेदार पद पर बैठे हुए लोग वैचारिक आतंकवाद की भाषा बोल रहे हैं जो कि समाज को तोड़ने वाली है, ऐसी भाषा का प्रयोग कर सीधे तौर पर विदेशी दुश्मनों को ताकत देने का काम किया जा रहा है। उन्होने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियों को इसका संज्ञान लेना चाहिये और खुद भारत के प्रध ानमंत्री और गृहमंत्री को इस विषय को संजीदगी से लेना चाहिए। उन्होने कहा कि एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा सीधे तौर पर देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के पढ़े लिखे लोगों को आतंकी कहना सीधे तौर पर सीमा पार बैठे आतंकियों को मदद पहुंचाना है ताकि वह भटके हुए नवजवानों का ब्रेनवॉश आसानी से कर सकें,उन्होंने आगे कहा कि ऐसे लोग समाज में व्यापक पैमाने पर नफरत का प्रसार कर रहे हैं। उन्होने सवाल किया कि रागुराज सिंह को बताना चाहिये कि वह मिसाइल मैन डा. कलाम को क्या आतंकवादी मानते हैं? इनकी नजर में शहीद अशफाक उल्लाह खान आतंकवादी थे? नफरत की भाषा बोल कर देश को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करने वालों पर सरकार को गंभीरता से कार्यवाही करनी चाहिये और ऐसे लोगों को पदमुक्त कर देना चाहिये। उन्होने कहा कि देश में हिंसा फैलाने वाले या हिंसा फैलाने की साजिश रचने वाले कोई भी हों देश के दुश्मन हैं उनके खिलाफ पूरा देश एकजुट है ,कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत का प्रत्येक नागरिक आतंक और आतंकवादियों के खिलाफ सरकार के साथ है और ऐसे वैचारिक आतंकवादियों के भी खिलाफ है जो भारत के टुकड़े करने की घिनौनी साजिश में शामिल हैं। उन्होने कहा कि वह दुआ करते हैं कि राम और कृष्ण ख्वाजा और नानक की ध रती पर ऐसी सोच रखने वाले लोगो को ईश्वर सद्बुद्धि दे और इनकी जुबान में मिठास पैदा कर दे ताकि यह हमारे प्यारे वतन को तोड़ने की साजिश का हिस्सा न बनने पायें।

# तहसील मुख्यालय पर पड़ेंगे बार काउंसिल के वोट

**शाह टाइम्स,संवाददाता**


**बबराला।** बार काउंसिल उत्तर प्रदेश (प्रयागराज) के चैयरमेन शिव किशोर गौड़ ने गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी बार काउंसिल ऑफ प्रयागराज के चुनावों में अब तहसील मुख्यालय पर ही वोट पड़ेंगे। उन्होंने बार के अधिवक्ताओं के लिए रजिस्ट्रेशन, सीओपी आई कार्ड एवं मेडिकल क्लेम आदि जो भी कार्य उनके संज्ञान में आए। उनका कार्य करने का काम किया। इसके अलावा अन्य भी कोई काम अधिवक्ताओं का इलाहाबाद से संबंधित रहा। तो उनका सहयोग किया है। और आगे भी उसको पूरा करते रहेंगे।

बुधवार को उन्होंने कहा कि अब जबकि चुनाव आ चुका है। तो बलिया ,गोरखपुर आदि स्थानों से लोग आएंगे और वोट हासिल करने के बाद फिर दोबारा आपके सामने नहीं आएंगे। और ना ही आगे दिखाई देंगे। सभी चाहते हैं कि हम अपना नाम चलाने के लिए दो-तीन जिलों में पोस्टर चिपका दें। और वोट हासिल कर लें। उन्होंने कहा कि अब अब आपका वोट गुन्नौर तहसील में ही पड़ेगा। इसके साथ ही आपको जिले पर वोट डालने नहीं जाना पड़ेगा। मैंने ही अधयक्ष बनने के बाद उच्च न्यायालय से अनुरोध कर तहसील मुख्यालय पर ही वोट डलवाने के लिए कार्य किया। मैंने गुन्नौर ,सम्भल ,बिसौली, सहसवान आदि तहसीलों के अधि वक्ताओं के दर्द को समझा और यह काम मैं कराया। मुझे आउटलाइन वोट और तहसील से ज्यादा वोट मिला। पूरे उत्तर प्रदेश में 25 मेंबर हैं।लेकिन तहसील के अधिवक्ताओं का काम मैंने ही सर्वाधिक लोगों के ढाई वर्ष में काम कराए हैं। और आगे भी आप लोगों का काम करता रहूंगा। तहसील का वकील अब आपके सत्ता में बैठा है। पिछले ढाई वर्ष से बैठा हुआ है। आप लोगों का मुखिया है। आपके सुख-दुरूख में हमेशा साथ खड़ा है। जब भी गुन्नौर बार ने मुझे बुलाया मैं हमेशा उनके साथ खड़ू हूँ।


**सम्बंध-विच्छेद**

मेरी शादी बुशरा फहीम निवासी घेर परछाइया जिला अमरोहा से हुई थी। आपसी मन मुटाव के कारण मेरा व मेरी पत्नी बुशरा फहीम ने एक दूसरे से सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब हम दोनों में पति-पत्नि का कोई सम्बन्ध नहीं रहा।

**नईम खान पुत्र गजन्फर उल्ला**
नि. मौहल्ला मियां सराय
अन्दरूनी किला सम्भल।

बबराला- गुन्नौर कोतवाली में भरा बारिश का पानी

## पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को किया याद

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिला एवं कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने देश की पहली महिला प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108 वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में बड़ी धूमधाम एवं श्रृद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ तुर्की, एवं वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। जबकि चौधरी सराय स्थित मुशीर खां तरीन के कार्यालय पर मुशीर खां तरीन और नगराध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्र्यापण किया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी के देशहित में दिए गए बलिदान एवं मजबूत नेतृत्व को याद करते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित किए। जिला कांग्रेस कमेटी ने संकल्प लिया कि इंदिरा जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी देश की एकता, अखंडता एवं गरीब-शोषित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी।

# दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन के मामले में वांछित आरोपी को मझोला थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने दुष्कर्म, शादी का झांसा देकर शोषण, जबरन धर्म परिवर्तन कराने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी यासीन उर्फ आमिर को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर बीती 17 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाना मझोला में दी गई शिकायत में बताया था कि आरोपी यासीन ने अपना नाम बदलकर उससे दोस्ती की और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने पीड़िता पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया और विरोध करने पर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना मझोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन पर वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह और सिविल लाइंस क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में मझोला थाना पुलिस टीम को आरोपी की तलाश में लगाया गया। लगातार की गई खोजबीन और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी यासीन उर्फ आमिर पुत्र जुम्मा शाह, निवासी गदम.



रपट्टी टीकासिंह थाना शाहबाद जिला रामपुर, को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को आवश्यक पूछताछ के पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले से संबंधित अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# पीली कोठी चौराहे पर 750 छात्राओं ने मानव श्रृंखला बना कर दिया जागरूकता का संदेश

**मुरादाबाद।** महानगर में यातायात माह के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पीली कोठी चौराहे पर एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, पुलिसकर्मियों एवं सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम की खास बात रही शकुन्तला देवी इंटर कॉलेज की लगभग 750 छात्राओं द्वारा बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला, जिसने राहग. ीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति संदेश दिया। छात्राओं ने हाथों में जागरूकता से जुड़े स्लोगन वाले प्लेकार्ड लिए और लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीड से बचने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। मानव श्रृंखला देखकर चौराहे से गुजरने वाले आम लोगों ने भी इसकी सराहना की और कई वाहन चालकों ने मौके पर ही हेलमेट न होने पर वापिस जाकर हेलमेट लाने की बात कही।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है,नियमों का पालन। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सबसे अधिक प्रभाव डालती है, इसलिए छात्राओं द्वारा किया गया यह प्रयास निश्चित रूप से जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने



सभी अभिभावकों और वाहन चालकों से अपील की कि जीवन अनमोल है और एक छोटी–सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।कार्यक्रम में पुलिस विभाग की यातायात शाखा ने भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक के सहयोग से ही संभव है। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने भी छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह की गति. विधियाँ बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।समापन में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। यह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम न केवल सफल रहा, बल्कि लोगों के मन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी जाग्रत कर गया।

## एक नजर

### नगर में जश्ने साबिर झंडा निकाला गया बड़ी संख्या में शामिल हुए अकीदत मंद



**कुंदरकी।** बुधवार को ताजमहल स्थित दरगाह से जश्ने साबिर पाक झंडा मुबारक निकाला गया हाशिम हाजी अल्लाह बख्श मजार से मोहम्मद आलम साबरी मोहम्मद आजम साबरी मोहम्मद असलम साबरी हाजी मजीद साबरी सूफी असलम साबरी आफताब साबरी शकील साबरी जिले हसन साबरी चंद बाबू साबरी फुरकान साबरी मोहम्मद अहमद साबरी साजिद साबरी सैफू साबरी इरफान साबरी सलीम मियां राजापुर शकील साबरी फिरोजाबाद फैजी साबरी आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बजरंग दल व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और ग्राम प्रधानों ने एसएसपी को किया सम्मानित



**मुरादाबाद।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस प्रशासन की तत्परता लगातार प्रभावी परिणाम दे रही है। हाल ही में प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और उसके साथी दीनू को पुलिस द्वारा मुठभेड़ में ठेर करने की कार्यवाही को लेकर जनपद भर में पुलिस टीम की सराहना की जा रही है। इसी उपलब्धि पर बुधवार को भी विभिन्न संगठनों, पंचायत प्रति. निधियों और सामाजिक संस्थाओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सम्मानित किया।सबसे पहले जनपद मुरादाबाद के पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सतपाल अंतिल को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने न केवल अपराधियों में भय उत्पन्न किया, बल्कि आमजन के बीच सुरक्षा की भावना को भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सख्त कार्रवाई से अपराधियों के मनोबल पर लगाम लगती है और जनता का भरोसा पुलिस पर बढ़ता है।इसके बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना व संगठन के अन्य सदस्यों ने एसएसपी को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। रोहन सक्सेना ने कहा कि रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त बदमाशों के खिलाफ मुरादाबाद पुलिस की कार्रवाई सराहनीय है और इससे प्रदेश में कानून–व्यवस्था को मजबूती मिलती है। इसके अलावा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी एसएसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महासभा के सदस्यों ने कहा कि अपराधियों पर की गई यह कार्रवाई समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं सकता। उन्होंने मुरादाबाद पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी कार्यवाहियों से नागरिकों का विश्वास पुलिस प्रशासन में और अधिक मजबूत हुआ है।इस अवसर पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज में शांति और सुरक्षा कायम रखना है, और यह तभी संभव है जब जनता पुलिस के साथ सहयोग करे। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुरादाबाद पुलिस आगे भी अपराध के खिलाफ सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई जारी रखेगी।

### मैनाठेर में ट्रक–ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, चालक गंभीर रूप से घायल

**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव बघा के निकट सम्भल– मुरादाबाद हाईवे पर बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव बघा के निकट हुए इस हादसे में एक ट्रक और ट्रैक्टर–ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रामनगर से सम्भल की ओर जा रहा बाजारू फूड से लदा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। यह ट्रक आगे चल रही एक ट्रैक्टर–ट्रॉली से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में घायल ट्रक चालक की पहचान सम्भल के हयातनगर निवासी नेम सिंह पुत्र शोध सिंह के रूप में हुई है।

वहीं, ट्रैक्टर–ट्रॉली चला रहे रामपुर निवासी नेपाल पुत्र ओमकार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नेपाल अपनी ट्रैक्टर–ट्रॉली में चोकर भरकर सम्भल की ओर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मैनाठेर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे में गंभीर रूप से घायल चालकों को अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी ट्रक चालक को नींद की झपकी आने की बात कही। वहीं अस्पताल में घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दो बाइकों को मारी टक्कर एक की मौत, तीन गंभीर

**कुन्दरकी।** आगरा नेशनल हाईवे पर जलालपुर मार्ग के पास बुधवार सुबह करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रही दो मोटरसाइकिलों को



जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से हाईवे पर अफरा–तफरी मच गई और यातायात लंबे समय तक बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस बिलारी से मुरादाबाद की दिशा में तेज रफ्तार से आ रही थी। अचानक चालक का बस पर नियंत्रण बिगड़ गया, जिसके चलते उसने आगे चल रही दो बाइकों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिल उछलकर दूर जा गिरीं और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने खंदक में जा धंस गई। बस में कई यात्री सवार थे, जो हादसे के बाद दहशत में आ गए। हादसे में बिलारी के गांव सियाली नंदा निवासी दो सगे भाई कमल (32) और विनय पुत्र रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाई रिलायंस पेट्रोल पंप पर ड्यूटी करने जा रहे थे। जिसके बाद हादसे में घायल कमल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनय को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार बिलारी क्षेत्र के गांव नोशेना सोंडारा निवासी बाबूराम पुत्र तेजपाल और देशवाल पुत्र राजवीर, जो बेलदारी का कार्य करने मुरादाबाद जा रहे थे, वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने जाम हटवाकर यातायात सुचारू कराया। रोडवेज बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# टिमिट के छात्रों का शैक्षणिक–औद्योगिक दौरा सूर्या रोशनी लिमिटेड, काशीपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट–कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा विद्यार्थियों के वास्तविक औद्योगिक अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक–औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। यह भ्रमण सूर्या रोशनी लिमिटेड, काशीपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बीबीए(आईबी एण्ड् ई) तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता प्रबंधन, सप्लाई चेन संच. ालन, औद्योगिक सुरक्षा मानकों तथा आधुनिक तकनीकी प्रक्रियाओं का वास्तविक अवलोकन करवाना था। विद्यार्थियों को फैक्ट्री के विभिन्न विभागों जैसे– मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, पैकिंग सेक्शन, मटेरियल मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक ऑपरेशंस एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट का विस्तृत परिचय कराया गया। सूर्या रोशनी लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी उद्योग इकाइयों में से एक है, ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें कंपनी के संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण




पहलुओं से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने छात्रों को इंडस्ट्री में अपनाई जाने वाली टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट इत्यादि जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी, जिससे छात्रों को उद्योग की व्यावहारिक समझ विक. सित करने में सहायता मिली। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के दौरान सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और उत्पादन व प्रबंधन से सम्बंधित अवधारणाओं को वास्तविक परिदृश्य में समझा। यह भ्रमण उनके भविष्य के करियर हेतु अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर डॉ. विपिन जैन ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। इससे न केवल उन्हें उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली का ज्ञान मिलता है, बल्कि उनके भीतर व्यावसायिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता भी विकसित होती है। प्रो. विपिन जैन ने सूर्या रोशनी के अधिकारियों का इस अवसर के लिये धन्यवाद किया।

और मुझे विश्वास है कि यह अनुभव उन्हें उद्योग जगत में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। मैं आयोजक टीम, संकाय सदस्यों और छात्रों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

# किसानों ने प्रधानमंत्री द्वारा 21वीं किश्त जारी करने के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को कृषि विज्ञान केंद्र पर देखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**करनपुर/ठाकुरद्वारा।** ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 21वीं किश्त वितरण कार्यक्रम ष्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 का उदघाटनष का सजीव प्रसारण केंद्र पर कृषकों को दिखाया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ये किस्त कोयम्बटूर, तमिलनाडु से जारी की है, जहां से 9.00 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खाते में ये राशी दे दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम को देखने आये कृषकों के खेती बाड़ी से जुड़ी समस्याओं का निदान भी किया गया। कार्यक्रम में आये किसानों का केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ रवींद्र कुमार द्वारा स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा



किसानों को ष्मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्वष बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के रामगा. ेपाल सिंह चौहान (एस.एम.एस) ओमगिरी (सहायक विकास अधिकारी), शांतिपाल ने भी शिर. कत करी। इस कार्यक्रम में मुखलाल, राकेश, वीरेंद्र, विजेन्दर, दर्शन लाल, मोहम्मद इलियास, नरेश सागर, धर्मपाल, गार्गी रानी, रूपेश रानी, कंचन चौहान आदि लगभग 150 किसानों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में आये कृषकों को जलपान भी दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार व दिनेश कुमार ने योगदान दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद ने एसएसपी सतपाल अंतिल को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जिले में बदमाशों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये की रंगदारी मामले का सफल खुलासा करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल को अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद की टीम ने सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी 'दाँतल' के नेतृत्व में दिल्ली, मुजफ्फरनगर और उत्तर प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों ने मुरादाबाद पहुंचकर एसएसपी को शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी 'दाँतल' ने कहा कि एसएसपी के निर्देशन में पुलिस ने न केवल पीड़ित को न्याय दिलाया, बल्कि मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और दीनू को मुठभेड़ में मार गिराकर अपराधियों के मनोबल को तोड़ा है। यह कार्रवाई पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। मुरादाबाद के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी से एक करोड़ की रंगदारी मांगे जाने के बाद



एसएसपी ने विशेष टीम गठित की थी। लगातार दबिश और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों का पीछा कर उन्हें मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।

सम्मान कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारीख्र जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी, प्रदेश सचिव सिद्धार्थ तोमर, प्रभात सांग. वान, सुशमेंद्र चौधरी, राहुल बालियान सहित अंकुर चौधरी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस की तत्परता से जनता का कानून–व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत हुआ है। अभिनंदन स्वीकार करते हुए एसएसपी सतपाल आंतील ने संगठन का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध पर शून्य सहन शीलता की नीति लागू है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आमंत्रण पर उद्यमी संवाद में टीएमयू के कुलाधिपति ने की शिरकत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के आमंत्रण पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन उद्यमी एवम् व्यापारी संवाद में शामिल हुए। यूपी कैबिनेट में औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में आयोजित इस अति महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए उद्यमियों के संग–संग टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की भी भागीदारी रही।

दिल्ली के वाणिज्य भवन में हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य इंडस्ट्रीज प्रमोशन के अलावा देश–प्रदेश के उद्यमियों की दुश्वारियों को जानना रहा। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने दोनों मंत्रियों को आश्वस्त किया, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इस मुकाम तक ले जाएंगे, निकट भविष्य में देश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा। दूसरी ओर कुलाधिपति श्री



सुरेश जैन के संग–संग ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के संग व्यक्तिगत वार्ता भी हुई। परस्पर जय जिनेन्द्र के अभिवादन के संग कुलाधिपति का सार्थक संवाद हुआ। श्री गोयल ईडी श्री अक्षत जैन से मिलकर गदगद नजर आए। उल्लेखनीय है, उद्यमी एवम् व्यापारी संवाद में सबसे युवा उद्यमी श्री अक्षत जैन ही थे। कुलाधिपति सुरेश जैन ने जीवीसी श्री मनीष जैन के साथ ईडी श्री अक्षत जैन का परिचय कराया। कुलाधिपति ने बताया, श्री अक्षत जैन विदेश से यूजी और पीजी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद यूनिवर्सिटी में अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं। वह टीएमयू को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए संकल्पित हैं। यूनिवर्सिटी हर साल करीब 25 करोड़ की राशि स्कॉलरशिप और चिकित्सा सेवा में चौरिटी करते हैं। श्री गोयल बोले, जापान की तुलना में भारत युवाओं का देश है। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का दारोमदार श्री अक्षत जैन सरीखे ऊर्जावान युवाओं के कंधों पर है। इन युवाओं पर हमारी उम्मीद टिकी है। हमें उद्योगों विशेषकर शिक्षा की उन्नति के लिए श्री अक्षत जैन जैसे युवाओं को आगे लाना होगा।

यहां यह उल्लेखनीय है, श्री पीयूष गोयल और श्री अक्षत जैन की शिक्षा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से हुई है। श्री गोयल के बच्चों की शिक्षा का संबंध भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से है। श्री गोयल से गुफ्तगू में जीवीसी के संग श्री अक्षत जैन ने न केवल टीएमयू की विकास यात्रा की चर्चा की, बल्कि भविष्य का ब्लूप्रिंट भी रखा। कैबिनेट मंत्री को टीएमयू की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए श्री अक्षत जैन बोले, रिसर्च, नवाचार, स्टार्टअप्स के संवर्द्धन के प्रति हम संकल्पित हैं। अंत में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और यूपी कैबिनेट में औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को यूनिवर्सिटी आने का आमंत्रण दिया।

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश/सिविल न्यायाधीश (सी.डी.), महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 397 सन् 2023
**कम्प्यूटर संख्या:** (1701/2023)
**तारीख पेशी:** 20.11.2025
**श्रीमती जन्नत बी बनाम आसिम**

1. मौहम्मद आसिम पुत्र मकबूल हुसैन, निवासी मौहल्ला गलशहीद, एचएसबी इंटर कॉलेज के सामने, मुरादाबाद, 2. साजिद, 3. नाजिम, 4. दानिश पुत्र शाहिद हुसैन, 5. श्रीमती तौसीफ जहाँ, पत्नी साजिद, 6. श्रीमती सीमा पत्नी शाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला असालतपुरा चौराहा, मुरादाबाद। हरगाह वादिनी ने आपके निाम एक नालिश बावत **स्थायी निषेधाज्ञा** हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 11 सन् 2025 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिसपर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दि. 17.11.25 को जारी किया गया।

**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय, लघुवाद न्यायाधीश/ सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धारक नगला वि0खं0 डिलारी**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि/ग्र०पं०/निविदा/2024-26 दिनांक- 19/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धारक नगला विकासखंड डिलारी की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/ 15 वा वित्त/ योजना अंतर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराए जाने हैं इच्छुक पंजीकरण ठेकेदार दिनांक 26/11/2025 को 2:00 तक अपनी अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति सहित नियम अनुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित होगा। निविदायक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26/11/2025 को 3:30 बजे खोली जाएगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि 2 % | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत धारक नगला में चौराहे से कब्रिस्तान तक सीसी टाइल्स निर्माण कार्य | 307927 | 6158.54 | 100 | 15 दिन |

शर्तें
1-आयकर व्यापार कर नियम अनुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर व्यापार कर एवं टिन नंबर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2-निविदा को निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
3-कोई भी निविदा बिना शर्त स्वीकार नहीं की जाएगी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धारक नगला
वि0खं0 डिलारी मुरादाबाद

सचिव
ग्राम पंचायत धारक नगला
वि0खं0 डिलारी मुरादाबाद

# सपा विधायक साइकिल चलाकर मतदाताओं को कर रहे जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान साईकिल चलाकर गांव गांव पहुंचकर मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर लगातार जागरुक कर रहे हैं। बुधवार को इसी क्रम में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान बिलारी अपने कैंप कार्यालय से साइकिल चलाते हुए नगर में हाइवे पर जगह-जगह रख कर दुकानदारों, फल विक्रेता, महिलाओं आदि को जागरुक किया । बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में चल रही है जिसमें मतदाता जागरूकता निभाते हुए अपने-अपने गणना प्रपत्र समय से भरकर दे दें जिस समय रहते उन प्रपत्र को बीएलओ द्वारा ऑनलाइन किया जा सके। इसके अलावा सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान हाईवे होते हुए क्षेत्र के ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर पहुंचे जहां पर उन्होंने अनेक बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से वार्ता की इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को हो रही समस्याओं को भी जाना, उन्होंने अपने पार्टी के बीएलए को निर्देशित




करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिल पाए हैं उनकी सूची तैयार करके क्रमबद्ध तरीके से बीएलओ से मिले और उनके प्रपत्र ढूंढवाने में मदद करें। इसके अलावा मतदाताओं की 2003 की लिस्ट से मिलान करवाकर मैपिंग करवाने में बीएलओ का सहयोग करवाएं। आगे कहा कि यदि किसी भी तरह की मतदाताओं को कोई परेशानी एसआईआर फार्म भरने में हो रही है, तो उस परेशानी को बीएलए को बताएं और बीएलए अपने जिम्मेदारी समझते हुए हल कराने की कोशिश करें, यदि बीएलए के स्तर से परेशानी हल नहीं हो पा रही है तो वह कैम्प कार्यालय में आकर या दूरभाष पर ही अपनी शिकायत बता दें, जिससे उनकी सभी परेशानियों को समय रहते हल किया जा सके। इस दौरान बीएलओ जावेद आलम अंसारी , सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव यादव, सभासद हप्पू राजा, व्यापार सभा के विधानसभा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, विश्वजीत सिंह यादव, ग्राम प्रधान पति सद्दाम सैफी, भूरा, प्रशांत गुप्ता, खालिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से छात्र गंभीर रूप से घायल, किया रेफर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** तेज रफ्तार बाइक से टकराकर छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सरकारी अस्पताल से रेफर



किया गया है बाइक भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक की बताई जा रही है रसूलपुर गुर्जर निवासी अनुज कुमार का 14 साल का बेटा वंश कुमार 14 नवंबर को अपने ताऊ राजवीर पुत्र फूल सिंह की बाइक के पास ट्यूशन जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था बताया गया कि मुरादाबाद की और से आ रहे बाइक सवार ने रॉन्ग साइड आकर ताऊ की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया उसके काफी चोट आई घटना का पता लगता ही मौके पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और उसे स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया हालत खराब देखते हुए उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया ग्रामीणों का कहना था की बाइक सवार भाग कर गन्ने के खेत में घुस गया बाद में पता चला की बाइक भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक शुभम कश्यप चला रहे थे घायल छात्र के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को किया नमन



**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की अमर बलिदानी वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी एवं 1968 में भारत को कुश्ती में विश्व चौंपियन का खिताब दिलाने वाले दारा सिंह की जयंती कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और रणकौशल का विशेष रूप से स्मरण किया। कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय इतिहास में शौर्य और बलिदान की प्रतीक हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पुरुषोचित साहस के साथ संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी वीरता आज भी देशवासियों को राष्ट्रप्रेम और त्याग का संदेश देती है। वहीं इन्दिरा गांधी एवं दारा सिंह के योगदान का भी उल्लेख करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

इस दौरान जीवनदास शर्मा, अरविन्द कुमार, सुरेशचंद्र शर्मा, राहुल गौड़, दिनेशचन्द्र गुप्ता, गेंदनलाल, डॉ0 जितेन्द्र वर्मा, वेदराम मौर्य, हरी. सिंह यादव, पूरनलाल शर्मा, राजवीर सिंह, रिचा प्रकाश सैनी, रिंकी, काजल, नीतू, लक्ष्मी, खुशी, सरिता आदि मौजूद रहे।

### महिला से घर में घुसकर मारपीट पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर पुलिस ने कई के खिलाफ मामला दर्ज किया है नवादडी निवासी भावना पत्नी गौरव का आरोप है कि 14 नवंबर की रात करीब 11 बजे गांव के आयुष सचिन संजीव एवं कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करनी शुरू कर दी उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसे घर से उठाने की कोशिश की सास बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई घर आए मेहमान ने बीच बचाव करना चाहा तो उसे भी इन लोगों ने मारा पीटा शोर मचाया तो उक्त लोग धमकी देते हुए वहां से चले गए पीड़िता का कहना है कि उसका घर गांव के बाहर है।

और यह लोग उसके साथ कोई भी गंभीर घटना घटित कर सकते हैं महिला ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बजरंग दल ने धर्म रक्षा निधि अभियान में लिया सहयोग

**कांठ( शाह टाइम्स )** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा संचालित धर्म रक्षा निधि अभियान के तहत आज संगठन के लोग कूरी रवाना



हरकिशन पुर आदि जगहों पर पहुंचे और लोगों से सहयोग लिया बताया गया कि यह सहयोग राशि एकल विद्यालय आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं सेवा के लिए खर्च की जाती है इस दौरान लोगों को विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठन से जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में चौधरी मोनू बिश्नोई बजरंगी अजय पाल तोमर दीपेंद्र सिंह प्रजापति अखिलेश चौहान आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता क्रिकेट मैच का आयोजन कराने की मांग

**मुरादाबाद।** क्रिकेट खिलाड़ी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुराव की समस्त कार्यकारिणी से हर साल की तरह इस साल भी अधिवक्ता क्रिकेट मैच आयोजित करने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनका पेशा मानसिक परिश्रम से भरा होता है, ऐसे में खेलकूद न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि परस्पर मजबूत संबंधों का भी आधार बनता है। अधिवक्ता नवाज इन्तजार एडव पूर्व संयुक्त सचिव दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुराव ने बताया कि क्रिकेट मैच जैसे आयोजन से अधिवक्ताओं में उत्साह, एकता और टीम-स्पिरिट को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं में आपसी सौहार्द, तनाव-मुक्त वातावरण और स्वस्थ सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस साल भी अधिवक्ता क्रिकेट मैच आयोजित किया जाना चाहिए। नवाज इन्तजार एडव ने बताया कि उन्होंने बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुराव की समस्त कार्यकारिणी को पत्र लिखकर अधिवक्ता क्रिकेट मैच आयोजित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आपकी सकारात्मक सहमति से अधिवक्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा आएगी।

## हाजी उस्मान ने किया सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन



**कांठ( शाह टाइम्स )** उमरी कला के नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने आज ईदगाह परिसर में निर्मित सार्वजनिक शौचालय का फीता काटकर उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि नगर पंचायत को सुंदर बनाना उनका सपना है जिसे वह धीरे-धीरे पूरा कर रहे हैं बताया कि सड़क नाले पुलिया तालाब सौन्दर्यकरण आदि का काम तेजी के साथ नगर पंचायत में चल रहा है ईदगाह परिसर में नमाज के दौरान आने वाले लोगो को बजू और शौच के लिए कोई व्यवस्था न होने से परेशानी का सामना करना पड़ता था इस समस्या को देखते हुए उन्होंने ईदगाह गेट पर शौचालय का निर्माण कराया इससे आसपास रहने वाले लोगों को भी लाभ पहुंचा। इस मौके पर हाजी उस्मान अली जावेद फारूखी सैयद आजम अली रमीज रईस आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया जन्मदिन पर याद



**कांठ( शाह टाइम्स )** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस पदाधिकारियो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर किया गया जिसमें इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए उनकी जीवनी पर कार्यकर्ताओं ने प्रकाश डाला कहा कि स्वर्गीय गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है कार्यकर्ताओं ने इस दौरान स्वर्गीय इंदिरा गांधी के सपनों को पूरा करने में सहयोग का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी रईसुद्दीन परम सिंह जफर अली विजय भटनागर विनीत कुमार सीपी सिंह शरीफ आजाद सोबीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## दो पत्नी और वो के बीच में फंसा चिकित्सक कर रहा पेशे को शर्मसार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दो पत्नी और वो के बीच फंसा चिकित्सक पेशे को शर्मसार कर रहा है फिलहाल पत्नियों की शिकायत पर पुलिस ने उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मामला उमरी कला निवासी डॉक्टर उमर का है। बताया जाता है की करीब 20 साल पहले डॉक्टर उमर की शादी फातिमा नाम की महिला से हुई थी जिसे दो लड़कियां पैदा हुई मोहम्मद उमर को लड़के की चाहत थी इसलिए उसने करीब 10 साल पहले शमा नाम की महिला को निकाह करके अपना शरीके हयात बनाया। शमा से भी एक लड़की पैदा हुई लेकिन उमर की लड़के की चाहत कम नहीं हुई और उसने कुछ साल पहले एक और महिला से अपने संबंध बना लिए जिसके पास पहले से ही दो पुत्र थे। कभी प्यार कभी तकरार के बीच चिकित्सक और उसकी दोनों पत्नियों की जिंदगी चलती रही लेकिन जब तीसरी महिला इनके बीच में आई तो पहली पत्नियो का जीवन नर्क बनने लगा। चिकित्सक ने आए दिन उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी उनका खर्चा पानी बंद कर दिया बात तो तब और खराब हुई जब दोनों पत्नियों को पता लगा कि चिकित्सक ने तीसरी महिला को घर खरीद कर दे दिया है। फातिमा और शमा का आरोप है की चिकित्सक का चाल चलन ठीक नहीं है। लड़के की चाहत तो बहाना है वह अलग-अलग



महिलाओं को झांसा देकर उनके साथ संबंध बनाता चला आ रहा है।

मकान खरीद कर देने की शिकायत लेकर वह चिकित्सक के पास पहुंची तो उसने लात घूंसों और लाठी डंडों से दोनों पत्नियों को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पत्नी थाने आई और उन्होंने पति को बदचलन बताते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज करके महिलाओं को चिकित्सा परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा बाद में पुलिस ने आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर उप जिला अधिकारी की अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया आज दोनों पीड़ित पत्नी उप जिलाधिकारी से मिली और पति को जमानत न दिए जाने की गुहार लगाई महिलाओं का कहना था कि वह किसी को भी साथ रखें लेकिन उनका और उनके बच्चों के भरण पोषण का भी इंतजाम उसे करना होगा कुल मिलाकर इस पूरे घटनाक्रम से समाज में भगवान कहे जाने वाले चिकित्सक के पेशे को शर्मसार होना पड़ रहा है।

## गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद स्थित योगशाला में दैनिक योग कक्षा उपरांत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योग परिवार बिलारी के सदस्यों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम सिख धर्म के नवे गुरु तेग बहादुर जी के 350 में शहीदी दिवस पर उनको याद किया गया और उनके बलिदान को याद कर नमन किया गया योगशाला में नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम को लेकर सरकार द्वारा महिला हित में चलाई जा रहे कार्यो और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत योगशाला में नारी शक्ति को जागरूक करने और उनके दायित्वों के बारे में बताने पर योग परिवार की कर्मठ सदस्य पूजा जैन को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विचार रखने वालों में मुख्य रूप से भाजपा सभासद मुख्य योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर संजय सक्सेना रेखा सक्सेना पूनम चौधरी मधुबाला सोनिया शर्मा राशि शर्मा अनीता चौधरी गीता रानी ममता सिंह सरोज सिंह राम प्रताप सिंह अजय राठी नरेंद्र सिंह राकेश कुमार चंद्रवंशी विनय चौधरी गुड्डू राम किशोर गुप्ता नितिन जैन बाबूलाल चक्रवर्ती आदि ने विचार रखें।



## तहसील में एक स्थान को 'पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने' की योजना को स्वीकृति

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 223/2025
**तारीख पेशी:** 21.11.2025
**कु० हिना परवीन बनाम राशिद हुसैन आदि।**

कु. हिना परवीन उम्र 39 वर्ष पुत्री स्व. साबिर हुसैन सिद्दीकी निवासिनी मकान नम्बर-5, ढाल वाली गली, बाग गुलाब राय, नवाबपुरा, शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रार्थिनी/वादिनी।**

**बनाम**

1. राशिद हुसैन पुत्र श्री साबिर हुसैन सिद्दीकी निवासी मकान नम्बर-4, ढाल वाी गली, बाग गुलाब राय, नवाब पुरा, शहर व जिला मुरादाबाद आदि, 2. जनता आम जिला मुरादाबाद-**विपक्षी गण/प्रतिवादीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा कु. हिना परवीन हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा कु. हिना परवीन मुसबफा साबिर हुसैन सिद्दीकी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा कु. हिना परवीन ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 21 मास 11 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने एक खास पहल की है। प्रदेश की हर तहसील में लोगों की कम जानकारी वाले मंदिर, हेरिटेज स्थल, किला, तालाब, कुंआ आदि को स्थानीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। वहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के साथ सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। योजना पर विभाग 235 करोड़ रुपये खर्च करेगा। पर्यटन विभाग बाहर से आने वाले और अपने यहां के पर्यटकों को प्रदेश में ही ज्यादा से ज्यादा विकल्प देने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत ज्ञात व कम ज्ञात स्थलों का पर्यटन विकास कराया जा रहा है।

इसी के तहत प्रदेश की सभी तहसीलों में एक-एक पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना स्वीकृत की गई।इस योजना के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे गए थे। प्रदेश की 351 तहसीलों में से अभी तक 408 प्रस्ताव आए हैं। विभाग की ओर से इनका परीक्षण कर इन स्थलों को विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले लोगों के लिए बैठने के लिए बेंच, पेयजल, पार्किंग, रेस्ट रूम, शौचालय, साइनेज आदि की मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### नाले में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के हरोरा मोड पर नाले में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई, भारी तादाद में लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। कुछ ही देर में शव की शनाख्त हो गई। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मूल रूप से शेरपुर माफी निवासी 46 वर्षीय भूरा पुत्र अली जान हुसैनी झंडा पर अपनी ससुराल में रह रहे थे और बिलारी निवासी जमील अहमद की कबाड़ की दुकान पर काम किया करते थे। वह परसों से गायब थे और शराब भी पिया करते थे। दुकान पर नहीं पहुंचने पर उनकी तलाश चल रही थी। बुधवार की देर शाम हरोरा मोड पर भूरा का शव नाले में पड़ा मिला।उसे निकाला तो बुरी तरह से अकड़ चुका था। माना जा रहा है कि शराब पीने के बाद वह नाले के किनारे बैठ गया और उसी में गिर गया। देर रात पड़े रहने से उसकी मौत हो गई। शरीर अकड़ चुका था, मृतक के परिवार में पत्नी शबनम के अलावा दो बेटी व एक बेटा है परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच की।

## आशा कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उप जिलाधिकारी बिलारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सभागार में समस्त आशाओं आशा संगीनियों स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एस आई आर सर्वे में समस्त लाभार्थियों को वोट फॉर्म भरवाने में मदद करने के लिए आशा कार्यकृतियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लाभार्थियों के आवेदन फॉर्म को पूर्ण करने में उनकी मदद करें एवं जिन लाभार्थियों के फार्म उनके पास तक नहीं पहुंच पाए हैं उन फॉर्म को ठ स व की सहायता कर लाभार्थियों के सत प्रतिशत वोट फॉर्म पूर्ण कराकर जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड करने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया एवं किसी भी प्रकार की समस्या आने पर ठस्ळ से बात करें और यदि समस्या का समाधान ना



हो तो मुझे अवगत कराये जिन लाभार्थियों के माता-पिता कापूर्व का डाटा नहीं भी मिल पाता है तब भी लाभार्थी फार्म पर अपना विवरण भरकर पत्र पर साइन कर बीएलओ को जमा कर दें जिससे उनका भी पंजीकरण पोर्टल पर किया जा सके महिलाएं जिनके परिवार एस ए आर का विवरण प्राप्त नहीं होता है वह भी अपना फार्म भरकर बीएलओ को जमा कर दें जिससे पोर्टल पर उनका भी पंजीकरण किया जा सके तथा सभी आशाओं को निर्देशित किया गया कि वह जनता को अधिक से अधिक जागरूक करें और सभी अपना अपना पंजीकरण SIR में कर सके प्रशिक्षण में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह चंचल सिंह आजाद ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक विकेश कुमार आरो आदि उपस्थित रहे।

## बिलारी में बनना जरूरी है आयुष चिकित्सालय

**बिलारी।** बौंबे मैरिज हॉल सहसपुर में नागरिक परिषद की बैठक में डॉ राकेश रफीक ने कहा आयुष चिकित्सालय की भूमि के बारे में राजस्व परिषद में शीघ्र निर्णय होने वाला है अगर निर्णय हमारे पक्ष में रहा तो निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और अगर विरोध में हुया तो नगर पालिका पर धरना प्रारंभ किया जाएगा। हरोरा गांव से आए सुनील लाठर ने कहा गांधी पार्क पर दुकानें नहीं बननी चाहिए और इसके लिए समय निर्धारित कर विशाल पंचायत का आयोजन किया जाना चाहिए। सहसपुर के प्रधान पति सलीम ने कहा कि हमारे यहां के आने के लिए रिक्शे भी गांधी पार्क से मिलते हैं। अगर दुकान बनी तो यह मुश्किल है इसलिए अगर आंदोलन चलेगा तो पूरा सहसपुर गांव आपके साथ रहेगा। दलित नेता चरन सिंह ने कहा हमारे समाज के लोग गांधी पार्क की लड़ाई में आपके साथ हैं और आयुष चिकित्सालय हमारे समाज की सबसे अधिक आवश्यकता है। शाकिर मलिक ने कहा हमारे गांव को भी बिलारी नगर पालिका में मिलाने की साजिश चल रही है हमारा गांव ऐतिहा. सिक है राजा का सहसपुर इसे हम किसी भी हालत में नगर पालिका में नहीं मिलने

देंगे। नागरिक परिषद के प्रेम कुमार ने कहा शराब की हट्टी भी वहां से हटनी चाहिए हम गांधी के लोग शराब बंदी के साथ हैं। हट्टी होने के कारण वहां पर एक्सीडेंट होते रहते हैं और महिलाओं के साथ छेड़खानी होती है इसलिए वहां से गांधी वहां से शराब हट्टी समाप्त होनी चाहिए। इस अवसर पर अब्दुल हसन, याकूब प्रधान, संजय गुप्ता डॉक्टर अय्यूब, संदीप यादव, गौरांश यादव, डॉ धर्मेंद्र, हसीब अहमद, आरिफ,विनोद,नईम सैफी, बलराम सिंह चौहान, कपिल राज, राहत जान, प्रदीप वर्मा, संजीव कुमार, याकूब प्रधान, माजिद प्रधान, नगर पालिका सभासद राकेश यादव

रवि शंकर रस्तोगी, कितने दिन में अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीश अहमद और संजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से की संचालन जितेंद्र दक्ष ने किया।

## गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट ग्रुप के पदाधिकारियों ने गन्ना मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग उठाई। इस दौरान अनेकों मांगों को लेकर एसडीएम बिलारी को भी ज्ञापन दिया। बिलारी ब्लॉक में भ्रष्टाचार को लेकर अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन करने की चेता. वनी भी दी। बुधवार को किसानों ने तहसील पहुंचकर कहा कि चीनी मिल पर 30 करोड रुपए भुगतान है उसे शीघ्र कराया जाए, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की सीमा तय होनी चाहिए। सड़कों के गड्ढे भरे जाएं। धान क्रय क्रेद्रों पर तौल शीघ्र शुरू कराई जाए। गांव में मच्छरों का प्रकोप है लिहाजा कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए।

तहसील क्षेत्र में आवारा पशु व बंदरों का आतंक है जिसे जल्द से जल्द समाधान कराया जाए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, अनीस अहमद,माजिद हुसैन, अमित चौधरी, प्रेमपाल सिंह ,चौधरी जितेंद्र सिंह, गुफरान पाशा,लियाकत हुसैन, वकार आलम आदि सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।

## पुलिस ने गैंगस्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोजपुर।** उप निरीक्षक शराफत हुसैन,हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह और कांस्टेबल अमजद चौधरी ने मौहल्ला गुलाब बाड़ी निवासी जुनैद पुत्र भूरा को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया । आरोपी के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से गिरोह बनाकर गोवंशीय पशुओं की तस्करी,परिवहन करने पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है। उसके पांच साथी फरार चल रहे हैं।

# वनडे रैंकिंग: मिचेल नी ली रोहित की जगह

## शीर्ष स्थान वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया

**दुबई।** आईसीसी वनडे रैंकिंग में डैरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान पर रोहित शर्मा की जगह ली है। मिचेल शीर्ष स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर ने शीर्ष स्थान हासिल किया था।

मार्टिन क्रो, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे बल्लेबाज वनडे रैंकिंग में शीर्ष पांच में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी पहला स्थान हासिल नहीं किया। मिचेल ने शीर्ष स्थान रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया। हालांकि वह उस मुकाबले में चोटिल हो गए और शेष सीरीज से बाहर हो गए। कोलकाता टेस्ट में अर्धशतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के



कप्तान टेम्बा बवूमा को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे हैं। जो रूट इस समय पहले स्थान पर हैं जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 से मामूली अंतर से बाहर हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुम. राह शीर्ष स्थान पर मौजूद हैं, जबकि मैट हेनरी और नोमान अली क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज नाम करने के बाद पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 11 स्थान का फायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राशिद खान शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि उनके बाद रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर और केशव महाराज मौजूद हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बेहत. रीन प्रदर्शन करने वाले जैकब डफी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं वहीं वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बरक. रार हैं।

वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में रोहित (2) सहित कुल चार भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं, इन खिलाड़ियों में गिल (4), विराट कोहली (5) और श्रेयस अय्यर (8) शामिल हैं।

### 100वें टेस्ट में शतक की दहलीज पर मुशफिकुर

**मीरपुर।** मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99) अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की दहलीज पर पहुंच गए हैं, जबकि उनकी शानदार बल्लेबाजी और लिटन कुमार दास (नाबाद 47) और मोमिनुल हक (63) की उपयोगी पारियों के दम पर बंगलादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को चार विकेट पर 294 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। आज यहां बंगलाद. श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। महमुद. ुल हसन जॉय और शादमान इस्लाम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम 35 को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

# रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी

**कोयंबटूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के रिंकू सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद मिली और आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पांचवें दौर का एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच ड्रॉ रहा।

अपनी पारी की शुरुआत नाबाद 98 रनों से करते हुए, मेहमान टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी भी चार विकेट शेष रहते 117 रनों की आवश्यकता थी। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर अपने जोड़ीदारों को खोने के बावजूद पारी को संभाले रखा। चौथे और अंतिम दिन छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए, उत्तर प्रदेश ने जल्द ही अपने ओवर के दूसरे ओवर में अपने बल्लेबाज शिवम शर्मा (22) का विकेट गंवा दिया। हालांकि, रिंकू ने कार्तिक यादव (20, 59 गेंद, 4ग4) के साथ आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 59 रन जोड़े और मेहमान टीम तमिलनाडु के 455 के कुल स्कोर के करीब पहुंच गई। आकिब खान (14) के साथ नौवें विकेट के लिए 36 रन और जोड़ने के बाद, रिंकू, जिन्होंने दिन में पहले अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक बनाया था और बाद में नाबाद 165 रन का अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी पार किया था, 247 गेंद, 17ग4, 6ग6 की तेज रफ्तार से 176 रन बनाने के बाद आउट हो गए, जिससे विपक्षी खेमे पर आक्रमण का दबाव बढ़ गया, जिसने दिन में दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, वह तब आउट हुए जब मेहमान टीम को महत्वपूर्ण बढ़त और आखिरी विकेट के लिए अभी भी 13 रनों की जरूरत थी। आकिब खान और कुणाल त्यागी की जोड़ी ने 145-1 ओवर में 460 रन पर पारी समाप्त होने से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली, और उत्तर प्रदेश ने लंच के समय पहली पारी में पांच रन की बढ़त हासिल कर ली। तमिलनाडु के लिए बाएं हाथ के स्पिनर पी. विद्युत ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 73 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान आर साई किशोर ने तीन विकेट लिए। पी सरवण कुमार ने भी दो विकेट लिए। दूसरी पारी में, घरेलू टीम ने 21 ओवर में दो विकेट पर 103 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज बी- सचिन ने शानदार अर्धशतक (59) और दूसरे सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन (44) ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अफगानिस्तान अंडर-19 ने इंडिया बी को 71 रनों से हराया

**बेंगलुरु।** फैसल शिनोजादा (58), अजीजुल्लाह मिआखिल (42) के बाद अब्दुल अजीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 ने बुधवार को एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे मुक. ाबले में इंडिया बी अंडर -19 टीम को 71 रनों से हरा दिया। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया बी अंडर-19 को शुरुआत से ही अब्दुल अजीज के कहर का सामना करना पड़ा। युवराज गोहिल के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज अफगानिस्तान के गें. दबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और पूरी टीम 29-3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। इंडिया बी के 10 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। युवराज गोहिल ने 80 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 60 रनों की पारी खेली।

### बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

**बोलोग्ना।** बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया। मौटेट द्वारा पहला सेट जीतने के बाद मुकाबला काफी कड़ा हो गया, दूसरे और तीसरे सेट में पांच-पांच गेम तक चले, कॉलिग्नन ने फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर हर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। इसके बाद जिजो बर्ग्स ने आर्थर रिडरकनेच के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में

**ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**सिडनी।** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इसके विपरीत, आयुष शेट्टी को कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 के प्रभावशाली स्कोर से हराने में मात्र 33 मिनट लगे। आयुष शेट्टी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन जीता था।

आयुष शेट्टी अगले दौर में जापानी दिग्गज कोडाई नाराओ. का से भिड़ेंगे। कनाडाई जोड़ी नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई से 21-12, 21-16 से हारने के बाद मोहित और लक्षिता जगलान के मिश्रित स्पर्धा से बाहर होने के बाद, इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ही एकमात्र भारतीय युगल चुनौती बचे हैं। भारतीय जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगी।

# देशवाल और प्रांजली ने जीता गोल्ड

**डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम**

**टोक्यो।** टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं। अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा



और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20ग का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12ग (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8ग (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10ग के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5ग (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5ग (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्जेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251-0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245-4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50मी थ्री पोजशिन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया

**रावलपिंडी।** प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद नवाज (दो विकेट और नाबाद 22 रन) और फखर जमान (44) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने टी-20 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।

जिम्बाब्वे के 147 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर ब्रैड एवंस ने साहिबजादा फरहान (16) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर बाबर आजम (शून्य) को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे को दोहरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में टी मपोसा ने कप्तान आगा सलमान (एक) को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। 10वें ओवर में सैम अयूब (22) रन बनाकर आउट हुए। 54 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी पाकिस्तान को फखर जमान और



उस्मान खान की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 16वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने फखर जमान 32 गेंदों में (44) को आउटकर जिम्बाब्वे की मैच जीतने की उम्मीदों को फिर से जिदा कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद नवाज ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 151 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड एवंस ने दो विकेट लिए। रिचर्ड एन्गारावा, टी मपोसा और ग्रीम क्रेमर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने मंगलवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तड़िवनाशे मारुमानी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने तड़िवनाशे मारुमानी (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में ब्रेंडन टेलर (14) रन आउट हुए। 13वें ओवर की पहली गेंद पर सैम अयूब ने ब्रायन बेनेट 36 गेंदों में (49) को आउटकर जिम्बाब्वे की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अच्छा स्कोर नहीं कर पाए। जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 147 का स्कोर बनाया। कप्तान सिकंदर रजा 24 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, सैम अयूब और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**नेपियर।** आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी।

न्यूजीलैंड ने खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा।

248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। रचिन रविद्र ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 56 रन बनाए। इसके बाद वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने विल यंग (11) और मार्क चैपमैन (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शमार स्प्रिंगर ने 26वें ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउटकर वेस्टइंडीज की मैच में वापसी कराई। कॉन्वे ने 84 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया, (अमरोहा)

पत्रांक: 2013/पराവि./गौ.शा./भू.टे./2025-26 दिनांक: 19.11.2025

**(अल्पकालीन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकास खण्ड जोया में निम्नानुसार संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशो के भरण-पोषण हेतु भूसा एवं हरा चारा व साइलेज, दाना चोकर का समय-समय पर क्रय किया जाना है। जिसकी दरे प्रति कुन्तल निर्धारित करने एवं एकरूपता बनाये रखने के लिये न्यूनतम दरो वाली फर्मों के चयन के लिये निविदा दिनांक 20.11.2025 से 04.12. 2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 05.12.2025 को 12:00 बजे उपस्थित निविदा दाता के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में ब्लाक स्तरीय कमेटी द्वारा नामित अधिकारियों के समक्ष खोली जायेगी। यदि निविदा खोले जाने की दिनांक को राजकीय अवकाश होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोले जाने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा प्रपत्र, बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 20.11. 2025 से 04.12.2025 तक (राजकीय अवकाश को छोड़कर) निर्धारित मूल्य 400 रूपये जमा कर प्राप्त की जा सकती है। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | गौशाला का नाम | संरक्षित गौवंश की संख्या अनुमानित | विकासखण्ड मुख्यालय से दूरी |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थाई गौशाला खईया माफी | 122 | 15 किलोमीटर |
| 2 | अस्थाई गौशाला कालाखेड़ा | 32 | 5 किलोमीटर |

वित्तीय बिड

| चारे/साइलेज का विवरण | आवश्यक मात्रा कुन्तल में | निविदादाता की दर (प्रति कुन्तल) |
|---|---|---|
| 1- गेहूं का भूसा | मांग के अनुसार | |
| 2- साइलेज | मांग के अनुसार | |
| 3- हरा चारा (मौसम के अनुसार) | मांग के अनुसार | 1-बरसीम 2-जेई 3-बाजरा 4- मक्का 5- गन्ने की पुआल हरा व अन्य। |
| 4- दाना/चोकर | मांग के अनुसार | |

**घोषणा**

उपरोक्त चारे की गुणवत्ता पूर्वक आपूर्ति अस्थाई गौशाला स्थल तक (मय लोडिंग एवं अनलोडिंग) आवश्यकतानुसार करने के लिए सहमत हूं। आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय-समय पर निर्गत होने वाले क्रय आदेशानुसार की जायेगी।

स्थान-
दिनांक-

निविदादाता फर्म के अधिकृत
हस्ताक्षर व मोहर

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)


# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जीता भारत

**दोहा।** भारत ए ने मंगलवार को कतर के दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने अंतिम ग्रुप बी मैच में ओमान को छह विकेट से हराकर राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम ने ओमान को 20 ओवरों में 135/7 पर रोक दिया, जिसमें सुयश शर्मा के चार ओवरों में 2/12 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

ओमान के वसीम अली ने 45 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर पारी को संभाला। जवाब में, भारत ए ने हर्ष दुबे के 44 गेंदों पर 53 रनों और नमन धीर के 19 गेंदों पर 30 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 138/4 का स्कोर बनाया। इस जीत से भारत ग्रुप बी की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रत्येक ग्रुप (ए और बी) से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं। भारत शुक्रवार को सेमीफाइनल में ग्रुप ए की शीर्ष टीम से भिड़ेगा, जिसका फैसला बुधवार को होगा।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक :18.11.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 235-DRM-MB-25-26 18.11.2025 | 237-DRM-MB-25-26 18.11.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | House-keeping and maintenance of officer's Rest House of Dehradun, Haridwar, Rishikesh, Yognagri Rishikesh and Roorkee under Sr.DEN/I /MB | Complete Track Renewal (Primary) =37.607 Km on LRJ-DDN section By using contractor's own SQRS / PQRS portal in the jurisdiction of Sr.DEN-I/MB |
| निविदा का प्रकार | Service | Works |
| निविदा की कीमत | 5000.00 | Nil |
| अनुमानित लागत | 1,49,99,797.40 | 5,85,74,356.92 |
| धरोहर राशि | 2,25,000.00 | 4,42,900.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 11.12.2025 16:00 | 11.12.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 27.11.2025 | 27.11.2025 |
| आफर की वैधता | 90 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months |

3578/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**अधिसूचना**

विषय :- सेवाओ की अवश्यक्ताओ में सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियो की री-इंगेजमेंट संकेत एवं दूरसंचार विभाग मुरादाबाद में।

रेलवे बोर्ड के पत्र सं No. E(NG)II/2024/RC-4/9 dated 15.10.2024 (RBE No. 96/2024) एवं No.E (NG)II/2024/RC-4/9 dated 20.06.2025 (RBE No. 55/2025) के अन्तर्गत यह विनिश्चय किया गया है कि निम्नलिखित पदों में रेल सेवा से सेवा निवृत्त कर्मचारियो को रि- इंगेज किया जाना है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम सं. | विभाग | पद का नाम | लेवल | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिग्नल एवं दूर संचार | एस.एस.ई./सिगनल | 8 | 01 |
| 2 | | एस.एस.ई./सिगनल | 7 | 02 |
| 3 | | जेई/सिगनल | 6 | 08 |
| 4 | | एस.एस.ई./टेली | 8 | 02 |
| 5 | | एस.एस.ई./टेली | 7 | 02 |
| 6 | | जेई/टेली | 6 | 11 |
| | | कुल | | 26 |

अभ्यावेदनो को जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2025 है। अंतिम तिथि 15.12.2025 के बाद प्राप्त अभ्यावेदनो पर विचार नहीं किया जायेगा, अभ्यावेदन निर्धारित प्रपत्र पर भरा हुआ मान्य होगा। आवेदन प्रवर मंडल कार्मिक अधिकारी उत्तर रेलवे मुरादाबाद को रजिस्टर्ड डाक या एकल खिड़की (EGRS) पर दिनांक 15.12.2025 सायं 16.00 बजे तक जमा करा सकते है। अन्य विस्तृत सूचना एव जानकारी के लिए N.Rly. website www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रवर मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर रेलवे मुरादाबाद

3596/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अधिशासी अधिकारी ने किया गोशाला का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** शीत ऋतु की आहट को ध्यान में रखते हुए नगर की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बहेड़ी वाले ताल पर स्थित अस्थायी गौशाला का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में उपलब्ध आवश्यक सामग्री, पशुओं के लिए भोजन, पानी की व्यवस्था, बिछावन, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा साधनों की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही गौशाला से संबंधित अभिलेखों, टीकाकरण रजिस्टर तथा उपलब्ध वैक्सीन की स्थिति की भी जांच की। अधिशासी अधिकारी ने निर्देश दिए कि शीत मौसम में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए सभी एहतियाती उपाय समय से किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पशुओं के लिए पर्याप्त गर्म बिछावन, स्वच्छ पानी, उचित टीकाकरण और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, गौशाला प्रभारी रविंद्र कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर विश्वास तथा आईटीसी से करण उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी ने टीम को निर्देशित किया कि गौशाला में साफ-सफाई और पशुओं की देखभाल पर निरंतर ध्यान दिया जाए। ठंड के मौसम में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।



# मछली पकड़ने गए युवक का रामगंगा नदी में पीआरडीएफ के जवानों ने सर्च अभियान के बाद किया शव बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** रामगंगा नदी में मछली पकड़ने के दौरान युवक डूब गया बुधवार को पीआर डी एफ के जवान टीम के साथ रामगंगा नदी किनारे पहुंच कर युवक के शब को बरामद करने के लिए सर्च अभियान चलाया । उधर क्षेत्र के गोताखोर भी युवक की तलाश में जुटे रहे ।4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव घटनास्थल से करीब 25 मीटर की दूरी पर बरामद हो गया । शब बरामद होते ही परिजनों पर रिश्तेदारों में कोहराम मच गया । बेटे के शब को देखकर मां बेहोश हो गई। बताते चले की मंगलवार को क्षेत्र के गांव सूरज नगर निवासी 18 वर्षीय उमेर पुत्र सरदार व उसके चाचा का लड़का फैजान मछली पकड़ने का जाल लेकर लालापुर पीपलसाना गांव के निकट रामगंगा नदी से मछली पकड़ने गए थे । अचानक रामगंगा नदी में जाल डालते समय उमेर का पैर फिसल गया और गहरे पानी में डूबने लगा जिस पर उसके चचेरे भाई फैजान ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया असफल होने पर उसके शोर मचाने पर आसपास के किसान व गोताखोर मौके पर पहुंचे उन्होंने काफी तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली सूचना पर युवक के परिजन रिश्तेदार व ग्रामीण भारी संख्या में रामगंगा नदी के किनारे पहुंच गये थे सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी ओंकार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । गोताखोरों ने काफी प्रयास किया । लेकिन रात होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी । उधर युवक के परिजनों व रिश्तेदारों में कोहरा मचा रहा । बताते चलें कि अभी 1 महीने पूर्व उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव रायपुर कि युवक की मछली पकड़ने के दौरान रामगंगा नदी में डूब कर मौत हो गई थी । उसका शब अगले दिन मिला था । सुरजन नगर चौकी प्रभारी ने बताया की अधिकारियों की सूचना पर आरडीएफ की टीम बुधवार की सवेरे 8.00 रामगंगा नदी के किनारे पहुंच की 9.00 बजे उन्होंने सर्च अभियान शुरू किया। करीब 4 घंटे तक सर्च अभियान चला घटनास्थल से 25 मीटर की दूरी पर रामगंगा नदी के गहरे पानी में उमेर का शव वरामद होने पर टीम व पुलिस प्रशासन ने राहत की सास ली। परि. जनों ने पीएम करने से इनकार कर दिया। उधर प्रभारी ने सूरजन नगर व आसपास के गांव प्रधानों को सूचित किया कि वह अपने गांव में मनादी कराये की रामगंगा नदी के गहरे पानी में का कोई भी व्यक्ति मछली पकड़ने ना जाए। अव तक मछली पकड़ने के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## जमीन को लेकर विवाद, महिला पर हमला

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी अवधेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि 11 नवंबर की सुबह लगभग 9 बजे वह अपने खेत पर पहुंचे, जो गांव से करीब 400 मीटर दूर रेलवे चौकी के पास स्थित है।

आरोप है कि इसी दौरान मोहम्मदपुर काशी गांव के मुबारक, फुरकान तथा अन्य अज्ञात लोग वहां आ पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जबरन जमीन कब्जाने का दबाव बनाने लगे। अवधेश के मुताबिक जब उनकी पत्नी रीना ने विरोध किया तो मुबारक ने फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया और रीना के साथ मारपीट की गई। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र के आधार पर की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुबारक, फुरकान सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# मढ़ी मंदिर की भूमि पर नहीं होगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण, मुरादाबाद जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में हुआ निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** लंबे समय से तहसील क्षेत्र के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर प्रशासन द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण को लेकर प्रशासन एवं श्रद्धालुओं के बीच चल रहे विवाद का आज निस्तारण हो गया। मुरादाबाद में आज जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में आयोजित हुई थी जिसमें प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के साथ शहर मेयर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह, महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिलाधिकारी अनिल कुमार सहित पुलिस प्रशासन का पूरा महकमा मौजूद था। इस समय दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने भाजपा नेता के पूर्व नगर अध्यक्ष शिवेंद्र बंधु गुप्ता के नेतृत्व में बैठक में पहुंचकर मंदिर की भूमि पर योगी सरकार में कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया। पूरा मामला समझने के बाद प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय किसी अन्य भूमि पर स्थानांतरित किया जाए। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई एवं उन्होंने प्रभारी मंत्री अनिल कुमार सहित वहां मौजूद सभी भाजपा नेताओं का आभार प्रकट किया। इस मामले में पूर्व में श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट, भाजपा नेता गजेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता, मंदिर कमेटी के संजय सिंघल, संजीव अग्रवाल,राकेश गोयल, अनुराग सिंघल, आशीष अग्रवाल, दीपक वाल्मीकि, संजीव चौहान, राजेंद्र पांडे आदि लोग इस निर्माण का विरोध करते आ रहे थे एवं इसको लेकर दर्जनों बार मुख्यमंत्री पोर्टल एवं मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारी से शिकायत कर चुके थे। इस दौरान चार बार काम रोकने के निर्देश भी दिए गए किंतु बाद में कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया जाता था जिसको लेकर तहसील क्षेत्र के धर्म प्रेमियों में रोष व्याप्त था एवं इसकी शिकायत भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं से भी की गई थी। उल्लेखनीय है की गाटा संख्या 595मि0 में ग्राम समाज तथा 595ग में 810 वर्ग मीटर जमीन बंजर झाली के रूप में दर्ज थी, किंतु वास्तविकता में इस 810 वर्ग मीटर रकबे में सड़क चल रही है जो कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है शिकायत के बाद मौके का मुआएना किए जाने पर नक्शा नजरिया में इसका उल्लेख भी है।

किंतु रिपोर्ट में नहीं दर्शाया गया जिसके चलते अधिकारियों को गुम. राह किया जा रहा था।

## फिश फीड फैक्ट्री में चोरी, मोटरें बैटरियां और मशीनरी के पार्ट्स गायब

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के दुल्हापुर सबलपुर निवासी मोहम्मद अनस की सुरजननगर स्थित फिश फीड फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर बड़ी मात्रा में सामान पार कर दिया। फैक्ट्री लगभग 20 दिन से बंद थी, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने मोटरें, बैटरियां और मशीनरी के महत्वपूर्ण पार्ट्स चोरी कर लिए। पीड़ित मोहम्मद अनस पुत्र शाहिद हुसैन ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में मछली का चारा तैयार किया जाता है। वह बुधवार को फैक्ट्री पहुंचे तो देखा कि मुख्य गेट की चादर हटाई हुई थी। शंका होने पर जब गेट खोला तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और कई उपकरण गायब मिले। चोरी हुए सामान में एक 10 एचपी मोटर, एक 5 एचपी मोटर, स्कूटर का हेड, मशीन की डाई तथा एक्साइड व एमरॉन कंपनी की तीन बैटरियां शामिल हैं। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से घटना की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

# एसएम कॉलेज शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** गुरुवार को एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कॉलेज परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीरज मलिक अध्यक्ष, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, डॉ. सूरज शर्मा सचिव, डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय सह सचिव, डॉ. प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष एवं डॉ. दीप कुमार श्रीवास्तव विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध चयनित हुए और सभी ने अपने-अपने पदों की शपथ ग्रहण की। शिक्षकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. नीरज मलिक ने कहा कि 'शिक्षक और शिक्षक संघ एक-दूसरे के पूरक हैं। संघ सदैव शिक्षकों के हितों को प्राथमिकता देकर कार्य करेगा।' सचिव डॉ. सूरज शर्मा ने शिक्षकों को हर परिस्थिति में साथ देने का भरोसा दिलाया, वहीं विश्व. विद्यालय प्रति. निधि डॉ. दीप कुमार श्रीवास्तव ने शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के बीच प्रभावी सेतु बनने पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संघ के संरक्षक डॉ. हेमंत कुमार ने आशा व्यक्त की कि शिक्षक संघ महाविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक प्रगति को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में डॉ. ए.के. अस्थाना, डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, प्रो. जितेंद्र कुमार, अजीत सिंह, स्कंद, डॉ. सचिन कुमार सिंह, महेंद्र कुमार वर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



# दरोगा और व्यापारी पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** एक व्यापारी ने पुलिस चौकी में तैनात दरोगा राजकिशोर और एक अन्य व्यापारी विशेष अरोड़ा पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थी विशेष अरोड़ा पुत्र चंद्र प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि वह मंडी चौक स्थित अपने शोरूम में काम करता था। रोहताश कश्यप और अनीस ने भी उसके शोरूम में काम किया था। कुछ समय पूर्व तीनों ने अपना अलग कारोबार शुरू कर दिया था। इससे रंजिश रखते हुए विशेष अरोड़ा ने पुलिस चौकी मंडी चौक में झूठा प्रार्थना पत्र दिया। दरोगा राजकिशोर ने तीनों को चौकी बुलाकर बंधक बना लिया और लाठी-डंडों, लात-घूसों से मारपीट की। अनीस से दस हजार रुपये और प्रार्थी से तेरह हजार रुपये लेकर तीनों से जबरन वीडियो क्लिप बनाकर कहलवाया कि उनके कोई चोट नहीं आयी है। पीड़ित ने अपनी चोटों का चिकित्सीय परीक्षण जिला अस्पताल मुरादाबाद में कराया। प्रार्थी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दरोगा राजकिशोर और विशेष अरोड़ा के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# समायोजित शिक्षक व एकल विद्यालय दोनों को महानिदेशक के आदेश से मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** समायोजन का मामला जो पूरे प्रदेश में चर्चा में था उसके सम्बन्ध में बड़ी कार्यवाही बेसिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक द्वारा की गई है, जिससे ऐसे शिक्षक जो समायोजन से नए विद्यालय में विगत 04 माह से शिक्षण कार्य कर रहे थे उन्होंने भी राहत की सांस ली है और साथ ही ऐसे विद्यालय जो समायोजन 1 व 2 से एकल हो गए थे उनमें भी सरप्लस विद्यालय से शिक्षक भेजकर हर विद्यालय में 2 शिक्षकों को रखने का आदेश दिया गया है जिससे उन्हें भी प्रसन्नता का अनुभव हुआ है। बताते चलें कि जुलाई में प्रदेश के हजारों शिक्षकों का समायोजन विभाग द्वारा किया गया एवं उसकी सूची बेसिक शिक्षा सचिव द्वारा जारी की गई। शिक्षकों को पुराने विद्यालय से कार्यमुक्त कर नए विद्यालय में सक्षम अधिकारी द्वारा कार्यभार ग्रहण कराया गया। उस समय यह समस्या आयी कि जिन शिक्षकों के विद्यालय से कार्यमुक्त होने से विद्यालय एकल हो रहा है, उन्हें कार्यमुक्त न किया जाए परंतु बाद में बताया गया कि विद्यालय में शिक्षामित्र भी हैं। अतः पूर्ण रूप से विद्यालय एकल नहीं, इसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महानिदेशक द्वारा सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को समस्त शिक्षकों को उनके समायोजित विद्यालय में हर हालत में कार्यभार ग्रहण कराने का आदेश दिया गया एवं कहा गया कि जो भी विद्यालय एकल हुए हैं। उन्हें समायोजन-3 द्वारा जिले स्तर पर भर दिया जाएगा परन्तु समायोजन-3 की प्रतीक्षा किये बिना ही कुछ जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने समायोजन में गये शिक्षकों के वापसी के आदेश जारी कर दिए जबकि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा सचिव का इस सम्बन्ध में कोई आदेश नहीं था। इससे ऐसे शिक्षक जिनके ऊपर वापसी की तलवार लटकी उनकी ओर से हाईकोर्ट में रिट भी दायर की गई और कहा गया कि समायोजन निरस्त करने पर नये विद्यालय के छात्रों की शिक्षा बाधित होगी एवं समायोजित शिक्षकों का भी मानसिक शोषण होगा क्योंकि वे पिछले 04 माह से नवीन विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे हैं एवं उन्होंने शासनादेश का पालन किया है। एक रिट ऐसे शिक्षकों द्वारा भी हाईकोर्ट में दाखिल की गई कि समायोजन से उनका विद्यालय एकल हो गया और जो शिक्षक विद्यालय एकल करके गए हैं, उनकी वापसी हो परन्तु चुनौती ये थी कि नवीन शिक्षकों का जो समायोजन था वो भी सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम छात्र संख्या वाले विद्यालय से अधिक संख्या वाले विद्यालय में किया गया है लेकिन महानिदेशक के आदेश ने अब एक तीर से दो निशाने लगाने का कार्य किया है।

इस आदेश से दोनों पक्षों में खुशी की लहर दौड़ गई क्योंकि अब समायोजित शिक्षकों पर वापसी का दबाव भी नहीं होगा तथा एकल विद्यालय को समायोजन 3 से नए शिक्षक भी मिल जाएंगे। मतलब साँप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बिलारी शुगर मिल पर किसानों के बकाया गन्ना मूल्य के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान हेतु शुगर मिल ने ऋण के लिए अप्लाई किया है ऋण मिलते ही किसानों के अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने मिल प्रबन्धन को यह भी निर्देश दिए कि नए पेराई सत्र में गन्ने का भुगतान नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि गन्ने का ट्रक ओवर हाईट न हो तथा गन्ना क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की घटतौली न हो इसको सुनिश्चित किया जाये। यदि किसी भी गन्ना क्रय केन्द्र पर अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद में बाढ़ प्रभावित लोगों को फसल मुआवजे की धनराशि के संबंध में बताया गया कि 5900 बाढ़ प्रभावित लोगों का चयन कर 5500 किसानों के खाते में धनराशि भेज दी गयी है, 400 किसानों का डाटा गलत होने की वजह से धनराशि उनके खातों में नहीं जा सकी है उनका भी डाटा ठीक कराकर यथाशीघ्र धनराशि भेजी जाएगी।

मूढ़ापाण्डे क्षेत्र के किसानों ने बताया कि नहर में कुलावा नहीं होने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अगवानपुर बिजली घर से नलकूप लाइन पर मात्र दो घंटे बिजली आपूर्ति की शिकायत पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को मानक के अनुसार विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि किसान अपने फार्मर रजिस्ट्रेशन में अपेक्षित योगदान प्रदान करें। जिलाधिकारी ने किसान दिवस में बताया कि मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त के तहत किसानों को 18 हजार करोड़ की धनराशि सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी। किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, उप निदेशक कृषि, उपायुक्त मनरेगा, जिला गन्ना अधिकारी, एआर-कोआपरेटिव, अधिशासी अभियंता विद्युत के साथ साथ लोक निर्माण विभाग, चकबंदी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण व भारी संख्या में किसानगण मौजूद रहे।



# गन्ना निरीक्षक व सहायक चीनी आयुक्त, धामपुर ने त्रिवेणी चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को चीनी मिल परिसर में केन कैरियर के पास भुवनेन्द्र कुमार, गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, धामपुर, तथा एस.के. मौर्या, खण्डसारी अधिकारी, धामपुर द्वारा मिल गेट पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिल गेट पर तौल कांटे, मैनुअल कॉटा एवं अन्य व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के उपरांत भुवनेन्द्र कुमार द्वारा मिल गेट स्थित केन कैरियर के पास आने-जाने वाले ट्रकों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा उपस्थित सभी किसान भाइयों को यातायात नियमों के अंतर्गत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के उपयोग एवं उसकी महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपाध्यक्ष, वी. वेंकटरथनम् ने कृषकों से आग्रह किया कि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु सभी किसान भाई अपने-अपने वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाएँ। इसी क्रम में महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव द्वारा किसानों से अपील की गई कि वे चीनी मिल में साफ-सुथरा, जड़-पत्ती अगोला रहित, स्वस्थ एवं ताजा गन्ना आपूर्ति करें। साथ ही उन्होंने किसानों को यह भी सलाह दी कि कच्चे लालच में आकर अपना गन्ना औने-पौने दामों में कोल्हू अथवा क्रेशरों पर ना बेचें। महाप्रबंधक (गन्ना) ने कृषकों से यह भी आग्रह किया कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों को0-0118, 98014, 15023 तथा को0लख0- 94184 की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करें।



## एक नजर

### भैंस खरीदने के बाद पैसे न देने का आरोप, पुलिस ने की जांच शुरू

**कुन्दरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में भैंस की बिक्री को लेकर दो पक्षों में कहासुनी और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। कुन्दरकी थाना क्षेत्र के गांव गजीपुर निवासी रियाज पुत्र भोलू ने मंगवार को ताहरपुर पशु बाजार में 66 हजार रुपये में अपनी भैंस नसीम व फारुख निवासी ताहरपुर पट्टी को बेची थी। आरोप है कि खरीदार भैंस को घर ले गए लेकिन पैसे बाद में देने की बात कहते रहे। रियाज के अनुसार जब वह भैंस बिक्री की रकम लेने खरीदारों के घर पहुंचा तो उन्होंने भैंस के कम दूध देने का बहाना बनाकर रुपये देने से साफ इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, पीड़ित ने बताया कि उसके साथ गाली-गलौच और अभद्रता भी की गई। मामले की शिकायत रियाज ने मैनाठेर थाने में तहरीर देकर की, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गुरेर अड्डा के पास बाइक-पिकअप की आमने-सामने की टक्कर, युवक घायल, चालक फरार



**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव गुरेर अड्डा के निकट बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। कुन्दरकी के रहने वाले सफीक पुत्र अल्लाह बख्श मोटरसाइकिल से डींगरपुर की ओर जा रहे थे, तभी डींगरपुर से कुन्दरकी जा रही एक पिकअप वाहन से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में बाइक सवार सफीक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से कुन्दरकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के तुरंत बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

### दिव्यांग बच्चों को गरम जैकेट व खाने पीने की सामग्री की गई वितरित




**कुंदरकी।** बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस से पूर्व सर्दी को देखते हुए निशा हैंडमेड कलेक्शन के तहत कन्या प्राथमिक विद्यालय मऊ मुरादाबाद के दिव्यांग बच्चों को गरम जैकेट व खाने पीने की सामग्री वित. रित की गई ।इस दौरान सदस्यों ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। बढ़ती सर्दी को देखते हुए 3 दिसंबर से पूर्व ही दिव्यांगों की मदद के लिए वितरण समारोह किया गया है। कार्यक्रम में दिव्यांगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष निशा आर्या , उपाध्यक्ष डॉ्ङ स्वदेश सिंह, कन्या प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यपिका उषा रवि,शिक्षिका हेमलता जोशी, कमलेश, गरिमा ,क्लब सदस्य सरिता महेंद्रु, संतोष शर्मा, आदि मौजूद रही।

### इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन



**ठाकुरद्वारा।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्म दिवस पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा स्थित महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी ने वरिष्ठ कांग्रेसी महिला नेताओ के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बसीम अहमद ने कहां कि भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी भारत की प्रथम प्रधानमंत्री थी। उन्होंने गरीबी हटाओ का नारा, 1971 के भारत पाक युद्ध में विजय, और बांग्लादेश की स्थापना, सन् 1974 का पोखरण परमाणु परीक्षण, बैंकों और कोयला, इस्पात जैसे उद्योगों का राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति के माध्यम से विशेष उपलब्धि हासिल कर भारत को मजबूत स्थिति में कर दिया था। साथ ही महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के अधर में छूटे स्वप्न को साकार करने के लिए एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाना होगा। कांग्रेसियों ने उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, अमर सिंह सैनी, पूजा,सोफिया साकिब, मुस्तकीम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चन्दौसी के कई मौहल्लों में घरों से बिक रही शराब

**चन्दौसी।** शहर के कई मोहल्लों में घरों से अवैध रूप से शराब और नशे का सामान बेचे जाने का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। सेमरटोला, खुर्जा गेट और चुन्नी मोहल्ला के लोगों ने बताया कि शाम ढलते ही इन रास्तों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। घरों से और नजदीकी दुकानों से शराब लेकर लोग सड़कों पर गाली-गलौज व हंगामा करते हैं, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेके से शराब बेचे जाने पर किसी को आपत्ति नहीं, लेकिन घरों के भीतर से नशे का अवैध कारोबार होना न केवल कानूनविरुद्ध है, बल्कि युवाओं के भविष्य के लिए भी खतरा बन चुका है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि घरों से केवल शराब ही नहीं, बल्कि अन्य नशीले पदार्थ भी बेचे जा रहे हैं, नई पीढ़ी तेजी से नशे की चपेट में आ रही है और कई युवाओं ने अपनी जान तक गंवा दी है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से मोहल्लों में आक्रोश व्याप्त है। एक ओर सरकार नशा मुक्त अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर घरों में खुलेआम नशे का सामान बिकना गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अवैध नशा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### समझौता कराकर दो परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी के गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में आयोजित की गई। परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल 11 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 3 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया और 2 परिवारों को आपसी सहमति से मिलाया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि, सुधा रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

शाह टाइम्स


# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 नवम्बर 2025

## राहुल के खिलाफ नौकरशाह

देश के चुनाव कराने में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण रोल होता है, लेकिन जब उस पर ही उंगली उठने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि या तो उसके काम में राजनेता अड़ंगा लगा रहे हैं। ऐसा ही आरोप कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव बार-बार चुनाव आयोग पर उंगली उठा रहे हैं। कहावत है कि जब हद हो जाती है, तो कुछ न कुछ घटित होता है। ऐसा ही अब राहुल गांधी के खिलाफ होने लगा है। 272 पूर्व जजों, नौकरशाहों और सैन्य अधिकारियों ने राहुल गांधी को खुले पत्र में फटकार लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। नौकरशाहों का आरोप था कि वे चुनाव आयोग, सेना, न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना सबूत गंभीर आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। इनमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी शामिल हैं। पत्र में लिखा गया है कि हम सिविल सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिक भारत की लोकतंत्र पर गहरी चिंता जताते हैं। लोकतंत्र पर हमला अब बंदूक के बल पर नहीं, बल्कि जहर भरी भाषा से हो रहा है। कुछ राजनीतिक नेता नीतियों की असली बहस करने की बजाय बेबु. नियाद और भड़काऊ आरोप लगाकर नाटकीय राजनीति कर रहे हैं। ये पहला मौका नहीं था कि राहुल गांधी ने ये आरोप अभी लगाए हैं, इससे पहले पहले राहुल गांधी ने भारतीय सेना की वीरता और उपलब्धियों पर सवाल उठाए। फिर न्यायपालिका की निष्पक्षता पर उंगली उठाई। संसद और उसके संवैधानिक अधिक. ारियों को निशाना बनाया। अब बारी है चुनाव आयोग की। चुनाव आयोग की साख और ईमानदारी पर सुनियोजित और साजिशपूर्ण हमले हो रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बार-बार चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। वे कहते हैं कि उनके पास 'पक्के' सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनका दावा है कि उनके पास 100 फीसदी पक्का सबूत है। उन्होंने बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जो सबूत उन्होंने खोजा है, वह 'परमाणु बम' है और जब यह फटेगा तो ईसी के पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी। उनके इस हमले का जवाब बिहार विधानसभा चुनाव में मिल चुका है। ये कोई सोची-समझी सियासत नहीं, बल्कि एक संकीर्ण मानसिकता है। अब तक का इतिहास है कि अगर किसी राज्य में विपक्ष की सरकार बन जाती है, तो ईवीएम ठीक है और यदि नहीं बनती, तो ईवीएम खराब है, चुनाव आयोग खराब है आदि के आरोप लगाए जाते हैं। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। संसद में उनका ओहदा पीएम जैसा ही है। बेहतर हो कि वे अपनी साख बचाने के लिए जनता की अदालत में जाएं, लेकिन ऐसा नहीं होता। हां यात्रा निकालने में राहुल गांधी जरूरी पारंगत हैं, लेकिन उन यात्राओं से भी क्या हुआ। न कभी जनता की समस्याएं जानने का प्रयास किया, न उनकी समस्याओं को सरकार के पास ले जाने का प्रयास किया। अब नौकरशाहों ने साफ कह दिया है कि राहुल गांधी ने धमकी भी दी है कि ईसी में ऊपर से नीचे तक जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके मुताबिक ईसी देशद्रोह कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त रिटायर हो जाएं, तो भी वे उनका पीछा नहीं छोड़ेंगे।


### परिवार समाज की नींव



कुछ दानाजीवी मीडिया हाउस हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं, साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं, परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है, भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं, जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे परिवार शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## राजनीतिक रूप से विखंडित व नाजुक इराक में पीएम पद के लिए पैरवी शुरू



एम हसन

तीन प्रमुख संप्रदायों-शिया, सुन्नी और कुर्द -के 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का पैटर्न भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्येक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस साल की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का नतीजा लग रहा था।


इराक में मुख्य शिया गठबंधन के बहुमत वाले गुट के रूप में उभरने के बावजूद, वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी के बीच नेतृत्व के लिए आंतरिक लड़ाई शुरू हो गई है। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे (सीएफ) गठबंधन ने घोषणा की है कि उसने बहुमत वाला गुट बना लिया है, जो अंततः अगले प्रधानमंत्री का नामांकन करेगा। अल-सुदानी के अपने समूह-पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन-ने 329 सदस्ईय संसद में 46 सीटें हासिल की हैं, जबकि मलकी की पार्टी-द स्टेट ऑफ लॉ-29 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि उन्होंने 2021 में खोई हुई सत्ता वापस पाने के लिए सुन्नी-प्रभुत्व वाले गुट से समर्थन मांगा है। प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल चाह रहे सुदानी के इस कदम ने शिया गुटों के समन्वय ढांचे के गठबंधन को संसद में 175 सीटों का स्पष्ट बहुमत दिया है, लेकिन बेहद जटिल और अत्यधिक खंडित इराकी राजनीतिक व्यवस्था में, जिसमें शिया-सुन्नी और कुर्द ताकतें परस्पर विरोधी उद्देश्यों से काम कर रही हैं, केवल पर्याप्त सीटें प्राप्त करना देश में शीर्ष पद पाने की गारंटी नहीं है। चूंकि अमेरिका और ईरान इराकी राजनीतिक व्यवस्था में गहराई से शामिल हैं, वे नेतृत्व के चुनाव को सीधे प्रभावित करते हैं। 2022 से अपने पहले कार्यकाल के दौरान अल सुदानी ने इन ताकतों को खुश रखने के लिए एक उच्च संतुलनकारी खेल खेला है, हालांकि ईरान के प्रति उनका झुकाव अमेरिका को पसंद नहीं आया है। इराक में सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया बलों की भी सरकार गठन में भूमिका है। 2003 में सद्दाम हुसैन के शासन के पतन के बाद, विरोधी राजनी. तिक ताकतों ने देश में सत्ता के बंटवारे की एक अनौपचारिक व्यवस्था की थी। इस प्रकार, इराक में परंपरा के अनुसार (कोई संवैधानिक अनिवार्यता नहीं) एक शिया मुसलमान प्रधानमंत्री का पद धारण करता है, एक सुन्नी संसद का अध्यक्ष होता है और मोटे तौर पर औपचारिक राष्ट्रपति पद एक कुर्द को मिलता है। गौरतलब है कि शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र इस दौड़ से बाहर हैं क्योंकि उनकी पार्टी ने 11 नवंबर को हुए संसदीय चुनावों का बहिष्कार किया था। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन बताया जाता है कि उनके समर्थकों ने बगदाद, कर्बला और नजफ में उनके प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शिया समूहों को वोट दिया था। अल-सद्र अस्वीकृतिवादी खेमे के सबसे प्रमुख प्रवक्ता हैं। उन्होंने चुनावों का बहिष्कार करने के अपने फैसले की जोरदार घोषणा की थी और राजनीतिक प्रतिष्ठान को भ्रष्ट और असुधार्य बताया था। वह शिया-सुन्नी और कुर्द के बीच सत्ता के बंटवारे के फार्मूले का समर्थन नहीं करते हैं। वह संसद में सबसे बड़ी पार्टी को सारी शक्तियां दिए जाने के पक्ष में हैं। उत्तरी शहर दुहोक में पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सुदानी ने कहा कि उनका गठबंधन पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन, समन्वय ढांचे का हिस्सा है, जिसने सबसे बड़ा गुट बनाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा कार्यकाल चाहना व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि इस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के बारे में है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, सुदानी ने इराक में पुनर्निर्माण और स्थिरता का संकल्प लेते हुए नीतियों का पालन किया था। उन्होंने आगे कहा कि नए प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति के नाम पर प्रमुख दलों के बीच बातचीत शुरू होगी। इराक में शिया, सुन्नी और कुर्द दलों के बीच चुनाव के बाद की बातचीत आमतौर पर महीनों तक चलती है और संवैधानिक समय-सीमाएं अक्सर चूक जाती हैं, लेकिन चूंकि इराक ने दशकों के युद्ध के बाद हाल ही में कुछ स्थिरता हासिल की है, इसलिए प्रमुख दलों को उम्मीद है कि जनवरी में नई संसद के गठन से पहले वे एक पूर्ण पैकेज समझौते - प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति - पर पहुंच जाएंगे। पिछली बार तीन समूहों- शिया-सुन्नी और कुर्द-के बीच बातचीत एक साल तक चली थी और आखिरकार अल सुदानी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया था।

अल सुदानी की पार्टी अब 46 सीटों के साथ पहले स्थान पर आ गई है, उसके बाद पूर्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद अल-हलबौसी के नेतृत्व वाली सुन्नी प्रोग्रेस पार्टी है, जिसने 36 सीटें जीती हैं। नूरी अल-मलिकी के नेतृत्व वाले स्टेट ऑफ लॉ गठबंधन ने 29 सीटें हासिल की हैं। इराक के मुख्य रूप से सुन्नी पश्चिम और उत्तर से समर्थन प्राप्त करने वाली तकदुम पार्टी ने 27 सीटें जीती हैं और कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (केडीपी) ने 26 सीटें हासिल की हैं। सभी राज्यों में कई छोटे समूह भी हैं। 329 सीटों में से 83 सीटें महिलाओं के लिए, पांच ईसाइयों के लिए और तीन अन्य अल्पसंख्यक जातीय समूहों के लिए आरक्षित हैं। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे ने कहा कि उसने औपचारिक रूप से खुद को सबसे बड़े संसदीय ब्लॉक के रूप में नामित किया है, जिसमें उसके सभी शिया घटक दल एक साथ हैं तीन प्रमुख संप्रदायों - शिया, सुन्नी और कुर्द - का 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का स्वरूप भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्एक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस वर्ष की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का परिणाम प्रतीत होता है। सुदानी दूसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे, लेकिन कई निराश युवा मतदाताओं ने चुनाव को केवल स्थापित दलों द्वारा इराक की तेल संपदा को विभाजित करने के साधन के रूप में देखा। मौजूदा असंतोषजनक स्थिति को लेकर मतदाताओं की उदासीनता, विशेष रूप से शिया वर्ग में, मौलवियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फतवा जारी करने के लिए तैनात किया गया था। बहुसंख्यक शिया समुदाय पड़ोसी सीरिया, लेबनान, ईरान में राजनीतिक घटनाक्रम और गाजा में नरसंहार से भी भयभीत था। ऐसी आशंका थी कि शिया समुदाय इराक में सत्ता खो देगा। सीएफ के भीतर, इस चुनाव में कई असहम. तियां हैं। सीरिया के प्रति सरकार की नीति, ईरान के प्रति निष्ठा, ईरान-गठबंधन वाले लोकप्रिय मोबि. बलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) के बारे में एक निरस्त कानून सीएफ के अंतर्गत तीन समूह पीएमएफ के भी सदस्य हैं अमेरिका द्वारा नामित असैब अहल अल-हक (ए.ए.एच) और कताइब हिजबुल्लाह (के.एच.), साथ ही बद्र कोर, लेकिन सबसे बड़ी दरार नूरी अल-मलिकी और अल-सुदानी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। दोनों में से किसी ने भी चुनाव के बाद सरकार बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को छुपाया नहीं है। हालांकि चुनाव अभियान विभिन्न शिया गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित थे, अल-सुदानी और अल-मलिकी दो प्रतिद्वंद्वी ध्रुवों का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन अब जीत ने अल-सुदानी की स्थिति को और मजबूत कर दिया है, लेकिन अल-मलिकी और उनके कानून के राज्य गठबंधन ने अल-सुदानी के प्रधानमंत्री कार्यकाल को कमजोर करने के लिए कई मुद्दों पर जोर दिया है। उन्होंने चुनावों के जरिए बाथिस्टों की सत्ता में गुप्त वापसी पर चिंता जताई है और सैकड़ों उम्मीदवारों को, सही या गलत, डी बाथिफिकेशन कानूनों के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। अल-सुदानी के विरोधियों ने चुनाव प्रचार में सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल की निंदा की है और अप्रत्यक्ष रूप से उन पर चुनाव प्रचार के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उनके आला. ेचकों ने मौजूदा सरकार के तीन साल बाद सेवाओं की खराब स्थिति, सीरिया में नई सुन्नी सरकार के साथ अल-सुदानी के संबंधों और प्रधानमंत्री और अन्य अरब देशों के बीच मधुर संबंधों की भी आलोचना की है, जिन्हें सीएफ के प्रभावशाली सदस्य इराक में शिया वर्चस्व के लिए शत्रुतापूर्ण मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## क्या अब पूरे देश में शुरु होगी चुनाव पूर्व रेवड़ी वितरण नीति

**विपक्षी दलों के लिए ही प्रधानमंत्री की ए नसीहत थी और इन सबसे बड़ा सवाल अब भविष्य के चुनावों के लिए खड़ा हो गया है कि क्या अब भविष्य के चुनाव का आधार भी चुनाव पूर्व नकद वितरण ही हुआ करेगा ? क्या बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार जैसे अनेक जनहितकारी मुद्दे अब चुनावी मुद्दे नहीं हुआ करेंगे ? नैतिक रूप से तो कर्ज मुआफी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं देना भी मुनासिब नहीं परन्तु आश्चर्य तो यह है कि पीएम को योजनाएं रेवड़ी नजर आ रही थीं तो बिहार में चुनाव के दौरान ही बिना किसी योजना के नकद पैसे बांटकर सीधे तौर पर वोट खरीदना कहां की नैतिकता है ?**



निर्मल रानी

बिहार चुनाव परिणाम आ चुके हैं। परिणामों को लेकर तरह तरह से समीक्षाएं की जा रही हैं। विपक्ष तो इस चुनाव को जनादेश के बजाए ज्ञानादेश कहकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर ही सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ समीक्षकों की नजरों में धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के कारण ऐसे परिणाम आए तो कुछ का आंकलन है कि महिला मतों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा की। मगर सच तो यह है कि जिसतरह के चुनाव परिणाम आए हैं उसका अंदाजा स्वयं भारतीय जनता पार्टी को भी नहीं था क्योंकि गृह मंत्री अमितशाह ने भी अब की बार 160 की विजय सीमा निर्धारित की थी, जबकि 202 सीटों पर राजगश ने फतेह हासिल की। महिलाओं द्वारा राजग के पक्ष में किए गए बंपर मतदान को लेकर यही कहा जा रहा है कि जिस समय चुनाव की घोषणा के दिन आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए बिहार में लगभग 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10000 रुपये डाले गए थे उसी समय से यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि चुनाव का रुख नितीश सरकार के पक्ष में जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए प्राप्त धनराशि को केंद्र सरकार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए डायवर्ट किया और उन्हीं पैसों को राज्य की महिला मतदाताओं में बांट दिया गया। यही पैसे लगभग डेढ़ करोड़ महिला मतदाताओं के खाते में 10,000 रुपए प्रति खाते की दर से हस्तानांतरित कर दिए गए। गोया लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों की भारी अनुमानित रकम रेवड़ियों की तरह बांट दी गई। चुनाव पूर्व श्रेवड़ी आवंटनश का यही फार्मूला जिसे सीधे शब्दों में पैसे देकर वोट खरीदना भी कहा जा सकता है, पूर्व में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में विभिन्न योजनाओं के नाम पर और अब बिहार में नकद वितरण के रूप में सफलता पूर्वक आजमाया जा चुका है। चुनाव घोषित होने के बावजूद आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए सरकारी खजाने से लोगों के खातों में बड़ी राशि डालने का सीधा अर्थ है वोट खरीदना और चिंताजनक यह है कि यह अनैतिक व गैर कानूनी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा खुले तौर पर किया गया। सवाल यह है की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी बांटने के इस चलन को लेकर दिए गए प्रवचन क्या केवल विपक्ष के लिए ही थे स्वयं उनकी भाजपा या राजग दलों के लिए नहीं? याद कीजिए जब जुलाई 2022 को लखनऊ में एक कार्यक्रम में मोदी जी फरमाते हैं कि ये रेवड़ी बांटने की संस्कृति देश के लिए बहुत खतरनाक है। जो रेवड़ी बांट रहे हैं, वो आपके बच्चों का हक मार रहे हैं। यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास को खा जाएगी। फ्री की रेवड़ी बांटकर वोट लेने की होड़ देश को दीवालिया बना देगी। यह आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। प्रधानमंत्री तो मुफ्त के रेवड़ी कल्चर से इतना आहत थे कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी उन्हें इसका जिक्र करते हुए कहना पड़ा था कि हमें रेवड़ी कल्चर से बचना होगा जो देश को तबाह कर देगा। उस समय उन्होंने राज्य सरकारों विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा आदि जैसी योजनाएं चुनावी लाभ के लिए लाई जा रही हैं, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी खासतौर पर उस समय की दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि की गैर बीजेपी सरकारों की मुफ्त योजनाओं के संदर्भ में की गई थी, परन्तु उपरोक्त योजनाएं जिसे प्रधानमंत्री रेवड़ी बता रहे थे इसमें बिजली पानी बस यात्रा जैसी सुविधाएं तो थीं परन्तु बिहार की तरह 10 हजार रुपये बिना किसी योजना के बैंक खतों में डालना, जिसे सीधे तौर पर पैसे देकर वोट खरीदने के सिवा और क्या कहा जा सकता है ऐसी कोई योजना नहीं थी? फिर मोदी जी का रेवड़ी संस्कृति को लेकर लाल किले तक से रुन्दन करना आखिर बिहार में कहां चला गया?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व



यशपाल बालियान

जिले में सर्वखाप महापंचायत मुख्यालय के गांव सोरम में बीते 16 नवम्बर से शुरु हुई 3 दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का आयोजन हुआ। सोरम में हुई इस महाप. ंचायत में दर्जनों खाप चौधरियों और थाम्बेदारों के साथ कई राज्यों के लोगों ने शिरकत की। कई खापों के चौधरी की इसमें शिरकत को लेकर शिकायत भी रही कि इस सर्वखाप महापंचायत का आयोजन विधिसम्मत तरीके से खाप चौधरियों के साथ चर्चा करके नहीं किया गया और कहा गया कि भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर महापंचायत में सर्वखाप पंचायत के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु जन समुदाय की उपस्थिति दिखाना ही इस महापंचायत का निहित एजेंडा है। फलस्वरूप कई खाप चौधरियों ने इसमें शिरकत नही की। फिर भी सोरम गांव के ऐतिहा. सिक महत्व के दृष्टिगत वेस्टर्न यूपी के जिलों के लोगों का यहां की धरती के प्रति आस्था के चलते बड़ी संख्या में आना हुआ। अन्य राज्यों के बाशिंदों की हाजिरी भी सोरम की धरती पर इस पंचायत में बड़ी संख्या में दिखी। सोरम गांव की धरती प्राचीन काल से ही संत महात्माओं की भूमि मानी गई है और इस गांव में सर्वसमाज की चिंता करने वाले कई बुद्धिमान व बलवान महापुरुष पैदा हुए हैं। यहां की पंचायत ने मुगल काल के समय से ही बड़े-बड़े निर्णय लेकर हर कालखंड में समाज की चिंता की व मुश्किलों को दूर किया। इसलिए यहां की भूमि को सिद्ध देवभूमि माना जाता है। इस महापंचायत में




पधारे स्थानीय और अन्य राज्यों से आए लोगों का समस्त बालियान खाप व सोरम गांव ने दिल खोलकर स्वागत किया और आगंतुकों एवं अतिथियों को इस 3 दिवसीय आयोजन में रहने, खाने इत्यादि संबंधी कोई भी समस्या नहीं होने दी। यही इस सोरम गांव व बालियान खाप का ऐतिहासिक पंचायती स्वरूप है जिसकी तह में मेहमानों की आव भगत अतिथि देवो भव की सोच के साथ सर्वोपरि रहती है। उम्मीद है कि सोरम की पवित्र धरती पर पधारे सब आमजन व अतिथि एक सुखद अनुभव यहां से लेकर गए होंगे। इस सर्वखाप की महापंचायत से ए तो साबित हो गया कि सर्व खाप पंचायत व सोरम के नाम पर यदि लोगों को एकत्र करने का आह्वान किया जाता है तो उसमें लोग सर्व समाज का भला होने का सपना लेकर अवश्य पहुंचते हैं हालांकि इस बार की पंचायत में लोगों में यह जरुर चर्चा रही कि जो रोल व वर्चस्व महापंचायत के आयोजन में बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत व सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान का दिखाना चाहिए था वह वैसा दिखाई नहीं दिया अपितु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राक. ेश टिकैत ने ही सब मोर्चा संभाला हुआ था लेकिन यह सब बातें बातें रह जाती हैं क्योंकि राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं जो बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत के छोटे भाई हैं और नरेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भी हैं तो ऐसे में बालियान खाप के लोगों के साथ संपूर्ण परिवार का सक्रिय रहना अच्छी बात है। इस महापंचायत के आयोजन और समापन के बीच में कुछ ऐसे विषय रहे जो समाज की .ष्टि से महत्वपूर्ण हैं और उनमें चर्चा व परिचर्चा अवश्य होती रहेगी लेकिन महत्वपूर्ण यहां यह है कि सर्व समाज और गांवों को एकजुट रख उत्थान कार्य रुकने नहीं चाहिए। उत्थान व विकास कार्यों की प्रक्रिया अनुकरणीय बनी रहनी चाहिए। सोरम गांव की इस पवित्र धरती से भाईचारे, एकजुटता व सर्व समाज को सुदृढ़ और सुंदर बनाने हेतु स्वस्थ परंपराओं के साथ सामाजिक निर्णय समय समय पर लिए जाते रहने चाहिएं जिससे सामाजिक बुराइयां पनपने न पाएं और समय के साथ स्वस्थ परिवर्तनों को समाज अंगीकार कर प्रगति के साथ आगे बढ़कर देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता रहे। अब सर्वखाप महापंचायत का समापन हो गया है और सभी खाप चौधरी, थांबेदार, जिम्मेदार व्यक्ति व अतिथि अपनी अपनी खापों में अपने अपने निवास स्थान पर लौट गए हैं अब सभी का नैतिक दायित्व महापंचायत में सर्व सम्मति से लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने के लिए पहल करने का रहेगा। कुछ निर्णय ऐसे भी हैं जिसमें सरकार व न्यायालय के सहयोग और स्वीकृति की भी आवश्यकता होगी उन पर विधिवत तरीकों से आगे बढ़ा जा सकता है लेकिन जो निर्णय सीधे समाज के हाथ में हैं उसमें जागरूकता पैदा कर उनका क्रियान्वयन किया जाना सर्व जाति एवं सर्व समाज को एकजुट, स्वस्थ व प्रगतिशील बनाए रखने के लिए जरुरी है। जहां तक गांव सोरम की बात है यहां बहुत सी बातों को गांव का सर्व समाज पहले से ही अंगीकार किए हुए हैं। जिसकी बानगी यहां के क्रिया कलापों में स्पष्ट झलकती है। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान इसी गांव सोरम के निवासी हैं तो यह उन पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी कि उनका यह गांव खाप व्यवस्था के हिसाब से सामाजिक मूल्यों का हमेशा केंद्र बना रहे और गांव सोरम में निरंतर आयोजित होने वाली गांव की आम व खास पंचायत में लिए गए निर्णय न केवल जिले बल्कि पास के जिलों में भी सामाजिक मूल्यों को बढ़ाने का कार्य करते रहें। सर्वखाप मंत्री व बालियान खाप चौधरी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है उन्हें अपनी खाप में इन निर्णयों को लागू कराकर अन्य खापों को प्रोत्साहित करने वाला संदेश देना होगा। सोरम गांव हमेशा से सामा. जिक मूल्यों में विश्वास रखकर उनको बढ़ावा देता रहा है और हमेशा यहां कुछ अच्छे कार्यों की शुरुआत कर सर्व समाज को बड़ा मैसेज देने का प्रयास रहता है। जिससे अच्छी बातों का अनुसरण होकर समाज सहिष्णु और प्रगतिशील बना रहे। हम सब ग्रामीण महापंचायत के समापन के बाद इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि हमें पंचायत में लिए गए निर्णयों को गांव के सर्व समाज के लोगों को जागरुक कर धरातल पर उतारकर गांव के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था व विश्वास के चलते अच्छा कार्य होने के बारे में सुनने की अपेक्षा को पूरा करना है। मुझे उम्मीद है कि हमारा गांव महापंचायत के बाद एक अच्छी सामाजिक व्यवस्था, समझ व जिम्मेदारी को निरुपित करता दिखाई देगा और उसका असर न केवल जिले तक सीमित रहेगा बल्कि वेस्टर्न यूपी के साथ उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों तक भी अनुकरण होता दिखाई देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने राफेल की बिक्री रोकने को कैंपेन चलाया

## अमेरिकी रिपोर्ट में दावा: भारत-पाक संघर्ष के दौरान एआई से बनी फर्जी तस्वीरें कराईं वायरल

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया।

यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का फायदा उठाया और अपने हथियारों की खूबियां दिखाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने फ्रांस के राफेल फाइटर जेट की बिक्री रोकने और अपने जे-35 लड़ाकू विमानों के प्रचार के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स चलाए। इन अकाउंट्स से एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। रिपोर्ट में कई रिस्क बताए गए हैं, जो अमेरिका के लिए आर्थिक, तकनीकी और



■ चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम हैं। रिपोर्ट बताती है कि चीन एडवांस टैक्नोलाजीज (जैसे एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स) में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें बताया गया है कि चीन जरूरी कच्चे माल, टेक्नोलाजी पर कंट्रोल रखता है। ऐसे में वह सप्लाई चेन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट में चीन के रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ पार्टनरशिप को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन कई देशों के साथ आर्थिक-सैन्य रणनीतिक रिश्ते मजबूत कर रहा है, जिससे उसकी वैश्विक पहुंच और शक्ति बढ़ रही है। रिपोर्ट में चीन-निर्मित ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम (जैसे बैटरियां) पर चिंता जताई गई है, खासकर वे सिस्टम जिसमें रिमोट मानिटरिंग की सुविधा है। चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है। यूएससीसी एक बायपार्टिजन आयोग है, यानी इसे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों पार्टियों ने मिलकर बनाया है, ताकि संतुलित तरीके से चीन-अमेरिका के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों की निगरानी की जा सके। इस बार की रिपोर्ट में चीन की नीतियों, उसकी आर्थिक क्षमता, सैन्य चुनौती, टेक्नोलाजी प्रतिस्पर्धा और सप्लाई चेन समेत कई महत्वपूर्ण जोखिमों पर चर्चा की गई है। रिपोर्ट का मकसद कांग्रेस और अमेरिकी नीति निर्माताओं को सिफारिशें देना है कि वे चीन के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें।

## अमेरिका-रूस यूक्रेन समझौते पर बना रहे हैं 'नई योजना'

**मास्को।** अमेरिका और रूस यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने के उद्देश्य से गुपचुप तरीके से एक 'नई योजना' पर काम कर कर रहे हैं। यह जानकारी एक्सियोस ने रूसी और अमेरिकी सूत्रों के हवाले से बुधवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित 28 सूत्री अमेरिकी योजना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सफल गाजा समझौते के प्रयासों से प्रेरित है और इसे चार मुख्य विषयों के इर्द-गिर्द रखा गया है जिसमें यूक्रेन में शांति, सुरक्षा गारंटी, यूरोपीय सुरक्षा और रूस-यूक्रेन के साथ भविष्य के अमेरिकी संबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी ने इस योजना को लेकर आशा व्यक्त की है जबकि यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों की प्रतिक्रिया अभी प्राप्त नहीं है।



बीकानेर। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बारे में लोगों से बातचीत करते बूथ लेवल अधिकारी।

## एरिक ट्रम्प ने ममदानी को भारत और यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रह वाला बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की आलोचना करते हुए दावा किया है कि ममदानी कम्युनिस्ट हैं और वह भारत-विरोधी और यहूदी-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। एरिक ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज पर एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि दुनिया में कोई भी जगह न्यूयॉर्क शहर का मुकाबला नहीं कर सकती, और फिर भी आपके पास एक समाजवादी, कम्युनिस्ट, चाहे आप इसे जो भी नाम देना चाहें, मौजूद है जो नेतन्याहू को गिरफ्तार करना चाहता है, यहूदियों से नफरत करता है, भारतीय आबादी से नफरत करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे।** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया।

### जापान में भीषण आग, 175 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप पर स्थित ओइता शहर में भीषण आग लगने से आवासीय भवनों सहित 170 संरचनाएं नष्ट हो गई जिसके बाद 175 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। एनएचके प्रसारक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग मंगलवार शाम को लगी और तेज हवाओं के कारण शहर में फैल गई। एनएचके के अनुसार आज सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका और यह आग पास के पहाड़ी जंगल में भी फैल गई है।

### रूसी वायु रक्षा बल ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आजोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र और क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आजोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया।

### जर्मनी, स्वीडन रक्षा सहयोग मजबूत करेंगे

**मास्को।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा है कि जर्मनी और स्वीडन ने सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर चौबीसवें बर्लिन सुरक्षा सम्मेलन के बाद किया गया है। पिस्टोरियस ने मंगलवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि यह समझौता नाटो में संयुक्त प्रशिक्षण, आधुनिक प्रौद्योगिकियों की खरीद और परस्पर कार्यक्षमता के लिए आधार तैयार करता है। पिस्टोरियस ने याद किया कि स्वीडन पहले ही नाटो में शामिल हो चुका है।

# भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार

## तकनीक के भी बिना शर्त ट्रांसफर करने का दावा, एसयू- फाइटर विमान अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़

**मास्को।** रूस, भारत को एसयू-स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रास्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू- की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। अमेरिका लंबे समय से भारत को एफ-35 बेचना चाह रहा है। रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं।

सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। जब भारत पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी रूस ने भारत की सुरक्षा के लिए हथियार सप्लाई करना जारी रखा था। उन्होंने कहा कि आज भी हम वही पालिसी अपना रहे हैं। भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू- को भारत में ही



■ भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं: सेर्गेई
■ रूस का कहना है कि एसयू- की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी

### 2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलर: जयशंकर

**मास्को।** भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं। एस जयशंकर ने कहा कि ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। एस जयशंकर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ महीनों से इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए लगातार काम चल रहा था। येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है।

बनाया जा सकता है। रूस ने भारत को टू-सीटर एसयू- बनाने की जाइंट प्लानिंग का भी प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि यह सब भारत में बिना किसी विदेशी प्रतिबंध की चिंता के किया जा सकेगा। कई दशक से रूस भारत का प्रमुख मिलिट्री सप्लायर रहा है। फाइटर जेट्स और सबमरीन से लेकर मिसाइल सिस्टम और हेलिकाप्टर्स तक रूस भारत को मुहैया कराता रहा है। भारत कोएसयू-तकनीक मिलने का मतलब है कि भारत भविष्य में अपनाएसयू- वर्जन बना सकता है। तकनीक ट्रांसफर करना सामान्य बात नहीं है। खासकर लड़ाकू विमान जैसे हाई-एंड डिफेंस सिस्टम में। दरअसल फाइटर जेट टेक्नोलाजी दुनिया की सबसे सीक्रेट और संवेदनशील तकनीक होती है। फाइटर जेट सिर्फ एक मशीन नहीं है बल्कि यह किसी भी देश की सैन्य ताकत, इंजिनियरिंग क्षमता और स्ट्रेटेजिक बढ़त का प्रतीक है। एसयू-57 जैसी 5वीं पीढी की मिसाइल में स्टील्थ डिजाइन, एवियोनिक्स, सेंसर फ्यूजन, इंजन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम जैसी चीजें शामिल होती हैं। यह ऐसी तकनीक होती है जिसे देश आसानी से शेयर नहीं करते, क्योंकि एक बार तकनीक शेयर हो जाने पर उसकी कापी बनना आसान हो जाता है। चीन जो कि रूस का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर है उसे भीएसयू-की तकनीक नहीं दी गई है। रूस ने चीन को सिर्फ एसयू-35 फाइटर दिया है, वह भी बिना इंजन टेक्नोलाजी ट्रांसफर के। तकनीक ट्रांसफर ना होने से खरीदार देश को कई तरह के नुकसान होते हैं। अगर तकनीक नहीं मिलती है तो खरीदार देश को मेंटेनेंस, रिपेयर, स्पेयर पार्ट्स और अपग्रेड के लिए हमेशा विदेशी देश पर निर्भर रहना पड़ता है।

# सऊदी अरब के पैसे से बसाया जाएगा गाजा

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने व्हाइट हाउस में कहा कि उनका देश गाजा को फिर से बसाने के लिए पैसा खर्च करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खर्च करने की रकम कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पत्रकार जमाल खशोगी हत्या मामले में प्रभावी तौर पर क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस में एमबीएस के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी।

ट्रम्प ने कहा खशोगी बहुत विवादित व्यक्ति थे। इस मुद्दे को उठाकर मेहमान को शर्मिंदा क्यों किया जा रहा है। ऐसी चीजें होती रहती हैं। खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या कर दी गई थी। अमेरिकी सीक्रेट एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रिंस सलमान ने ही खशोगी की हत्या को मंजूरी दी थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु सहयोग और एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौते हुए। पत्रकार ने ट्रम्प से पूछा कि अमेरिकी खुफिया विभाग दावा करता है कि प्रिंस सलमान ने खशोगी की क्रूर हत्या की साजिश रची थी। ऐसे में आपके परिवार का सऊदी में व्यापार करना क्या सही है? ट्रम्प ने पत्रकार को बीच में टोकते हुए पूछा-आप कहां से आई हैं? पत्रकार ने जवाब दिया-एबीसी न्यूज से हूं। ट्रम्प ने कहा- फेक न्यूज, एबीसी फेक न्यूज। इस बिजनेस में सबसे बुरे संस्थानों में से एक। ट्रम्प ने आगे कहा: मेरा पारिवारिक बिजनेस से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा परिवार पूरी दुनिया में बिजनेस करता है। इस बीच, जमाल खशोगी की विधवा ने टीवी पर आकर कहा कि उनके पति के मामले में अभी न्याय अधूरा है और वह उनके शरीर को वापस लाने की मांग करती हैं।



■ बदले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जर्नलिस्ट मर्डर केस में क्राउन प्रिंस को क्लीन चिट दी

# ट्रम्प ने सऊदी अरब के साथ साझेदारी को मजबूत किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच मंगलवार को हुई वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

सऊदी अरब ने अमेरिका में अपनी निवेश प्रतिबद्धता को बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने की घोषणा की। यह राशि मई 2017 में राष्ट्रपति ट्रम्प की रियाद यात्रा के दौरान घोषित 600 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से लगभग दोगुनी है। व्हाइट हाउस ने इस समझौते को एक बड़ा कदम बताया है जो अमेरिका-सऊदी रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर करेगा और उच्च वेतन वाली अमेरिकी नौकरियों के अवसरों का विस्तार करेगा। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा, क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा और अमेरिकी श्रमिकों, उद्योग और सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। प्रमुख उपलब्धियों में असैन्य परमाणु सहयोग समझौता, महत्वपूर्ण खनिजों के सहयोग में प्रगति और एक एआई समझौता ज्ञापन शामिल हैं। ये समझौते अमेरिकी लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाले सौदे हासिल करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ए समझौते ट्रम्प प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व मंच पर एक अग्रणी के रूप में मजबूत करते हुए हमारे आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करते हैं।

## क्राउन प्रिंस ने अमेरिका में 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और व्यापक आर्थिक एवं सैन्य समझौतों की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अमेरिका में सऊदी निवेश को 600 अरब डॉलर से बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस में क्राउन प्रिंस का भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान, ट्रम्प ने 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या को लेकर क्राउन प्रिंस का बचाव किया और जोर देकर कहा कि सऊदी अरब के वास्तविक शासक को इस हत्या के बारे में 'कुछ भी पता नहीं था'। अमेरिका और सऊदी अरब ने एक असैन्य परमाणु समझौते और एफ-35 विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी।

# लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले

## पीओके के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी।

एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉडयूल ने 10 नवम्बर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था। हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने



■ हक ने पहलगाम में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया

कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉडयूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। यह मॉडयूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। चौधरी अनवरुल हक ने इस हमले को भी पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

# इमरान खान की बहनों को सड़क पर घसीटा

## जेल में बंद भाई से मिलने नहीं दिया, पुलिस ने बदसलूकी की, जबरदस्ती हिरासत में लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर



■ पीटीआई ने कहा: इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है

ले जाने की कोशिश की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सिर्फ खान की बहनें ही नहीं, बल्कि खैबर प्रांत की मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शाहिद खटक और कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी पुलिस ने मारपीट की। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है, लेकिन सरकार इन मुलाकातों को जुल्म और दबाव का तरीका बना रही है। पार्टी की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अलीमा और उज्मा, नोरीन को संभालते दिखती हैं, जो बेहद घबराई हुई नजर आती हैं। अलीमा कहती हैं कि उन्हें सड़क पर घसीटा गया। एक और वीडियो में नोरीन बताती हैं कि महिला पुलिसकर्मियों ने उनके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक बैठे थे और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अचानक ऐसा क्यों किया गया। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था। अलीमा खान भाई इमरान खान की चैरिटेबल वेलफेयर संस्थाओं से जुड़ी हैं। डा. उज्मा खान क्वालिफाइड सर्जन हैं।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में अल्जीरिया के राष्ट्रपति से मिलेंगे मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह के अंत में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। फ्रांसीसी अखबार जर्नल डू डिमांचे ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने मंगलवार को कहा कि हालांकि फ्रांस और अल्जीरिया के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है लेकिन मैक्रों इस आगामी सप्ताहांत जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन 22-23 नवम्बर को जोहान्सबर्ग में होगा। फ्रांस और अल्जीरिया के बीच संबंध तब खराब हो गए जब 2024 के अंत में पुरस्कार विजेता अल्जीरियाई लेखक बौआलेम संसल, जिन्होंने 2024 में फ्रांसीसी नागरिकता प्राप्त की थी, को अल्जीरिया में हिरासत में लिया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108